प्रकाशन का सफलतम 17 वां वर्ष

**सुविचार**

सफलता की राह तक
ले जायेंगे संदीप माहेश्वरी के
ये प्रेरणादायक विचार,
जानिए कौन से है वो.!!!

श्रीमद भगवद गीता

www.purvanchalsurya.com

आवाज आज की, नज़र कल पर

# पूर्वांचल सूर्य

रांची > दिल्ली > देवघर से प्रकाशित

RNI No.- JHAHIN/2007/24306



10

वर्ष - 17 | अंक 232 | दैनिक | रांची | शनिवार 6 अप्रैल 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00

# कांग्रेस के मेनिफेस्टो में 5 न्याय और 25 गारंटी

**● महिला से बेरोजगार तक सबके लिए किए बड़े वादे ● लोकसभा चुनाव के लिए जारी कर दिया घोषणा पत्र**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने शुक्रवार को 2024 लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में अपना घोषणापत्र जारी किया। इस दौरान पार्टी अध्यक्ष खड़गे, सोनिया, राहुल और मेनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष पी. चिदंबरम मौजूद थे। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने शुक्रवार को 48 पेज का घोषणा पत्र जारी किया। दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में सोनिया, राहुल, खड़गे और मेनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष पी चिदंबरम ने 5 न्याय और 25 गारंटी का ऐलान किया। पार्टी के घोषणा पत्र में मजदूरी 400 रुपए दिन करने, गरीब परिवार की महिला को साल में 1 लाख रुपए देने, एमएसपी को कानून बनाने और जाति जनगणना कराने का जिक्र है। कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में युवा, महिला, मजदूर और किसान पर फोकस किया है। इन सभी वर्गों के लिए अलग-अलग तरह की स्कीम्स का वादा



किया गया है। पार्टी ने कहा है कि उसका घोषणा पत्र वर्क, वेल्थ और वेलफेयर पर आधारित है। यहां वर्क के मायने रोजगार, वेल्थ के मायने आमदनी और वेलफेयर के मायने सरकारी स्कीम्स के फायदे दिलाना है। वन नेशन वन इलेक्शन का विरोध। लोकसभा और विधानसभा चुनाव तय समय पर ही करवाएंगे। मतदान ईवीएम के जरिए होंगे, लेकिन वीवीपैट की पर्ची से मिलान किया जाएगा। 10वीं अनुसूची में संशोधन का वादा। इसके तहत दलबदल करने पर विधानसभा या संसद की सदस्यता खुद समाप्त हो जाएगी। पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां सख्ती से कानून के अनुसार काम करेंगी। हर मामले को संसद या राज्य विधानमंडलों की निगरानी में लाया जाएगा। राहुल गांधी ने कहा- यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। एक तरफ एनडीए और प्रधानमंत्री मोदी हैं जो संविधान और लोकतंत्र पर आक्रमण कर रहे हैं और दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन है जो संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करता है। कांग्रेस पार्टी ने अपने मेनिफेस्टो में बुजुर्गों को रेलवे में रियायत देने का वादा किया है। कोरोना के बाद से केंद्र सरकार ने इसे लगभग खत्म कर दिया है। देशभर के लिए 25 लाख रुपए तक फ्री इलाज की योजना कुल बजट का 4 फीसदी स्वास्थ्य के लिए देने का वादा किया है।

# एमपी में इंडिया गठबंधन को वोटिंग से पहले तगड़ा झटका

**● सपा उम्मीदवार का नामांकन फॉर्म रिजेक्ट, वीडी शर्मा से था मुकाबला**



**भोपाल (एजेंसी)।** खजुराहो लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार मीरा यादव का बड़ा झटका लगा है। मीरा यादव के फॉर्म को रिजेक्ट कर दिया गया है। यह सीट कांग्रेस ने गठबंधन के तहत समाजवादी पार्टी को दी थी। इस सीट से बीजेपी ने एमपी बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। वीडी शर्मा 2019 में भी इसी सीट से चुनाव जीते थे। समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी मीरा दीपनारायण यादव ने गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल किया था। शुक्रवार को उनके फॉर्म को रिजेक्ट कर दिया गया है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, खजुराहो लोकसभा सीट से सपा की उम्मीदवार मीरा यादव का फॉर्म रिजेक्ट कर दिया गया है। फॉर्म में हस्ताक्षर नहीं किया गया था इसके साथ ही मतदाता सूची में नाम को लेकर वोटर लिस्ट की प्रमाणित कॉपी संलग्न नहीं की गई थी। नामांकन फॉर्म रिजेक्ट होने के बाद सपा नेता पन्ना कलेक्टर के पास पहुंचे हैं।

# लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक में बीजेपी को मजूबती

**● निर्दलीय सांसद सुमलता अंबरीश आईं साथ, किया बीजेपी ज्वाइन**

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के मांड्या से निर्दलीय सांसद सुमलता अंबरीश शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गईं। भाजपा के सीनियर नेता बीएस येदियुरप्पा, कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक, कर्नाटक में चुनाव प्रभारी व राष्ट्रीय महासचिव राधा मोहन दास अग्रवाल और पूर्व मुख्यमंत्री डीवी सदानंद गौड़ा उन लोगों में शामिल थे, जिन्होंने 60 वर्षीय सुमलता का भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पार्टी में स्वागत किया। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कर्नाटक में हुए सीट-बंटवारे के समझौते के तहत भाजपा राज्य की 28 लोकसभा सीट में से 25 पर और जद(एस) मांड्या सहित शेष तीन सीटों पर चुनाव लड़ेगी। मांड्या सीट से पूर्व मुख्यमंत्री एच. डी कुमारस्वामी मैदान में हैं। अभिनेत्री से नेता बनीं सुमलता ने बुधवार को कहा था कि वह आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी और भाजपा में शामिल होंगी।

# चीन की नई चाल से पूरी दुनिया में मची खलबली

**● अमरीका समेत दुनियाभर की इंडस्ट्री पर खतरे का साया**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकॉनमी वाला देश चीन इन दिनों आर्थिक मोर्चे पर कई तरह की चुनौतियों का सामना कर रहा है। देश की इकॉनमी की रीढ़ माने जाने वाला



रियल एस्टेट सेक्टर एक तरह से डूब गया है। चीन की जीडीपी में इसकी करीब 30 फीसदी हिस्सेदारी है। रियल एस्टेट के डूबने से पूरी इकॉनमी के डूबने का खतरा पैदा हो गया है। इसकी भरपाई के लिए चीन ने अब दूसरा रास्ता पकड़ लिया है। चीन तेजी से इलेक्ट्रिक गाड़ियां बनाने में काम आने वाले कलपुर्जे और सोलर पैनल बना रहा है। चीन में जितनी डिमांड है, उससे दोगुना ज्यादा उत्पादन किया जा रहा है। अमेरिका समेत पूरी दुनिया के बाजारों में इस माल को खपाया जा रहा है। इसके लिए इंडस्ट्री को भारी सब्सिडी दी जा रही है। चीन की यात्रा पर पहुंची अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने भी चेतावनी दी है कि इंडस्ट्री के लिए बीजिंग की सब्सिडी दुनिया के लिए खतरा पैदा कर सकती है। येलेन एक साल से भी कम समय में दूसरी बार चीन की यात्रा पर आई हैं। गुरुवार को वह चीन के दक्षिणी शहर ग्वांगझू पहुंचीं।

# यूपी के 16 हजार मदरसों से टल गया संकट

**● सुप्रीम कोर्ट ने लगा दी एचसी के फैसले पर रोक**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश मदरसा एजुकेशन ऐक्ट को रद्द करने वाले इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने मदरसा संचालकों की ओर से दायर अर्जी पर सुनवाई करते हुए यह फैसला दिया है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मदरसा ऐक्ट को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि यह असंवैधानिक है और सेकुलरिज्म के खिलाफ है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली तीन जजों की बेंच ने इस मामले में केंद्र सरकार और यूपी सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा भी इस बेंच में शामिल थे। बेंच ने कहा, मदरसा बोर्ड का उद्देश्य नियामक है। इलाहाबाद हाई कोर्ट का यह कहना पहली नजर में ठीक नहीं है कि मदरसा एजुकेशन बोर्ड का गठन करना सेकुलरिज्म के खिलाफ है। बता दें कि बीते सप्ताह ही इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने यूपी सरकार को आदेश दिया था कि वह मदरसे के छात्रों को आम स्कूलों में ट्रांसफर करे और उनका नामांकन कराए। इलाहाबाद हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने कहा था कि सरकार के पास यह पावर नहीं है कि वह धार्मिक शिक्षा के लिए बोर्ड का गठन करे। इसके अलावा सरकार स्कूली शिक्षा के लिए किसी ऐसे बोर्ड का भी गठन नहीं कर सकती, जिसके तहत किसी खास मजहब और उसके मूल्यों की ही शिक्षा दी जाती हो। हाई कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ मदरसा अजीजिया इजाजुतूल उलूम के मैनेजर अंजुम कादरी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इससे पहले 22 मार्च को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने यूपी मदरसा एक्ट 2004 को असंवैधानिक करार देते हुए निरस्त कर दिया था। इसके बाद यूपी में संचालित किए जा रहे करीब 16 हजार मदरसों की मान्यता को योगी सरकार ने खत्म कर दिया था।



# भारतीय सेना का एयर डिफेंस हुआ और मजबूत

**आकाशतीर सिस्टम अब करेगा हिफाजत, हांफने लगे दुश्मन**

**देश भर में आपात हवाई पट्टियों का जाल बिछाने की योजना**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना अपनी ताकत को और ज्यादा बढ़ाने की कोशिशों में लगातार जुटी हुई है। इसी कड़ी में, सेना ने एयर डिफेंस को मजबूत के लिए प्रोजेक्ट आकाशतीर के तहत कंट्रोल एंड रिपोर्टिंग सिस्टम को शामिल करना शुरू कर दिया है। इस सिस्टम की तैनाती गुरुवार को बीईएल गाजियाबाद से कंट्रोल सेंटर्स के पहले बैच को हरी झंडी दिखाने के साथ शुरू हुई। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की ओर से यह तकनीक विकसित की गई है। इस प्रोजेक्ट का मकसद सेना के वायु रक्षा तंत्र की ऑपरेशन क्षमता को बढ़ाना है। एक सूत्र ने कहा, आकाशतीर प्रोजेक्ट एक अत्याधुनिक पहल है जिससे पूरी प्रक्रिया को डिजिटल बनाने का लक्ष्य है। इसे एयर डिफेंस कंट्रोल एंड रिपोर्टिंग प्रोसेस को ऑटोमेटिक करने के लिए डिजाइन किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, रक्षा मंत्रालय ने बीईएल के साथ इस सिस्टम को डेवलप करने के लिए 1982 करोड़ रुपये का करार किया था। इस एयर डिफेंस सिस्टम में सेंसर और रडार नेटवर्क लगे हुए हैं, जो दुश्मन के विमान को लेकर तुरंत अलर्ट जारी करते हैं।




# उन्हें लगता है कि राम का नाम लिया तो राम-राम न हो जाए

**मोदी बोले-कांग्रेस ने राम मंदिर पर एडवाइजरी जारी की, अपने लोगों से मुंह पर ताला लगाने को कहा**

**चूरू (एजेंसी)।** राजस्थान के चूरू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीते 10 साल में हमने कई काम किए हैं, लेकिन ये बहुत कम है। अभी तक जो मोदी ने किया है, वो तो सिर्फ बड़ी होटलों में मिलने वाला स्टार्टर (एपेटाइजर) है, अभी तो खाने की पूरी थाली बाकी है। उन्होंने तीन तलाक पर कहा कि यह कानून हमारी मुस्लिम बहनों की मदद कर रहा है। वे यह समझें कि यह तीन तलाक आपके जीवन पर तो खतरा था ही, मोदी ने आपकी रक्षा तो की है, लेकिन मोदी ने हर मुस्लिम परिवार की भी रक्षा की है। प्रधानमंत्री ने राममंदिर, भ्रष्टाचार और परिवारवाद पर कांग्रेस व विरोधियों को घेरा। पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने तो राममंदिर पर एडवाइजरी जारी की है। अपने लोगों से मुंह पर ताला लगाने को कहा है। उन्हें लगता है कि भगवान राम पर कुछ बोला तो कहीं राम-राम न हो जाए। चूरू से भाजपा ने पैरालंपियन देवेंद्र झाझड़िया को उतारा है। वहीं, कांग्रेस ने भाजपा छोड़कर हाल ही में पार्टी का दामन थामने वाले राहुल कस्वां को टिकट दिया है। मोदी ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से कहा- मैं सार्वजनिक रूप से आपसे प्रार्थना करता हूं। चुनाव का समय है। सबके अपने काम है। वरिष्ठ नेताओं को दौड़ने की जरूरत नहीं है। कोई छोटा कार्यकर्ता भी रहेगा तो चलेगा। मोदी भी छोटा है, उसके बगल में ही बैठ जाएगा। मोदी ने कहा कि



इनके मन में रहता है कि प्रधानमंत्री आएं और हम नहीं जाएंगे तो कैसा लगेगा। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि आप मेरी चिंता छोड़ दीजिए। मेरे हर कार्यक्रम में आपमें से बहुत कम लोगों को पता है कि देवेंद्र झाझड़िया और मेरा बहुत पुराना नाता है। मैं जब पहली बार उनसे मिला तो उनकी मां की बातें मेरे मन को छू गई। मुसीबतों से गुजारा करने वाली मां अपने बेटे को देश की सेवा के लिए प्रेरित करती है। देवेंद्र ने भारत का सम्मान बढ़ाया है। देवेंद्र को टिकट देने के पीछे मोदी का मकसद यही था कि गरीब मां के सपने पूरे होने चाहिए। हिंदुस्तान के खेल जगत के बेटे-बेटियों को प्रोत्साहन मिले। इसका प्रतीक देवेंद्र झाझड़िया है। देवेंद्र ने सिर्फ गरीबी से लड़ाई नहीं लड़ी, दुनिया में देश का डंका बजाया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के एक सांसद के घर से 300 करोड़ रुपए मिले हैं और क्या-क्या होगा वो अभी बाकी है। ईडी ने दस साल में भ्रष्टाचारियों से एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति जब्त की है। ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए, ऐसे लोगों की जिंदगी जेल में बीतनी चाहिए। मैं इन परिवारवादियों से कहना चाहता हूं कि कितने भी झूठ फैला हो, मोदी डरने वाला नहीं है। कांग्रेस सिर्फ अपना हित देखती है। ये वही लोग हैं, जिन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर का सम्मान नहीं किया। आपातकाल लगाया।

# अब स्कूली बच्चे नहीं पढ़ेंगे बाबरी ढांचा गिराने की घटना

**एनसीईआरटी ने बदला 12वीं का सिलेबस, तीन जगह किए बदलाव**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के 12वीं क्लास के बच्चे अब राजनीति शास्त्र की किताबों में बाबरी ढांचे के विध्वंस को नहीं पढ़ेंगे। एनसीईआरटी ने किताब में तीन जगह बदलाव का फैसला लिया है, जहां पर 6 दिसंबर 1992 को बाबरी ढांचे के विध्वंस का जिक्र किया गया था। इसकी बजाय राम मंदिर आंदोलन को विस्तार से पढ़ाया जाएगा। इसके अलावा किन आधारों पर सुप्रीम कोर्ट ने राम मंदिर को लेकर फैसला दिया था, यह भी पढ़ाया जाएगा। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक अगले महीने यानी मई से जो नई किताब आएगी, उसमें यह बदलाव दिखेंगे। एनसीईआरटी ने अकादमिक वर्ष 2024-25 के लिए ये बदलाव किए हैं। सीबीएसई बोर्ड को इसकी जानकारी दी गई है। केंद्र सरकार को स्कूली शिक्षा पर सलाह देने वाली और सिलेबस तैयार करने वाली संस्था एनसीईआरटी समय-समय पर किताबों में बदलाव भी करती रहती है। हर साल करीब 4 करोड़ छात्र एनसीईआरटी की स्कूली किताबें पढ़ते हैं। एनसीईआरटी ने चैप्टर 8 में यह बदलाव किया है, जिसका शीर्षक है- भारत में आजादी के बाद राजनीति। राजनीति शास्त्र की किताबों में इस चैप्टर को 2006-07 से शामिल किया गया है। इसमें भारत की राजनीति की उन 5 अहम घटनाओं का जिक्र किया गया है, जो आजादी के बाद घटित हुईं।



# कश्मीर में जमीन खरीदने वाला पहला राज्य बना महाराष्ट्र

**● पर्यटकों के लिए बनेगा गेस्ट हॉउस और घूमने के लिए रुक सकेंगे लोग**

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में 2.5 एकड़ जमीन खरीदने वाला है, ऐसा करने वाला यह पहला राज्य है। यहां पर्यटकों के लिए गेस्ट हाउस और राज्य भवन बनेगा, जिस पर लगने वाली लागत ।8.16 करोड़ है। महाराष्ट्र सरकार यह जमीन श्रीनगर के बाहरी इलाके श्रीनगर के बाहरी इलाके बडगाम में खरीदेगी। महाराष्ट्र अपने पर्यटकों के लिए पर्यटक सुविधा का लक्ष्य के रखकर जम्मू और कश्मीर में जमीन खरीद कर इतिहास रचने के लिए तैयार है। यह पहल, पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने का एक प्रयास है। जमीन खरीदने की यह प्रक्रिया पिछले वर्ष जून में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की केंद्र प्रदेश की यात्रा के बाद शुरू हुई थी, जहां उन्होंने राज्यपाल मनोज सिन्हा के साथ चर्चा की थी। आर्टिकल 370 के निरस्त होने से पहले, पूर्व राज्य में जमीन खरीदना केवल जम्मू और कश्मीर के स्थायी निवासियों तक ही सीमित था। लेकिन, सरकार के पास बिजनेस इंडस्ट्री और सामान्य व्यक्तियों को 99 साल के टाइम पीरियड तक के लिए जमीन लीज पर देने का अधिकार था। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने अपने बजट स्पीच में श्रीनगर और अयोध्या में दो महाराष्ट्र भवन बनने की प्लानिंग शेयर की थी।

# लोकसभा चुनाव से पहले ‘द केरल स्टोरी’ अब पर गरमाई राजनीति

**सीएम पिनराई विजयन ने दूरदर्शन पर दिखाने से की रोक की मांग**

**तिरुअनंतपुरम (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले बॉलीवुड फिल्म द केरल स्टोरी को लेकर राजनीति एक बार फिर से गरमा गई है। केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने इसे दूरदर्शन पर प्रसारित करने से रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, दूरदर्शन की ओर से ध्रुवीकरण को बढ़ावा करने वाली फिल्म द केरल स्टोरी को प्रसारित करने का निर्णय बेहद निंदनीय है। राष्ट्रीय समाचार प्रसारक को भाजपा-आरएसएस की प्रचार मशीन नहीं बनना चाहिए और इस फिल्म की स्क्रीनिंग नहीं करनी चाहिए। जो केवल आम चुनाव से पहले सांप्रदायिक तनाव को बढ़ाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि केरल नफरत फैलाने के ऐसे दुर्भावनापूर्ण प्रयासों का दृढ़ता से विरोध करता रहेगा। केंद्रीय मंत्री वी. मुरलीधरन ने इसे लेकर केरल के सीएम पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा, द केरल स्टोरी एक ऐसी फिल्म है जिसे सेंसर बोर्ड ने अनुमति दी है। वामपंथी हमेशा से कहते रहे हैं कि हम अभिव्यक्ति की आजादी के पक्ष में हैं। ऐसे में मुझे समझ नहीं आता कि जब ऐसी फिल्म प्रसारित हो रही है तो उन्हें चिंता क्यों हो रही है। उन्होंने कहा कि वामपंथी को बेतुके आरोप लगाने के लिए जाना जाता है। मालूम हो कि दूरदर्शन ने 5 अप्रैल को रात 8 बजे फिल्म द केरल स्टोरी को टेलीकास्ट करने का फैसला किया है।



# ईडी की चार्जशीट के बाद रिकॉर्ड रूम से चोरी जमीन घोटाले को छुपाने की साजिश : प्रतुल शाहदेव

वरीय संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला।श्री शाहदेव ने कहा कि झारखंड में जो जमीन लूट के बड़े-बड़े कारनामे हुए है,उसका कवर अप ऑपरेशन अभी जारी है। ईडी की चार्जशीट के तुरंत बाद रिकॉर्ड रूम से किया चोरी जमीन घोटाले को छुपाने की बड़ी साजिश है।प्रतुल ने कहा यह अविश्वसनीय है कि रिकॉर्ड रूम से जमीन के कई दस्तावेजों को अलमारी के ताले तोड़कर चुरा लिया गया। इस परिसर में पुलिस कर्मियों की हमेशा तैनाती रहती है।प्रतुल ने कहा के जैसे-जैसे जमीन लूट की दास्तान खुलती जा रही है,एक के बाद एक सफेदपोश बेनकाब होते जा रहे हैं।प्रतुल ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मांग की कि वह अविलंब इस मुद्दे पर सीबीआई जांच का आदेश दें।वरना उनकी पूरी सरकार शक के दायरे में आ जाएगी।जिस परिसर में पुलिसकर्मी मौजूद है वहां ऐसी चोरी कैसे हो गई ?वह भी तब जब ईडी जमीन लूट से संबंधित कागजात की ही जांच कर रही है।



प्रतुल ने कहा कि ईडी की चार्जशीट के बाद तो हेमंत सोरेन और बढ़ागाई की 8.86 एकड़ जमीन की लूट का सीधा नाता जुड़ता हुआ दिख रहा है।कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा बार-बार कहती थी कि हेमंत सोरेन को जमीन से कोई लेना-देना नहीं है। लेकिन चार्जशीट ने नेक्सस को स्पष्ट कर दिया कि यह उनकी ही बेनामी संपत्ति है। प्रतुल ने कहा कि चार्जशीट में है कि भानु प्रताप अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर जमीन कब्जा का सिंडिकेट चलता था ।उसके यहां जब छापा पड़ा तो एक ब्राउन रंग की फाइल भी बरामद हुई जिसमें बडगांई एवं अन्य जमीनों से संबंधित कागजात बरामद हुए। प्रतुल ने कहा पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विनोद के बीच के बीच चैट में इसी लालू खटाल ,बरियातू एरिया में मैरिज हॉल के बनने का नक्शा भेजा गया है और इस पूरे इलाके में इतनी बड़ी कोई दूसरी जमीन नहीं है।प्रतुल ने कहा कि कि बैजनाथ मुंडा और श्यामल पाहन जो आरोपी राजकुमार पाहन के रिश्तेदार भी हैं,उन्होंने कहा है कि यह जमीन हेमंत सोरेन की कब्जे में 2010 से रही है। केयरटेकर संतोष मुंडा ने तो कहा कि 14- 15 वर्षों से जमीन हेमंत की है।प्रतुल ने कहा कि अब सीओ मनोज कुमार ने स्पष्ट कहा है कि उन्हें मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार पिंटू के प्रधान सचिव उदय शंकर के द्वारा इस जमीन को वेरीफाई करने के लिए कहा गया। इस बात की पुष्टि अभिषेक पिंटू के प्रधान सचिव उदय शंकर और खुद अभिषेक पिंटू ने ईडी को दिए गए अपने बयानों में किया है। बल्कि पिंटू ने तो यह भी कहा है कि हेमंत सोरेन की दो और जमीनों को वेरीफाई करने के लिए उदय शंकर को कहा था।

ईडी ने जो फाइल जब्त किए हैं उसमें सीएमओ अर्जेंट, भुइहरी लिखा है।ये लिखा होना ही पूरी लूट की कहानी को बयां करता है। जो ईडी ने कागज जप्त किया उसमें।एक बहुत ही सनसनीखेज कागज है। जिसमें इसी जमीन के पंजी दो का ब्लैंक पेज से रैयत का नाम गायब था। यानी उसमें हेमंत सोरेन का नाम जोड़े जाने की तैयारी थी। प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिव पूजन पाठक भी उपस्थित थे।

## इंजीनियर अरविंद कुमार सिंह बने क्लब के वरीय संरक्षक



**वरीय संवाददाता ,रांची।** छात्र क्लब ग्रुप एवं विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के संयुक्त तत्वावधान मे प्रभात फेरी निकाल कर मतदाता जागरूकता अभियान रातु रोड एवं कमड़े मे क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा के अध्यक्षता मे चलाया गया।

विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के मुख्य संयोजक संतोष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस मौके पर अतिथि विशिष्ट अतिथि डीएवी शिक्षा दीप के निदेशक शिवनंदन पाठक एवं प्रख्यात स्पाईन चिकित्सा विज्ञान विशेषज्ञ डॉक्टर आर.के.हाजरा,कुमार राजीव रंजन,राजकिशोर राणा,अशोक कुमार राणा,डॉ.दुर्गा लाल शर्मा, डॉ.सुरेश शर्मा,सुभाष कुमार, सुबोध कुमार शर्मा आदि मौजूद थे।

अपने संबोधन में निदेशक शिवनंदन पाठक ने कहा हमारा देश भारत एक लोकतांत्रिक देश है मतदान करना हमारा सबसे बड़ा अधिकार है।मतदान के प्रयोग से हम स्वस्थ छवि वाले जनप्रतिनिधि चुनते हैं और ये जनप्रतिनिधि ही हमारी आवाज लोकसभा तक पंहुचाने का कार्य करते हैं।अपने मताधिकार का प्रयोगकर देश एवं राज्य के विकास में अवश्य भागीदारी बने।

डॉक्टर राजेंद्र कुमार हाजरा ने कहा *चुनाव का पर्व देश का गर्व* मतदान केंद्र में गड़बड़ी की आशंका हो तो गोपनीय तरीके से प्रशासन के पास शिकायत दर्ज अवश्य करें।

शिव किशोर शर्मा ने कहा हमारे देश में युवा मतदाता सबसे ज्यादा हैं युवा मतदाता ही वोट प्रतिशत बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाते हैं अतः चुनावी पर्व में युवाओं को आगे आना होगा।

इंजीनियर अरविंद कुमार सिंह ने कहा चुनाव के दिन प्रातः उठकर सबसे पहले मतदान करें फिर जलपान करें।

तत्पश्चात ऐसे मतदाता जो अपने बूथ केंद्र तक आने-जाने में असमर्थ हैं चुनावी धर्म निभाते हुए उन्हें बूथ केंद्र तक पहुंचाने की व्यवस्था करें।

संतोष कुमार ने कहा चुनाव में किसी भी धर्म समुदाय,जाति विशेष अथवा किसी तरह की प्रलोभन में ना पड़े,बहकावे अथवा लालच मे ना आवे और निष्पक्ष,शांतिपूर्ण ढंग एवं स्वेच्छा से मतदान करें वहीं क्लब के संरक्षक कुमार राजीव रंजन ने कहा अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें साथ ही अन्य मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करें।

प्रभात फेरी के दौरान
*क्लब एवं मंच ने ठाना है,
*मतदान प्रतिशत बढ़ाना है,
छोड़ के सारे काम पहले करें अपना मतदान ,
वोट जरुर डालेंगे चुनाव धर्म निभाएंगे आदि
नारे लगाए गए।

इसके पूर्व खरवार आदिवासी एकता संघ के अध्यक्ष इंजीनियर अरविंद कुमार सिंह को मानव कल्याण एवं स्वास्थ्य चिकित्सा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए *विश्वकर्मा हुनर सम्मान से सम्मानित किया गया एवं रामनवमी पूजा की शुभकामनाएं दी गई और उन्हें छात्र क्लब ग्रुप का वरीय संरक्षक बनाया गया।

विदित हो इंजीनियर अरविंद कुमार सिंह जी के कार्यकाल में इनके देख रेख झारखंड में अनेक धरोहर स्थापित हुई है जो हमेशा यादगार बनी रहेगी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की इकाई पर्यावरण मंच, बुद्धिजीवी मंच,कला संस्कृति एवं खेलकूद मंच,प्रौद्योगिकी मंच, चिकित्सा मंच,श्रमिक कल्याण मंच,कृषक कल्याण मंच,बाल गोपाल मंच,चाय विक्रेता मंच,हरे राम हरे कृष्ण मंच एवं विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के अनेक पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## वन क्षेत्र के हजारों एकड़ में फैली हुई है आग, बुझाने के लिए मशीन और सामग्री की कमी

### महुआ चुनने के लिए जंगलों में लगाई जा रही आग, नष्ट हो रहे हैं पेड़-पौधे



**पूसू प्रतिनिधि,बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के जंगलों में महुआ चुनने के लिए ग्रामीण आग लगा रहे हैं। छोटे-छोटे पौधे, झाड़ियां, जंगली औषधियां जलकर नष्ट हो जा रहे हैं। बार-बार जंगल में आग लगने के कारण जंगल का घनत्व कम होते जा रहा है। जंगल में वर्तमान समय में भी कुछ औषधियां उपलब्ध है जिनका प्रयोग लोग करते हैं। जैसे हडजओर, गएेठई, टोना , जंगली कोहड़ा, गुलर आदि। लोग कहते हैं कि हड़जोड़ को शरीर के हड्डी के स्थान पर सिर्फ बांध देने से हड्डी जुट जाती है।

जंगल में आग लगने के कारण जंगली जीव-जंतु पक्षी को भी भारी नुकसान हो रहा है जिसके कारण इनकी संख्या में कमी होता जा कमी जा रही है। इस दिशा में। समिति के सदस्य लोग 5 वर्षों से लगातार सक्रियता के साथ कार्य कर रहे है। कुलेश्वर कुमार का कहना है कि महूदी पहाड़ हजारों एकड़ में फैला हुआ है जैसे महुदी, मिर्जापुर, प्लांडु, खपिया, कांडतरी, पंडरिया, सीकरी, निरी इत्यादि का जंगल जो एक दूसरे जंगलों से जुड़ा हुआ है। जब एक पहाड़ पर आग लगता है तो धीरे-धीरे पूरा पहाड़ में आग फैल जाता है जिसके कारण हम लोगों को आग बुझाने में ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## जेसीआई रांची यूथ का रक्तदान शिविर सात अप्रैल को

**वरीय संवाददाता ,रांची।** जेसीआई रांची यूथ द्वारा रविवार( सात अप्रैल ) को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 तक अपर बाजार स्थित सेवा सदन मे रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। रक्तदान शिविर के संयोजक मनीषा सोंथालिया और गुणीत सिंह बनाए गए हैं।जेसीआई यूथ की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने युवा वर्ग से आग्रह किया है कि रक्तदान शिविर मे बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर अधिक से अधिक संख्या मे लोग रक्तदान करे ताकि जरूरतमंदों की जिन्दगी बचा सके।उन्होंने रक्तवीरों से निवेदन किया है कि संदेशों के माध्यम से अपने मित्रों और परिचितों को रक्तदान के लिए उत्साहित करें।

## जीतू यादव बने रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष

**पुसू प्रतिनिधि, हजारीबाग।** विश्व प्रसिद्ध रामलला की जन्मदिन पर सदियों से हजारीबाग रामनवमी पूजा बड़े धूमधाम से मनाया जाता रहा है। जो हजारीबाग का सबसे बड़ा त्यौहार के रूप में गांव देहात से लेकर शहरों तक लोगों की उत्साह उमंग रहती है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी पूजा महासमिति का प्रजातांत्रिक ढंग से चुनाव हुआ। जिसमें हुडहुडु निवासी जीतू यादव अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मित कुमार को 11 मतों से पराजित कर अध्यक्ष पद पर विजय हुए। रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष पद के लिए कुल पांच उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। जिसमें जीतू यादव को 66 मत, मित कुमार को 54 मत, विशाल वाल्मीकि को 50 मत, मुकेश मेहता को 28 मत, दीपक कुमार को 12 मत, एवं एक मत रद्द हो गया। कुल मिलाकर 211 मतदान किया गया और रामनवमी पूजा महासमिति में झांकियां निकाली जाएगी।नये अध्यक्ष जीतू यादव ने बताया कि अन्य वर्ष की भांति इस वर्ष भी शांतिपूर्वक आपसी सौहार्द के साथ रामनवमी पूजा मनाया जाएगा। जिसमें आम जनता एवं प्रशासन को किसी भी प्रकार की परेशानी की सामना न करना पड़े। इसके लिए हम एवं हमारे समिति के लोग भरपूर सहयोग करेंगे।

## झारखंड के जमीन लुटेरों के खिलाफ सख्त कदम उठाये सरकार - बंधु तिर्की

वरीय संवाददाता

**रांची ।** झारखंड के पूर्व मंत्री सह प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखंड के जमीन लुटेरों, दलालों, जालसाजों, सम्बंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से झारखंड की जमीन लूटने का कारनामा चरम पर है। इसका प्रमाण लैंड रिकॉर्ड रूम में चोरी की है। श्री तिर्की ने कहा कि यह सामान्य चोरी की घटना नहीं है बल्कि इसकी पृष्ठभूमि में वैसे जमीन दस्तावेजों को गायब करने की चाल है, जिसमें जमीन माफिया तत्वों की मिलीभगत से हेरफेर किया गया है और जालसाजी साफ-साफ पकड़ी जा सकती है।

श्री तिर्की ने कहा कि जिस प्रकार से चार सुरक्षाकर्मियों के रहते हुए रात के समय में खिड़की के ग्रिल को काटा गया या फिर जिस प्रकार से शाम 5 बजे से सुबह 10 बजे तक सीसीटीवी कैमरे के बंद होने का समाचार मीडिया में आया है, उससे यह स्पष्ट है कि जमीन माफिया अपनी साजिश के तहत वैसे दस्तावेजों की चोरी करना चाहते थे, जहां जालसाजी कर साज़िसपूर्ण बदलाव किया गया है। श्री तिर्की ने कहा कि रिकॉर्ड रूम की इंचार्ज और उपसमाहर्ता स्मृति कुमारी द्वारा कोतवाली थाने में दर्ज करायी गयी प्राथमिक में भी यही अंदेशा व्यक्त किया गया है कि जमीन के दस्तावेज में बदलाव और छेड़छाड़ किया गया है और यह बात अपने-आप में यह बताने के लिये काफी है कि आज झारखण्ड में जमीन लूट किस प्रकार बेधड़क जारी है। श्री तिर्की ने कहा कि इतने महत्वपूर्ण स्थल पर अवस्थित जिला अभिलेखागार कार्यालय में चोरी की इस वारदात को अपराधियों ने जितने आसानी से अंजाम दिया है, उसे देखते हुए यह समझा जा सकता है कि शहरी क्षेत्रों या फिर दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में वे किस प्रकार से जमीन लूटते होंगे? श्री तिर्की ने अंदेशा जताया कि लूट में इस कार्यालय के कर्मियों, अधिकारियों और सुरक्षा गार्ड की साज़िश साफ नज़र आती है। उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और सुरक्षा गार्ड को तुरंत बर्खास्त कर गिरफ्तार करने और उनकी संपत्ति की जांच के साथ ही उनके सभी संपर्कों और संलिप्तता की जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से की है।

## श्री श्याम मंदिर में पापमोचनी एकादशी व्रत धूमधाम से आयोजित

वरीय संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में पापमोचनी एकादशी के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भक्तिमय वातावरण में हुआ। एकादशी के अवसर पर प्रातः से ही मंदिर में भारी संख्या में भक्तजन पधारने लगे थे । फूलों से श्रृंगार करके प्रातः 8 ꞉30 बजे श्रृंगार आरती की गई दोपहर 12꞉30 बजे मंदिर पट लगा करके खाटू नरेश रिद्धि सिद्धि शिव परिवार हनुमान जी लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी गरुड़ जी गुरुजनों व प्राचीन तैल चित्रों का कोलकाता से मंगाए गए विशेष फूलों तथा लाल गुलाब रजनीगंधा मुरूगन पीला गेंदा लाल गेंदा तुलसीदल की मोटी मोटी फूल मालाओं से मंदिर के सभी गर्भ ग्रह को सजाया गया। इसके पहले खाटू नरेश को नवीन बागा ( पोशाक ) पहनाकर गुलाब के विशेष रूह से बाबा श्याम का मसाज किया गया ।



मंदिर के आचार्य की टोली ने सभी गर्भ ग्रह को अनुपम रूप से सजाया गया । श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि पापमोचनी एकादशी के अवसर पर द्वितीय विशेष श्रृंगार का दर्शन करने पट खुलते ही बड़ी संख्या में भक्तों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए ।

एकादशी संकीर्तन

साथी हमारा कौन बनेगा,
देखु जिधर उधर ही मेरे श्याम का नजारा से गूंजा श्याम मंदिर

हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में सैकड़ो भक्तों की उपस्थिति में रात्रि 9꞉30 बजे से पापमोचनी एकादशी का मुख्य कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। श्री श्याम दरबार के बाहर साकेत ढानढनिया नेहा ढानढनिया ने खाटू नरेश की अखंड ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा दूध रबड़ी संतरा फल नारियल विभिन्न मिष्ठान पंचमेवा मगही पान का भोग अर्पित कर बाबा की चौखट पर अपना मथा टेका। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनौली ने पूजन अनुष्ठान करवाया। अन्नपूर्णा सरावगी ने राबड़ी प्रसाद संजय कुमार शिखा कुमारी शौर्य कुमार ने विशेष श्रृंगार सेवा अभिषेक सरावगी ने पंचमेवा एवं एक भक्त ने फल प्रसाद की सेवा निवेदित की। इसके बाद मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में 3 घंटे का भजन कीर्तन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। झरिया के सुप्रसिद्ध भजन गायक कृष्णा अग्रवाल ने बाबा के दरबार में भजनों का गायन कर सभी को भाव विभोर कर भक्ति की गंगा में डुबोए रखा।

श्रवण ढानढनिया श्याम सुंदर शर्मा गौरव अग्रवाल मोनू अनुज मोदी सलज अग्रवाल सोनू साकेत ढानढनिया पंकज गाड़ोदिया अनिल नारनौली किशन शर्मा दिनेश अग्रवाल रोशन खेमका अरविंद सोमानी रौनक पोद्दार अभिषेक सरावगी निखिल नारनौली विशाल पोद्दार राजेश सिंह संजय सर्राफ रतन शर्मा स्नेह पोद्दार आदि ने ढोलक झांझ करताल ऑर्गन की गूंज स्वर के साथ एक से बढ़कर एक भजनों का गायन करके बाबा श्याम को रिझाया। देर रात महाआरती की गई । अखण्ड ज्योति प्रज्वलित तथा भोग चढ़ाने के बाद निरंतर प्रसाद का वितरण किया जाता रहा । पूरा मंदिर खाटू नरेश की जय जयकारों से गूंज रहा था। सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

## डेटॉल ने अपनी सफलता का जश्न के साथ नई मुहिम शुरू की

**रांची।** कीटाणुओं से रक्षा करने वाला भारत के सबसे भरोसेमंद ब्रांड डेटॉल ने भारत की सफलता की कहानी का जश्न मनाते हुए एक नई मुहिम शुरु की है। उपभोक्ताओं को सुरक्षा प्रदान करने और उनके बढ़ते सपनों का सपोर्ट करने के वादे के साथ तीन फिल्मों बढ़ती भारतीय महत्वाकांक्षाओं को दिखाती हैं। यह मुहिम बड़े 100 ग्राम डेटॉल बार साबुन ( मल्टी-पैक ) के लॉन्च को दर्शाती है, जो सभी के बीच स्वच्छता को बढ़ावा देने और भारतीय सपनों को हकीकत में बदलने के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। नई मुहिम में, डेटॉल भारतीय उपभोक्ताओं के सपनों को हासिल करने में समर्थन की अपनी प्रतिज्ञा को दोहराता है। नए 100 ग्राम डेटॉल बार साबुन ( मल्टी-पैक ) की पेशकश के साथ, डेटॉल का लक्ष्य देश के साथ अपनी रिश्तों को मजबूत करना और अपने उपभोक्ताओं को बीमारी पैदा करने वाले कीटाणुओं से सुरक्षा प्रदान करके भारत के समग्र विकास में योगदान देना है। डेटॉल ने दशकों से उपभोक्ताओं को कीटाणुओं से बचाने का काम बखूबी किया है, जिससे वे निडर होकर अपने सपनों को पूरा करने और सभी बाधाओं से लड़ने में समर्थ हो पाते है। भारत में उपभोक्ताओं ने डेटॉल पर हमेशा भरोसा दिखाया है और इसे अपना भरपूर समर्थन दिया है, जिससे आज यह घर-घर में सुरक्षा और स्वच्छता का पर्याय बन गया है। मुहिम की फिल्में युवाओं की माताओं और शिक्षकों की आंखों के माध्यम से इन प्रतिभाशाली बच्चों के सपनों की बात करती हैं, जो लक्ष्य को पाने में उनकी सफलता की कल्पना करती हैं।

## 50 वर्ष का जश्न मना रहा मोबिल 1 मोटर ऑयल

**रांची।** एक्सॉन मोबिल को वैश्विक बाजार में मोबिल 1 मोटर ऑयल की शुरूआत करने के 50वीं वर्षगांठ मनाने पर गर्व है। 2024 में एक्सॉन मोबिल की साझेदारी, मोटरस्पोर्ट्स और आभासी वास्तविकता में पहल की एक श्रृंखला के साथ मोबिल 1÷ ब्रांड के अपने 50 साल के इतिहास का जश्न मनाएगा, जिनमें से प्रत्येक ब्रांड की विरासत और आने वाले समय की चीजों को उजागर करेगा।

पहले पूर्ण सिंथेटिक ऑटोमोटिव मोटर ऑयल के रूप में शुरुआत करने और फिर मोबिल 1 ब्रांडेड तेलों की श्रृंखला में विस्तार करने के बाद मोबिल 1 ब्राड गैस-संचालित और हाल ही में, हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक कारों के इंजन की सुरक्षा में सबसे आगे रहा है, और पिछले पांच दशक से बेजोड़ गुणवत्ता और प्रदर्शन प्रदान कर रहा है। आज, मोबिल 1 नवाचार, सहयोग और ग्राहकों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ दुनिया का अग्रणी सिंथेटिक मोटर ऑयल ब्रांड है। इस प्रतिष्ठित ब्रांड के साथ, एक्सॉन मोबिल इंजन सुरक्षा और प्रदर्शन के भविष्य को आकार देना जारी रखने के लिए उत्साहित है।

## अलविदा जुमा की नमाज अदा कर मांगी अमन चैन की दुआ

**प्रतिनिधि,रांची।** मुस्लिम समुदाय के पवित्र माह रमजानुल मुबारक महीने के आखरी जुमा की नमाज रांची की सभी मस्जिदों में अपने अपने निर्धारित समय पर अदा की गई। रांची के जामा मस्जिद अपर बाज़ार में आखरी अलविदा जुमा की नमाज मुफ्ती तलहा नदवी ने डेढ़ बजे अदा कराई। इस महीने का अलविदा जुमा होने के कारण बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। मुस्लिम समुदाय के पवित्र माह रमजानुल मुबारक महीने के आखरी जुमा की नमाज रांची की सभी मस्जिदों में अपने अपने निर्धारित समय पर अदा कराई गई। रमजानुल मुबारक महीने के बारे में विस्तार से जामा मस्जिद के खतीब मुफ्ती तलहा नदवी, हववारी मस्जिद के खतीब मुफ्ती कमर आलम कासमी ने कहा है कि रमजान का महीना बड़े ही रहमतों और बरकतों का महीना होता है। इसमें तीन असरे होते हैं। एक असरा रहमत का, दूसरा मगफिरत का और तीसरा आग से खलासी का जो अभी चल रहा है। इस आखरी असरे में कुरान पाक नाजिल हुआ था। इसलिए यह आखरी असरा काफी अहम और महत्वपूर्ण होता है। इसमें एक रात ऐसी होती है जो हजार महीनों से अफ़ज़ल होती है जिसे हम सबे कदर कहते है। साथ ही जकात, सदका, फितरा के बारे में विस्तार से बताया। कहा हर चीज की गंदगी होती है, माल की गंदगी जकात है।



**यहां अदा की गई अलविदा जुमा की नमाज :** रांची की जामा मस्जिद में अलविदा जुमा की नमाज डेढ़ बजे मुफ्ती तलहा ने अदा कराई वही हववारी मस्जिद में शहर काज़ी मुफ्ती क़मर आलम कासमी ने अदा कराई। इसके पूर्व अब्दुल्लाह मस्जिद, पथलकुद्वा मस्जिद, मक्का मस्जिद, मदीना मस्जिद, डोरंडा वाली मस्जिद, हांडा मस्जिद समेत रांची शहर के सभी मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज अपने अपने समय पर मजिस्द के पेश इमाम ने अदा कराई। ईद की नमाज इस बार ईदगाह में 10 बजे ईद की नमाज ईदगाह में सुबह दस बजे पढ़ी जाएगी। हावारी मस्जिद में ईद की नमाज 8 बजे होगी।

# नशामुक्ति अभियान जारी रहेगा - राजकुमार मेहता

### उड़ता झारखंड नहीं बनने देंगे के संकल्प के साथ नशामुक्ति के लिये जन जागरूकता अभियान शुरू

**प्रतिनिधि,रांची।** रांची के नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने कहा है कि राजधानी रांची को नशा से मुक्त कराने के लिये पुलिस द्वारा शुरू अभियान युद्ध स्तर पर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अनेक अपराधियों और पेडलर्स को जेल भेजा जा चुका है और चाहे कोई भी हो लेकिन यदि वह नशे के धंधे में शामिल है तो वह अपने-आप को इससे अलग करें अन्यथा वह किसी भी हाल में बच नहीं पायेगा। रांची रिवोल्ट जनमंच एवं अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा आयोजित नशामुक्ति जागरूकता अभियान की शुरुआत करते हुए श्री मेहता ने कहा कि रांची पुलिस ने नशे में संलिप्त अनेक पेडलर्स और अपराधियों को जेल भेजा है।



सामाजिक वैचारिक संगठन रांची रिवोल्ट जनमंच, मैदान बचाओ संघर्ष समिति, लक्ष्य अकाडमी, अखिल भारतीय महिला सम्मेलन एवं अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा नशाखोरी के खिलाफ आयोजित जन जागरूकता अभियान एवं दौड़ की शुरुआत के अवसर पर अपने संबोधन में रांची रिवोल्ट जन मंच के संयोजक, अधिवक्ता एवं भाजपा नेता डॉ प्रणव कुमार बब्बू ने कहा कि नशा मुक्ति के लिये शुरू किया गया यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने आम लोगों एवं युवाओं-छात्रों से अपील की कि सभी को मिलकर पुलिस और प्रशासन की सक्रिय सहायता करनी चाहिये ताकि झारखंड और रांची को नशाखोरी के चंगुल में डालने वाले लोगों एवं अपराधी-अवान्छित तत्वों से बचाया जा सके। डॉ बब्बू ने सभी से अपील की कि नशे के व्यापार और किसी भी संदेहास्पद गतिविधि की जानकारी नगर पुलिस अधीक्षक को उनके मोबाइल नंबर 9431706137 पर व्हाट्सअप के द्वारा दें. बाद में छात्र-छात्राओं एवं युवाओं ने नशामुक्ति के लिये आयोजित जागरूकता दौड़ में भाग लिया। इस अवसर पर लक्ष्य अकादमी के सुनील यादव ने कहा कि नशा से मुक्त छात्र-छात्रा और युवा ही अपने भविष्य और कैरियर का निर्माण कर सकते हैं। अभियान में नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता, डॉ प्रणव कुमार बब्बू, सुजाता भकत, अनुपमा प्रसाद, उपेन्द्र कुमार बब्लू, सुनील यादव, संजय मिश्रा, माणिक बोस, मृत्युंजय सिंह, गणेश साहु, अभिषेक कुमार मिंकु, सत्य प्रकाश मिश्रा, सुनील टोप्पो, मौलेश सिंह, शमशाद मुन्ना, बिनोद बिहारी प्रसाद बीनू, प्रभात सहाय, प्रमोद कुमार, उपेन्द्र कुमार बब्लू, सुनील यादव, संतोष, दीपक, देवनाथ साहु, ऋत्विक राज, अमितेश वर्मा, सीमा यादव, अंजलि, इंदु कुमारी, प्रतिमा कुमारी, सुनीता हेमब्रम, कान्ति हेमब्रम, रोहित महतो, अगनू उरांव, अनूप यादव, रोहित कुमार देवराज, मंटु यादव, आकाश यादव, सुकांतो मुखर्जी, अमित कुमार, दुर्गेश कुमार, विजय दत्त पिन्टू, सूरज कुमार सिन्हा सहित अन्य लोगों की सक्रिय सहभागिता रही।

# लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर्स के साथ हुआ बैठक का आयोजन

### सभी ने ली मतदाता जागरूकता शपथ



**प्रतिनिधि, रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। रामगढ़ जिले में सफलता पूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने हेतु शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल भवन में माण्डू व पतरातू प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर्स के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के द्वारा सबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर्स से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल आयोजन तथा इस दौरान शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने में आप सभी की भूमिका बेहद अहम है जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर्स को उनके क्षेत्र में पड़ने वाले सभी मतदान केन्द्रों का नियमित निरीक्षण कर मतदान की तिथि के दिन सभी तरह की आवश्यक मूलभूत सुविधाएं केंद्र पर सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने उनके उनके क्षेत्र में आयोजित किए जा रहे हैं मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में भी सभी को हिस्सा लेकर ज्यादा से ज्यादा आम जनों को कार्यक्रमों से जोड़ने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर्स को मतदान के दिन उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों, बुजुर्ग, दिव्यांग सहित अन्य मतदाताओं का मतदान आसानी पूर्वक मतदान केंद्र पर सुनिश्चित कराने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों, बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर्स को उनके उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर विस्तार से जानकारी दी गयी एवं उनकी दुविधाओं को दूर किया गया। उप निर्वाचन पदधिकारी के द्वारा स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन के आयोजन को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए गए विभिन्न एप एवं इसके माध्यम से किए जाने वाले कार्यों की भी जानकारी सभी को दी गई।

बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य सभी अधिकारियों एवं कर्मियों ने मतदाता जागरूकता शपथ के तहत भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा, अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली।

## अवैध कारोबारियों के खिलाफ वन विभाग की कार्रवाई

### अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर किया जब्त



**प्रतिनिधि,बड़कागांव।** बड़कागांव वन प्रक्षेत्र में विभाग ने गुरुवार रात्रि को इंदिरा-चिरंवा से अवैध कोयला लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया। जब्त ट्रैक्टर बड़कागांव वन परिसर लाया गया। ट्रैक्टर पकड़े जाने से कोयला माफियाओं में हड़कंप मची हुई है।बताते चलें कि बड़े पैमाने पर पसेरिया इंदिरा के अवैध कोयला खदानों से डंफर के द्वारा अवैध कोयला का कारोबार पिछले एक सप्ताह से हजारीबाग के एक कोयला माफिया तथा स्थानीय एक पंचायत प्रतिनिधि की मिलीभगत से चलाया जा रहा है। इस अवैध कारोबार में गिद्दी,चरही के कुछ अवांछित तत्व शामिल हैं। बताया जाता है कि इंदिरा चिरंवा का अवैध कोयला चानो के रास्ते गिद्दी - रामगढ़ जिला होते हुए बनारस तथा डेहरी के मंडियों में बेचा जा रहा है। वन विभाग की कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा है।

## पत्थर खदान में पत्थर ढोन `हेतु दो गुटों में मारपीट



**पूसू प्रतिनिधि,गिरिडीह।** जिले के राजधनवार थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले खैरीडाह में चल रहे पत्थर खदान में अवैध हैवी ब्लास्टिंग के बाद पत्थर ढोने के लिए हाईवा ड्राइवर के दो गुटों में जमकर मारपीट हो गई। हाईवा ड्राइवर दो गुटों में बंट गए, जिसमें एक बसगी और दूसरा खैरीडीह गुट था। मारपीट में घायल ड्राइवर मोहम्मद ताजामुल अंसारी ने राज धनवार थाना में आवेदन देकर दूसरे पक्ष पर न सिर्फ मारपीट, बल्कि रंगदारी करने और ?22 हजार छीनने का आरोप लगाया। आवेदन मिलने पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

## एसकेएमयू में एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला आज

**प्रतिनिधि, दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के सभागार में शनिवार को स्नातकोतर वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा ईस्ट एंग्लिया यूनिवर्सिटी यूनाइटेड किंगडम और प्रधान दुमका के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो .डॉ.

बिमल प्रसाद सिंह के अध्यक्षता में ÷संताल खाद्य प्रणाली को टिकाऊ और स्वस्थ बनाने'' विषय पर सुबह 9ऱ्30 से शुरू होगी। कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता ईस्ट एंग्लिया यूनिवर्सिटी यूनाइटेड किंगडम के प्रोफेसर नित्या राव शामिल होंगी और संथाल खाद्य प्रणाली विषय पर अपना विचार रखेगीं। यहाँ बता दे प्रो. नित्या राव भारतीय हरित क्रांति के जनक, मरणोपरांत भारत रत्न पुरस्कार से सम्मानित डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन की बेटी है।

## लोकसभा चुनाव को ले आजसू गिरिडीह नगर कमेटी की बैठक

### आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को दिया गया जीत का मंत्र



**पूसू प्रतिनिधि,गिरिडीह।** आगामी लोकसभा चुनाव2024 को लेकर गिरिडीह में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो चुकी हैं।सभी पार्टियां अपने-अपने कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाने में जुट गई हैं। इस बाबत आजसू नगर कमेटी की एक बैठक नगर अध्यक्ष विश्वजीत राय की अध्यक्षता में स्थानीय मोदी धर्मशाला में आयोजित की गई।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह जिला प्रभारी अजय सिंह, दुमका से गिरिडीह पहुंचे। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर गिरिडीह जिला अध्यक्ष गुड्डू यादव उपस्थित रहे।

बैठक में तय हुआ कि मोदी जी के 400 पर के सपने को साकार करना है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि हर हाल में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में एनडीए गठबंधन को जीत दिलानी है, वहीं जिला प्रभारी अजय सिंह ने कहा कि मिशन 2024 की जीत को तय करना है। इस मौके पर आजसू के प्रखंड व नगर प्रभारी मनोज शर्मा, उदय शर्मा, प्रवक्ता वीरेंद्र राम,अजीत यादव, अमित यादव, विनोद रजक, ज्योति शाह, प्रियंका शर्मा, डोली प्रवीण, दीपू यादव, मुकेश पंडित, पीकलू, भोला राणा, विशाल, गोलू, प्यारी यादव समेत गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्ड के महिला और पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित हुए वहीं कार्यक्रम का संचालन सुमन विश्वकर्मा ने किया।

## दिवंगत लालचंद महतो के पार्थिव शरीर का किया अंतिम दर्शन



### विभिन्न राजनीतिक दलों, समाजसेवियों,गांवों समेत आसपास के इलाके से आए लोगों ने नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

पूसू प्रतिनिधि

**गिरिडीह।** झारखंड के प्रथम ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो का

पार्थिव शरीर जैसे ही राजधानी रांची से गिरिडीह के डुमरी अनुमंडल कार्यालय परिसर पंहुचा,लोगों की भीड़ अपने प्रिय दिवंगत नेता के दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। फूलों से सजे शव वाहन में दिवंगत लालचंद महतो के साथ उनके परिजन व शुभचिंतक साथ ही उत्पाद एवं महिला उत्पाद व मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी के पुत्र अखिलेश महतो राजू विशेष रूप से मौजूद थे।

वहीं मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं समाज के वर्गों के लोगों ने दिवंगत नेता लालचंद महतो को श्रद्धांजलि अर्पित किया।इस दौरान बगोदर के पूर्व भाजपा विधायक नागेन्द्र महतो, भाजपा नेता प्रशांत जायसवाल, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष पोरैया मुखिया राजकुमार महतो,झामुमो नेता राजकुमार पांडेय,बरकत अली,कैलाश चौधरी,डेगनारायण महतो, भाजपा नेता प्रदीप साहू,कामाख्या गिरि, जदयू के जिलाध्यक्ष त्रिभुवन दयाल,डुमरचंद महतो, बहुजन सदान मोर्चा के बैजनाथ महतो, झारखंड आंदोलनकारी राजकमल महतो, भाजपा नेता निर्मल महतो, अधिवक्ता अशोक कुमार जैन,छत्रधारी महतो मुखिया जागेश्वर यादव,लालमणि साव,जगरनाथ ठाकुर, अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि डुमरी सह आजसू जिला प्रधान सचिव छक्कन महतो,आजसू पार्टी की डुमरी विधानसभा प्रभारी सह केंद्रीय महासचिव यशोदा देवी, पंसस शंभुनाथ महतो,आजसू के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष रामाकांत गोविन्द, सेवा भारती के उत्तरी छोटानागपुर प्रभारी नीलकण्ठ महतो, हिन्द मजदूर किसान यूनियन के डुमरी अनुमंडल अध्यक्ष गंगाधर महतो,करमचंद महतो, रवीन्द्र महतो आदि सहित सैकड़ों लोगो का हुजूम मौजूद था। नम आंखों से लोगों ने अपने प्रिय नेता को श्रद्धांजलि दी।

## दलितों व पिछड़ों के मसीहा लालचंद महतो नहीं रहे

पूसू प्रतिनिधि





**गिरिडीह।** भारतीय राजनीति में शिक्षक से नेता बने बिहार के पूर्व मुख्य मंत्री भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के सानिध्य में रहे व उनके जीवन से प्रेरित झारखंड के प्रथम ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो का 4 अप्रैल की रात हृदय गति रुक जाने के कारण निधन हो गया।गिरिडीह के डुमरी विधान सभा से तीन बार विधायक रहे दिवंगत लालचंद महतो राज्य के कद्दावर नेता के रूप में जाने जाते थे।उनके निधन से उनके चाहने वालों तथा विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों में पीड़ा का भाव सहज ही समझा जा सकता है।लोगों का मानना है कि उनके निधन से झारखंड की राजनीति को अपूर्णीय क्षति हुई है।

स्व लालचंद महतो अंतिम समय तक समाज के अंतिम पायदान के दलित,पिछड़े,उत्पीड़ित ग्रामीणों के उत्थान के लिए प्रयत्नशील रहे।बताया जाता है कि पूर्व में जनता पार्टी,जनता दल,सोशलिस्ट पार्टी,भाजपा आदि राजनीतिक दलों से कालांतर में जुड़े रहे।इधर आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 में बहुजन सदान मोर्चा ने उन्हें गिरिडीह लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से टिकट दिया था।जिसके लिए वे इन दिनों काफी व्यस्त रह रहे थे।

वे बहुजन सदान मोर्चा व हिंद मजदूर किसान यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष भी थे।उनके देहांत की सूचना मिलने पर उनके समर्थकों व कार्यकर्ताओं समेत क्षेत्र की आम जनता में शोक की लहर उत्पन्न हो गई। बताया जाता है कि राजधानी स्थित अपने आवास पर 4 अप्रैल की रात अपने बाथरूम में गिर जाने के कारण उनका हार्ट बीट रुक गया और वे चल बसे। उनका पार्थिव शरीर डुमरी विधान सभा क्षेत्र में शुक्रवार की अपराह्न स्थानीय जनता के अंतिम दर्शन हेतु लाया गया।जहां अपने प्रिय नेता के अंतिम दर्शन कर लोगों के नेत्र नम हो गए।

बताया जाता है कि रात लगभग 11 बजे वह रांची के लालपुर स्थित अमरावती अपार्टमेंट स्थित अपने फ्लैट के बाथरूम में गिर गये।

इसके बाद वह बेहोश हो गये।परिजन उनको लेकर तत्काल लालपुर के एक निजी अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बता दें कि डुमरी विधान सभा क्षेत्र से वह तीन बार विधायक बने थे।वहीं झारखंड गठन के बाद वह राज्य के पहले ऊर्जा मंत्री बनाये गये थे।

## भागवत सुनने से नहीं अनुसरण करने से लाभ होता है-पूज्या स्तुति जी



**प्रतिनिधि, बासुकीनाथ।** जरमुंडी प्रखंड मुख्यालय के समीप स्टेशन रोड में तूफानी बाबा बजरंगबली सेवा समिति जरमुंडी के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में भक्तों को संबोधित करते हुए कथावाचक पूज्या स्तुति जी ने कहा कि भागवत सुनने से नहीं अनुसरण करने से लाभ होता है। भगवान का स्मरण आपको नित्य दिन करना है। अगर परम शांति चाहिए तो भगवान के शरण में आपको आना पड़ेगा। शक्ति में ही भक्ति है। जीवात्मा परमात्मा का ही एक अंश है और वह उसी में विलीन हो जाता है। यही चरम सत्य है। परंतु मनुष्य बहुत सामान्य तरह के लोग लाभ में उलझा हुआ है उसे सत्य की खबर ही नहीं है। अर्थात इस क्षणभंगुर संसार की वास्तविकताओं से अनजान मनुष्य भौतिक समस्याओं से उलझा हुआ है। भक्तों को संबोधित करते हुए स्तुति जी ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की अपरंपार लीला है। मौके पर निशिकांत प्रसाद, नंदकिशोर झा, पांचू दास, अक्षय कुमार मोदी, प्रकाश कुमार कल बलिया एवं मुकेश महाराज सहित अनेक भक्त मौजूद थे।

## 10 अप्रैल 2024 को झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉनटेस्ट् का होगा आयोजन

### स्थानीय फिल्मकार/निर्देशक,सोशल मीडिया इनफ्लूएंसरों से रील, शॉर्ट फिल्म, म्यूजिक वीडियो, पोस्टर मेकिंग को लेकर प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की अपील

### सभी श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय करने वालों को मिलेगा नकद पुरस्कार

पूसू प्रतिनिधि

**गिरिडीह।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा के द्वारा जानकारी दी गई कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रांची द्वारा झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट् 10 अप्रैल 2024 को आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत शॉर्ट फिल्म्स, म्यूजिक वीडियो, रील मेकिंग तथा पोस्टर मेकिंग जैसी चार कोटि की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए विस्तृत जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। सभी कोटियों में प्रविष्टियां प्राप्त होने के उपरांत मुख्यालय स्तर पर गठित निर्णायक मंडली द्वारा उनमें से बेहतर रचनाओं को चयनित करते हुए प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय को




पुरस्कृत किया जाएगा।

पुरस्कारों का निर्णय करते समय संबंधित प्रतिभागी के सोशल मीडिया इंगेजमेंट को भी आधार बनाया जाएगा।

इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिले के स्थानीय फिल्मकार/निर्देशक एवं सोशल मीडिया इनफ्लूएंसरों से अपील किया है कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉनटेस्ट् में हिस्सा लें और मतदान करने के लिए जिलावासियों के प्रेरित करने वाले रिल्स,शॉर्ट फिल्म, म्यूजिक वीडियो, पोस्टर मेकिंग आदि बनाएं। मंत्रिमंडल निर्वाचन,मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रांची द्वारा झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट् आयोजित किया गया है। जिसमें हिस्सा लेने की आखिरी तिथि 10 अप्रैल 2024 है। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए नियम में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल आयोजन के मद्देनजर नजर अनुमंडल पदाधिकारी ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**प्रतिनिधि,रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान निर्वाचन के स्वतंत्र व निष्पक्ष आयोजन तथा इस शत प्रतिशत मतदाताओं का अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ आशीष गंगवार ने रामगढ़ जिला अंतर्गत दुलमी प्रखंड के कुल्हि, गोड़ातु, हरहद, कंडेर, इचातु, चटाक सहित अन्य क्षेत्रों में स्थित बड़ी संख्या में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान केंद्र पर उपलब्ध आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी ने मतदान केंद्र पर उपस्थित बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर्स आदि को उनके उनके क्षेत्र में प्रत्येक योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में अंकित होना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने सर्वे कर जिन व्यक्तियों का किसी कारणवश अब तक मतदाता पहचान पत्र नहीं बन पाया है उनसे तत्काल रूप से प्रारूप 6 भरवाने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर्स को उनके क्षेत्र में मतदाता जागरूकता के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा आम जनों की सहभागिता सुनिश्चित कराने व लोगों तक कार्यक्रमों की सूचना पहुंचाने का निर्देश दिया।

## उपायुक्त के निर्देश पर अवैध खनन परिवहन व भंडारण के विरुद्ध चला छापेमारी अभियान

### 33000 सीएफटी बालू जप्त

**पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो, चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देशानुसार जिला खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में खान निरीक्षक जिला खनन कार्यालय , थाना प्रभारी, मयूरहंड एवं पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से मौजा - नौडीहा, सोकी के विभिन्न स्थलों पर अवैध बालू उत्खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध औचक छापेमारी अभियान चलाया गया। इस छापेमारी अभियान के क्रम में खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो ने बताया कि नौडीहा टांड में लगभग 330 ट्रेक्टर अवैध बालू का भंडारण पाया गया। स्थनीय ग्रामीण लोगों से इस अवैध भंडारण के संदर्भ में पूछताछ किया गया तो किसी के द्वारा बालू भंडारण से संबंधित कुछ भी स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। नौडीहा क्षेत्र अंतर्गत किसी को भी बालू भंडारण के लिए अनुज्ञप्ति पत्र प्राप्त नहीं है।अतः अवैध बालू खनिज को जप्त करते हुए मयूरहंड थाना में अवैध बालू भंडारण के विरुद्ध प्राथमिकी कांड संख्या 20/2024 दर्ज कराई गई है। जप्त बालू खनिज को स्थानिय मुखिया मीना देवी के पति ईश्वरी मेहता को जिमेनामा एवं जप्ती सूचि सौपते हुए सुरक्षार्थ आदेश एवं सतत निगरानी हेतु थाना प्रभारी मयूरहंड से अनुरोध किया गया हैं।



# रात में अवैध बालू की जमकर हो रही है ढुलाई, संबंधित पदाधिकारीयों है मौन बैठे

## संबंधित प्राधिकारियों कर रहे हैं खबर का इंतजार

## या फिर कर रहे हैं माफियाओं से वसूली और अगर नहीं तो फिर संबंधित पदाधिकारीयों होने के बावजूद अवैध बालू की जमकर खनन कैसे ??



**प्रतिनिधि, पत्थलगड़ा।** थाना क्षेत्र के विभिन्न नदियों से बालू माफियाओं द्वारा जमकर अवैध बालू की हो रही है ढुलाई। बालू उत्खनन पर रोक लगाए जाने के बावजूद बालू माफियाओं द्वारा नियाम को ताक पर रखकर अवैध बालू का जमकर परिवहन किया जा रहा है और संबंधित पदाधिकारीयों मौन बैठे हैं। बताते चलें कि सिंघानी पंचायत के परसोनीया नदी, बरवाडीह पंचायत के बकुलिया नदी, भुराही नदी, चौथा के नदी से 4ः00 बजे शाम से लेकर 12ः00 बजे दोपहर तक और नोनगांव पंचायत, मेराल पंचायत एवं शिल्हाटी के विभिन्न नदियों से दिन-रात अवैध बालू का खनन तेजी से किया जा रहा है और राजस्व को जबरदस्त लाखों लाख का चुना लगा रहा है। अवैध बालू का जमकर खनन होने के कारण नदियों की प्राकृतिक आकृति में भी तेजी से परिवर्तन हो रहा है। इसके बावजूद भी संबंधित पदाधिकारीयों मौन बैठे हैं अब देखना यह है की खबर प्रकाशित होने के बाद भी अवैध बालू खनन करने वाले माफिया हूं के ऊपर कारवाई की जाती है या फिर छोड़ दिया जाता है।

# प्रखंड क्षेत्र में चिलचिलाती धूप में पेयजल की समस्या से हाहाकार

**प्रतिनिधि, बिशुनपुरा (गढ़वा)।** बिशुनपुरा प्रखंड क्षेत्र के लगभग पांचों पंचायत में हैं कई जलमीनार तथा चापाकल खराब। आपको बताते चले कि बीते दिन तेज आंधी तूफान के कारण बिजली व्यवस्था भी चरमरा सी गई है। घंटा दो घंटा केलिए बिजली आ भी रही है तो लोग उसे अपने घर में पानी व्यवस्थित कर रहे हैं। वहीं जिसके घर में पानी की टंकी नहीं लगी है वे आसपास के चापाकल तथा जलमिनार पास लाइन लगाकर अपने घर से लाए बर्तनों में पानी भरते दिख रहे हैं। वहीं कई चापाकाल तथा जलमिनार खराब होने के कारण लोगों को इस चिलचिलाती धूप में घर से दूर जाना पड़ रहा है। जिससे पेयजल की व्यवस्था को लेकर लोगों में हाहाकार सी मची हुई है।

### क्या कहती हैं ब्लॉक प्रमुख दीपा कुमारी

इस विषय में बिशुनपुरा ब्लॉक प्रमुख दीपा कुमारी ने बताया की मैं प्रखंड में घूम घूम कर लोगो की समस्याओं से रुबरु होकर उनका समाधान हेतु कोशिश कर रही हूं। प्रमुख से मिली जानकारी के अनुसार वह बिशुनपुरा प्रखंड क्षेत्र में पेयजल की समस्या को लेकर चिंता जाहिर की है। उसने कहा की विदित हो की कुछ दिन पहले आई तेज आंधी तूफान ने बिजली सप्लाई के चार टॉवर को तहस नहस कर दिया था। जिसके फलस्वरूप लगभग पूरे गढ़वा जिला में बिजली भी बाधित है। ऐसे में अधिकांश प्रखंडवाशियो का पेयजल हेतु निर्भरता सोलर जल मीनार, हैंड पंप पर टिका हुआ है। वहीं प्रमुख दीपा ने बताया कि मुझे प्रखंड क्षेत्र में भ्रमण के दौरान अधिकांश जल मीनार और हैंड पंप खराब पड़े हुए मिले हैं तो कई जलमीनार बनते बनते हाथी का दांत साबित हो गई है। जिसका उदाहरण बिशुनपुरा पंचायत के संध्या में बने जलमिनार भी हैं। परिणाम स्वरूप प्रखंड में जल को लेकर त्राहिमाम मचा हुआ है। वहीं उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत प्रखंड में बड़े पैमाने पर करीब 45 करोड़ से ज्यादा रूपये हर घर जल नल योजना पर खर्च किए गए पर संवेदक और पीएचडी विभाग के उदासीन रवैया के कारण अब तक यह मिशन सफल होते नहीं दिख रहा है। संवेदक द्वारा पहले तो बिना डिप बोर के जल मीनार खड़ा किया गया और आवाज उठाने पर आनन फानन में डीप बोर तो किया गया पर उसमे पानी नहीं निकला, और जल मीनार सुखी आकाश निहारने को मजबूर है। वहीं उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से साफ है की पीएचडी संवेदक द्वारा सरकारी चापाकल के बोर का प्रयोग जल जीवन मिशन हेतु किया गया है जबकि उसके साथ पहले से ही डीप बोर करने का प्रावधान है। इसके साथ ही जलमिनार में घटिया क्वालिटी के सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। स्थिति यह की ये लगाते ही जीर्ण शीर्ण अवस्था में पहुंच जा रहे हैं। पीएचडी विभाग और संवेदक के मिली भगत से हुई बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता का अनुमान लगाने के लिए बिशुनपुरा पंचायत के करचा टोला में लगे जल मीनार बताने के लिए काफी है जहां एक ही घर में 2 फीट से भी कम दूरी पर वह भी अलग अलग दो मद से बने जल मीनार का वाटर टैप लगा हुआ है फिर भी लोगो को पानी नसीब नहीं हो पा रहा है। वहीं करचा टोला में सरकारी विद्यालय के पास जल जीवन मिशन में कार्य कर रहे संवेदक द्वारा पूर्व में ही स्कूल परिसर में जलमीनार लगाने हेतू डिप बोर तथा फाउंडेशन किया गया था जो फाउंडेशन करने के कुछ दिन बाद ही जेसीबी मशीन से उसे भर दिया गया। जो वित्तीय अनिमित्यता को दर्शाता है। आगे ब्लॉक प्रमुख दीपा कुमारी ने बताया की पेयजल की समस्या से एसडीओ श्री वंशीधर नगर (नगर उंटारी) और गढ़वा जिला उपविकास आयुक्त से मिलकर मैं आवेदन के माध्यम से अवगत कराऊंगी और उच्च स्तरीय जांच के साथ यथाशीघ्र समाधान की मांग करूंगी। जिससे हमारे प्रखंडवाशियों को पेयजल से सम्बन्धित कोई परेशानी न हो।

### क्या कहते हैं प्रखंड विकास पदाधिकारी हीरक मन्ना केरकेट्टा,

इस विषय में बिशुनपुरा प्रखंड विकास पदाधिकारी हीरक मन्ना केरकेट्टा ने कहा की हमारे प्रखंड में उपायुक्त महोदय शेखर जामुआर आए थे तो मैं उनसे आम नागरिक के साथ साथ मतदान कर्मी की भी बात कही की ऐसे में बिजली और पेयजल की यहां समस्या है। वहीं उन्होंने कहा कि मैं मुखिया और पंचायत सेवक से बात करके हमलोग जलमीनार तथा चापाकल को दुरुस्त करने का कार्य करेंगे।

### क्या कहती हैं बिशुनपुरा पंचायत मुखिया प्रमीला देवी,

इस विषय में बिशुनपुरा पंचायत मुखिया प्रमीला देवी ने बताया कि हमारे पंचायत में जहां भी जलमीनार तथा चापाकल खराब है उसे 15वे वित्त 2024- 25 प्लानिंग में स्वीकृति मिलने के बाद उसे ठीक कर दिया जाएगा। जिससे जनता को इसकी लाभ मिल पाएगी।

### क्या कहती हैं सारांग पंचायत मुखिया ब्यूटी सिंह,

वहीं सारांग पंचायत मुखिया ब्यूटी सिंह ने कहा कि हमारे पंचायत में जो भी जलमीनार या चापाकल खराब हैं उसे वित्तीय वर्ष 2024- 25 के प्लानिंग में स्वीकृति मिलते ही एक महीने के अंदर बनवा दी जाएगी। जिससे पंचायतवासी को पेयजल की समस्या उत्पन्न नहीं होगी।

### इस विषय में क्या कहते हैं पीएचडी जेई भरथ मेहता,

इस विषय में मोबाईल से सम्पर्क करने पर गढ़वा पीएचडी जेई भरथ मेहता ने बताया की जो भी कार्य अधूरे हैं उसे जल्द ही संज्ञान में लेते हुए कार्य को पुरी कर जलमीनार को चालू की जायेगी।

# डीसी ने प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, लोकसभा चुनाव संबंधित दिया निर्देश



**प्रतिनिधि, बिशुनपुरा (गढ़वा)।** दिनांक 4 अप्रैल दिन गुरूवार के अपराह्न में उपायुक्त शेखर जामुआर द्वारा प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय बिशुनपुरा का औचक निरीक्षण किया गया। उपायुक्त द्वारा निर्वाचन कार्य की गहन समीक्षा कर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी निर्देशों के अनुपालन कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ हीं मनरेगा सहित अन्य योजनाओं का भी समीक्षा किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी हीरक मन्ना केरकेट्टा, अंचल अधिकारी संदीप मद्धेशिया, ब्लॉक प्रमुख दीपा कुमारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी डिंपल गुप्ता सहित सभी संबंधित अभियंता एवं कर्मी उपस्थित थे।

# फुटबॉल स्टेडियम में स्वीप कप फुटबॉल टूर्नामेंट का होगा आयोजन

**प्रतिनिधि, गढ़वा।** जिला खेल पदाधिकारी गढ़वा द्वारा जानकारी दी गई है कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त दिनांक 8 अप्रैल 2024 को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्वीप कैलेंडर द्वारा निर्धारित स्वीप कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन स्थानीय फुटबॉल स्टेडियम गढ़वा में आयोजित की जाएगी। लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित प्रचार प्रसार हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्वीप कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन नव निर्मित फुटबॉल स्टेडियम गढ़वा के मैदान में संध्या 4ः00 बजे से स्वीप कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस फुटबाल टूर्नामेंट में सम्भवतः कुल 8 टीम भाग लेंगे। इस फुटबाल टूर्नामेंट का उद्देश्य लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर मतदाताओं को अपने मताधिकारों के प्रति जागरूक करना है।

# ब्राउन शुगर के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**प्रतिनिधि, पाकुड़।** बीते गुरुवार देर रात पुलिस अधीक्षक को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी दयानंद आजाद के नेतृत्व में पाकुड़ मुफ्फसिल थानान्तर्गत अन्तर्राज्यीय चेकपोस्ट चाँदपुर के नजदीक विशेष चेकिंग के क्रम में अवैध नशीली पदार्थ करीब 250 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ 34 वर्षीय सौरभ कुमार झा, पिता उदय कांत झा, सा - मिर्जानहाट हसनगंज, थाना बाबरगंज, जिला भागलपुर, बिहार को गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में धारा 21(ए)/ 22 (ए) एनडीपीएस एक्ट के तहत पाकुड (मु.) थाना काण्ड संख्या 71/2024 दर्ज किया गया है। काण्ड अनुसंधानान्तर्गत है साथ ही गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में पाकुड़ मण्डल कारा भेज दिया गया है। बरामद अवैध नशीली पदार्थ ब्राउन शुगर का अनुमानित बाजार मूल्य करीब दो लाख रूपया बताया जा रहा है।



# बिलासपुर चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान 2 वाहनों से पांच लाख कैश बरामद



**प्रतिनिधि, गढ़वा।** लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाए रखने के उद्देश्य से संगठित फ्लाइंग स्क्वायड टीम ने 4 अप्रैल दिन गुरुवार की देर रात्रि में झारखंड-उत्तरप्रदेश सीमा पर स्थित बिलासपुर चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान दो वाहनों से 5 लाख रुपया बरामद हुआ है। इस संबंध में बिशुनपुरा सीओ सह फ्लाइंग स्क्वॉयड संदीप मद्धेशिया ने फोन पर बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पड़ोसी राज्यों की सीमा पर चेक पोस्ट में नियमित वाहन चेकिंग की जा रही है। चेकिंग के दौरान विलासपुर चेक पोस्ट से विगत रात्रि में दो वाहनों से 5 लाख रूपये बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि चेक पोस्ट पर तैनात मजिस्ट्रेट जितेन्द्र कुमार और पुलिस टीम की उपस्थिति में यूपी के सोनभद्र जिला अंतर्गत ओबरा के डिग्री कॉलेज रोड शिव नगर कॉलोनी निवासी कृष्णा गुप्ता के थार नामक वाहन से 4 लाख रूपये और रेलवे फाटक नगर ऊंटारी के रहने वाले मंजीत कुमार चौधरी के निशान नामक वाहन से 1 लाख रूपया बरामद किया है। वाहन से नकदी की बरामदगी की सूचना मिलने पर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, एसडीपीओ सत्येन्द्र नारायण सिंह, बिशुनपुरा सीओ सह फ्लाइंग स्क्वॉयड टीम के प्रभारी संदीप मद्धेशिया और नगर ऊंटारी के थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने चेक पोस्ट पर जाकर मामले की छानबीन की। बकौल फ्लाइंग स्क्वॉयड बरामद राशि से संबंधित उचित दस्तावेज नहीं दिए जाने पर दोनों वाहनों से नकदी को जब्त कर चुनाव एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल के अध्यक्ष डीडीसी गढ़वा को अग्रेत्तर कार्रवाई के लिए सूचित किया गया है। एक सप्ताह के भीतर नकदी राशि से संबंधित वैध दस्तावेज नहीं दिए जाने पर एफआईआर किया जाएगा।

# चौपारण पुलिस ने छः अवैध गोवंशीय पशु तस्करों को 47 हजार नकद के साथ किया गिरफ्तार भेजा जेल

## थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के इस कारवाई से गोवंशीय पशु तस्करों में मचा हड़कंप



**प्रतिनिधि, चौपारण।** थाना क्षेत्र में अवैध रूप से नशीले पदार्थों एवं गोवंशीय पशुओं की तस्करी करने वाले अपराधियों के पसीने छूटने लगे हैं। थाना प्रभारी के कार्य शैली से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। ताजा मामला थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में छापामारी कर छः अवैध गोवंशीय पशु तस्करों को दो पिकअप वाहन के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्करों के पास से 47 हजार नकद किया जप्त। गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम चय से दो पिकअप वाहनों में अवैध रूप से 14 गोवंशीय पशुओं को क्रूरता पूर्वक लोड कर कालाबाजारी करने के लिए बंगाल ले जाने की तैयारी की जा रही थी। इस सूचना के आधार पर और पुलिस निरीक्षक दीपक कुमार सिंह थाना प्रभारी चौपारण ने एक छापामारी दल का गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए चौपारण के चतरा मोड़ से तस्करों को वाहन समेत गिरफ्तार किया इस छापामारी दल में चौपारण थाना स्थापित पुअनि निलेश कुमार रंजन एवं पुअनि रतन टुडु तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। प्राप्त सूचना के आधार पर चतरा मोड़ के पास वाहन चेकिंग के क्रम में दो पिकअप वाहन आने की सूचना प्राप्त हुई। पिकअप वाहन संख्या छ्॥ 02ˏ 8613 एवं दूसरी पिकअप वाहन संख्या छ्॥ 02 ड्ड 2398 में अवैध रूप से गोवंशीय पशुओं को लोड कर तस्करी करने के क्रम में पकड़ा गया जिसके जांच के क्रम में दोनों छोटे वाहनों में कुल 14 गोवंशीय पशुओं को क्रूरता पूर्वक लोड किया गया था। जिसमें छः गौवंशीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया जिसके पास से तलाशी के क्रम में कुल 47,840 रुपए नगद भी प्राप्त किया गया गिरफ्तार व्यक्तियों से

पूछताछ के क्रम में पता चला कि गोवंशीय पशुओं को तस्करी करने के लिए बंगाल ले जाया जा रहा था पकड़े गए तस्करों के द्वारा इस गौ तस्करी में ग्राम चय के गुड्डू व्यापारी सबलू, दुलारे, एवं अन्य को भी शामिल होने की बात बताया गया जिसके विरुद्ध सत्यापन उपरांत विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पकड़े गए अपराधी में शहजाद अली उम्र 40 वर्ष पिता मंजूर अली ग्राम चक्रसार थाना चौपारण सद्दाम हुसैन उम्र 31 वर्ष पिता ताहिर हुसैन चयकला थाना चौपारण संजर हुसैन उम्र 33 वर्ष जाहिद हुसैन चयकला थाना चौपारण मोहम्मद सबा अख्तर उम्र 30 वर्ष पिता मोहम्मद बाबू जान ग्राम चय खुर्द थाना चौपारण अहदअली उम्र 21 वर्ष पिता असलम अली ग्राम चयकला थाना चौपारण तकीउद्दीन उम्र 31 वर्ष पिता नसीब अहमद ग्राम चयकला थाना चौपारण सभी जिला हजारीबाग के निवासी हैं। सभी को गिरफ्तार कर पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के सुसंगत धाराओं के साथ मामला दर्ज करते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया। चौपारण थाना प्रभारी ने कहा है कि थाना क्षेत्र में कोई भी अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्ति को छोड़ा नहीं जाएगा चाहे वह कितना भी बड़ा या शक्तिशाली क्यों न हो सभी पर कार्रवाई किया जाएगा।

# अंतरराज्यीय चेकपोस्ट का डीसी एवं एसपी ने किया औचक निरीक्षण



**प्रतिनिधि, पाकुड़।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त जिले के विभिन्न चौकड्ढचौराहों, चेकपोस्ट पर तैनात मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल द्वारा छोटेड्ढबड़े वाहनों की जांच की जा रही है। गुरुवार देर शाम को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने अंतरराज्यीय चेकपोस्ट चांदपुर एवं पत्थरघटा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल के वाहन जांच पंजी की जांच की। साथ ही उन्हें चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि छोटे - बड़े सभी वाहनों की जांच करें। अगर कोई आपत्तिजनक सामग्री व राशि पाई जाती है, तो जब्दी की कार्रवाई करते हुए अविलंब जिला प्रशासन को उसकी सूचना दें। वाहन जांच पंजी का भी सही से संधारण करें। मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

# पानी की समस्या से जूझ रहे है आदिवासी कल्याण बालक छात्रावास के छात्र




**प्रतिनिधि, पाकुड।** गर्मी के शुरू होते ही पानी की समस्या से जूझ रहे हैं छात्र। मामला हरिणडांगा उच्च विद्यालय परिसर में स्थित आदिवासी कल्याण बालक छात्रावास की है जहां इन दिनों छात्रावास के छात्र पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। इस छात्रावास में पाकुड़ एवं अन्य जिलों के छात्र छात्रावास में रहकर अध्ययन कर रहे है। छात्रावास में स्थित बोरिंग पिछले दो माह से खराब पड़ा है। इस संबंध में छात्रावास के छात्र हेमचांद हेंब्रम, शिवलाल मुर्मू, प्रधान किस्कू, मंडल मुर्मू, दुबई हांसदा, संतोष मुर्मू, लखीराम मुर्मू, नींमुलाल मुर्मू सहित दर्जनों छात्रों ने बताया कि बोरिंग खराब रहने से पानी दूर में स्थित चापाकल से ढोना पड़ रहा है जिससे पढ़ाई बाधित हो रही है। पानी की समस्या से शौचालय भी गंदगी से भरा पड़ा है, जिससे काफी दुर्गंध आ रही है। छात्रों ने जिला प्रशासन से यथाशीघ्र बोरिंग ठीक करवाने की मांग की है। छात्रों ने यह भी बताया कि हमारे छात्रावास में एक भी रसोईया पद स्थापित नहीं है जिससे हम लोगों को अपने से ही भोजन बनाना पड़ता है जिससे पढ़ाई करने का समय कम मिलता है। हालांकि इस संबंध में जिला कल्याण पदाधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की गई मगर संपर्क नहीं हो पाई जिससे उनका पक्ष रखा नहीं जा सका।

# प्राप्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर उपायुक्त ने राजू कुमार प्रजापति, कनीय अभियंता की सेवा अनुबंध को समाप्त करते हुए किया कार्यमुक्त

**प्रतिनिधि, गढ़वा।** उल्लेखनीय है कि अनुमण्डल पदाधिकारी, श्री बंशीधर नगर के पत्रांक 95/निर्वा0, दिनांक 29.03.2024 के द्वारा सूचित किया गया है कि उपायुक्त के आदेश ज्ञापांक 304/निर्वा0, दिनांक 02.03.2024 के द्वारा राजू कुमार प्रजापति, कनीय अभियंता, 15वें वित्त, प्रखण्ड भवनाथपुर की प्रतिनियुक्ति लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित अर्न्तराज्यीय सड़कों पर असमाजिक तत्वों / संदिग्ध वाहन/अवैध मादक पदार्थों इत्यादि के परिवहन की रोकथाम हेतु हरिहरपुर ओ0पी0 अन्तर्गत श्रीनगर घाट पर अधिष्ठापित चेकनाका पर की गई है, परन्तु दिनांक 28.03.2024 को अनुमण्डल पदाधिकारी, श्री बंशीधर नगर द्वारा क्षेत्रभ्रमण के दौरान औचक निरीक्षण के क्रम में राजू कुमार प्रजापति, प्रतिनियुक्ति स्थल से अनुपस्थित पाये गये। उपरोक्त पत्र में यह भी प्रतिवेदित किया गया है कि दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर जिसमें यह उल्लेख है कि राजू प्रजापति, कनीय अभियंता, 15वें वित्त आयोग, प्रखण्ड भवनाथपुर द्वारा %अपने व्यक्तिगत वाहन पर जिला प्रशासन राँची, ऑन गवर्नमेंट ड्यूटी और असैनिक अभियंता सह भावी मुख्यमंत्री झारखण्ड सरकार, राँची तथा जीप के पीछे प्रशासन लिखा हुआ है, जिसके आलोक में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, भवनाथपुर-सह-उड़नदस्ता दल दण्डाधिकारी के द्वारा उक्त मामले की जाँच कर राजू प्रजापति के विरूद्ध आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन संबंधी मामला भवनाथपुर थाना कांड संख्या 46/24 दिनांक 29.03.2024 u/s 188/171 स्न/290 IPC, 134 R.P. Act 1951 × 179(1) .V. Act 1988 दर्ज कराया गया है। फलस्वरूप अनुमण्डल पदाधिकारी, श्री बंशीधर नगर के द्वारा पत्रांक 94/ निर्वा0, दिनांक- 29.03.2024 के माध्यम से राजू प्रजापति से स्पष्टीकरण की मांग की गई, जिसके आलोक में राजू प्रजापति द्वारा अनुमण्डल पदाधिकारी, श्री बंशीधर नगर को स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया कि भवनाथपुर प्रखण्ड अन्तर्गत वाहन कोषांग में कार्यरत रहने के कारण उक्त तिथि को श्रीनगर घाट चेकनाका पर उपस्थित नहीं हो सका था, परन्तु राजू प्रजापति द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण के आलोक में अनुमण्डल पदाधिकारी, श्री बंशीधर नगर के द्वारा पत्रांक 102 दिनांक 02.04.2024 के माध्यम से प्रतिवेदित किया गया है कि श्री प्रजापति की प्रतिनियुक्ति भवनाथपुर प्रखण्ड के वाहन कोषांग में की गई है, परन्तु दिनांक 28.03.2024 को इनके द्वारा वाहन कोषांग में उपस्थिति दर्ज नहीं की गई है। राजू प्रजापति द्वारा उपलब्ध कराये गये स्पष्टीकरण के आलोक में अनुमण्डल पदाधिकारी, श्री बंशीधर नगर के द्वारा मंतव्य उपलब्ध कराया गया है कि राजू प्रजापति के द्वारा गलत सूचना देते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत कर भ्रमित करने का प्रयास किया गया है, इनका उक्त कृत्य निर्वाचन कार्यो के प्रति घोर लापरवाही एवं कर्त्तव्यहीनता को परिलक्षित करता है, जिसके आलोक में राजू प्रजापति के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई किये जाने की अनुशंसा की गई है। उपरोक्त के आलोक में उपायुक्त के स्तर से पत्रांक- 296/पं0 दिनांक 30.03.2024 के द्वारा कारण पृच्छा किया गया है। राजू प्रजापति द्वारा स्पष्टीकरण का जवाब दिया गया है जो संतोषजनक नहीं है। साथ ही परियोजना निदेशक, (प्रशासन), झारखण्ड अर्बन इंफास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड, (जुडको लि0), झारखण्ड, राँची के द्वारा पत्रांक- 5160/ दिनांक 30.03.2024 द्वारा पत्र के माध्यम से सूचित किया गया है कि राजु प्रजापति, सहायक परियोजना प्रबंधक के पद पर जुडको लि0 में दिनांक- 18.12.2019 से 13.08.2020 तक जुडको लि0 मुख्यालय में एवं कार्यालय आदेश संख्या- 52, दिनांक 14.08.2020 से धनबाद मुख्यालय में सहायक परियोजना प्रबंधक के रूप में कार्यरत रहे हैं। पुनः कार्यालय आदेश संख्या 13, दिनांक 08.02.2021 द्वारा इन्हें मझिआँव शहरी जलापूर्ति एवं प्रधानमंत्री आवास योजना, गढ़वा योजनाओं से संबद्ध करते हुए राजू प्रजापति का मुख्यालय गढ़वा निर्धारित किया गया है। उक्त के आलोक में राजू प्रजापति से इस कार्यालय के पत्रांक- 302 दिनांक 01.04.2024 के द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गई, परन्तु राजू प्रजापति द्वारा स्पष्टीकरण का जवाब अबतक प्रस्तुत नहीं किया गया है। जिससे प्रतीत होता है कि राजू प्रजापति, कनीय अभियंता को अपने पक्ष में कुछ भी नहीं कहना है। विदित हो इनकी नियुक्ति के संबंध में पंचायती राज विभाग, झारखण्ड, राँची के विभागीय पत्रांक- 1899 दिनांक 01.10.2021 के साथ संलग्न सेवा अनुबंध प्रपत्र के आलोक में इनके द्वारा समर्पित शपथ पत्र की कंडिका 4 में उल्लेखित है कि सेवा अनुबंध पूर्णकालिक होगा। अर्थात् सेवा अनुबंध अवधि में किसी अन्य स्थान / संस्थाओं इत्यादि में कार्य करने की अनुमति नहीं दी जायेगी, जिसका इन्होंने पालन नहीं किया है। साथ ही आदर्श आचार संहिता का अनुपालन भी नहीं किया गया है। अनुमण्डल पदाधिकारी, श्री बंशीधर नगर से प्राप्त अनुशंसा, राजू प्रजापति से प्राप्त स्पष्टीकरण असंतोषजनक रहने तथा परियोजना निदेशक, (प्रशासन), झारखण्ड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड, (जुडको लि0), झारखण्ड, राँची के पत्र के क्रम में, राजू प्रजापति के द्वारा 02 सरकारी संस्थानों में एक साथ सेवा देने जो संविदा अनुबंध का उल्लंघन है, के आलोक में राजू प्रजापति, कनीय अभियंता, 15वें वित्त, प्रखण्ड भवनाथपुर की सेवा अनुबंध को उपायुक्त द्वारा समाप्त करते हुए इन्हें कार्यमुक्त कर दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### अखिलेश यादव ने आबिद राजा का इस्तीफा किया नामंजूर, बोले- पार्टी के पक्ष में प्रचार करें



**लखनऊ , एजेंसी।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पूर्व विधायक आबिद राजा के मांगपत्र पर उन्हें आश्वासन देते हुए पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पद से दिया गया इस्तीफा नामंजूर कर दिया है। अखिलेश ने आबिद राजा से पार्टी के पक्ष में पूरे प्रदेश में प्रचार करने के लिए भी कहा है। मालूम हो कि राज्यसभा चुनाव में प्रत्याशी तय करने में पीडीए की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए आबिद राजा ने पूर्व सांसद सलीम शेरवानी के साथ इस्तीफा दिया था।

### कानपुर रीजन में 21500 करोड़ रुपये जमा हुआ टीडीएस, देश में तीसरा स्थान, 19.18 प्रतिशत की ग्रोथ

**कानपुर , एजेंसी।** आयकर विभाग की ओर से लगातार लाई जा रही पारदर्शिता और सरलीकरण की प्रक्रिया के चलते कानपुर रीजन (पश्चिमी उप्र व उत्तराखंड) ने टीडीएस संग्रह में रिकॉर्ड बनाया है। सीआईटी टीडीएस रीजन में पिछले साल की तुलना में 5111 करोड़ अधिक जमा हुआ है। रीजन में टीडीएस जमा करने की ग्रोथ रेट 19.18 प्रतिशत रही। रीजन को देश में तीसरा स्थान मिला है। पिछले साल पांचवें स्थान पर था। वहीं मुंबई को पहला, हैदराबाद को दूसरा, भुवनेश्वर को चौथा और चेन्नई को पांचवां स्थान मिला है।

सीआईटी टीडीएस (टैक्स डिडेक्टेड ऐट सोर्स) कानपुर रीजन में 2021-22 में 12433 करोड़ आया था। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 19635 करोड़ जमा हुआ था। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 16390 करोड़ का लक्ष्य तय था। इसके सापेक्ष 21500 करोड़ टीडीएस जमा हुआ है। कानपुर नगर में भी टीडीएस संग्रह बढ़ा है। पिछले साल 3572 करोड़ रुपये टीडीएस जमा हुआ था। इस बार 4835 करोड़ रुपये आया है।

### द्वितीय चरण की 8 लोकसभा सीटों के लिए 175 नामांकन

**लखनऊ, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को दूसरे चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया समाप्त हो गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि द्वितीय चरण में 8 सीटों के लिए कुल 175 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन के अंतिम दिन कुल 94 नामांकन दाखिल हुए। इसके पहले 81 नामांकन हुए थे। गाजियाबाद सीट के लिए सर्वाधिक 35 प्रत्याशियों ने पर्चा भरा है जबकि बुलंदशहर में सबसे कम 10 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। इसी तरह अमरोहा मे 21, मेरठ में 22 नामांकन, बागपत में 16, गौतमबुद्ध नगर में 34 नामांकन, अलीगढ़ में 21 और मथुरा में 16 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच 5 अप्रैल को की जायेगी। 8 अप्रैल को 3 बजे तक नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है।

### आग में जिंदा जला डाउन सिंड्रोम से पीड़ित 10 वर्षीय आरुष, लपटों से घिरा रहा न चिल्ला सका और न चल सका

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में एयरफोर्स स्टेशन के आवासीय परिसर में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से सार्जेंट के बेटे आरुष की दर्दनाक मौत हुई है। डाउन सिंड्रोम नामक बीमारी के चलते वह न तो बोल सकता था और न ही चल सकता था। जिस हालत में रात को उसे लिटाया गया था, उसी हालत में सुबह उसका जला शव मिला। हर कोई उसकी बेबसी से सिहर उठा कि इतनी असहनीय पीड़ा के बाद भी बेचारा चिल्ला तक न सका। एयरफोर्स में सार्जेंट प्रमोद कुकशाल ने बताया कि उनका बड़ा बेटा आरुष डाउन सिंड्रोम नामक बीमारी जूझ रहा था। इस कारण वह बोल नहीं सकता था। चलने-फिरने में भी असमर्थ था। उसे बुधवार रात एक कमरे में सुला दिया गया था। दूसरे कमरे में वे छोटे बेटे और पत्नी के साथ सो रहे थे।

# रॉबर्ट वाड्रा के बयान से गर्मायी सियासत

## अमेठी से चुनाव लड़ने की कही बात, इस सीट पर कर चुके हैं प्रचार



**अमेठी , एजेंसी।** सियासी सरगर्मी के बीच अमेठी से कांग्रेस के दावेदारों की रेस में गुरुवार को एक और बड़ा नाम जुड़ गया। पहली बार प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा का बयान वायरल हो रहा है। इसमें वह कह रहे हैं कि अमेठी के लोग चाहते हैं कि मैं अपना पहला राजनीतिक कदम वहीं से रखूं और सांसद बनूं। क्योंकि 1999 के चुनाव में प्रियंका के साथ जब चुनाव प्रचार किया तो वह अमेठी सीट ही थी। उस समय की राजनीति अलग थी। रॉबर्ट वाड्रा के बयान के बाद जिले का सियासी माहौल एक बार फिर गर्मा गया है।

कभी गांधी परिवार के गढ़ माने जाने वाले अमेठी में वर्ष 2019 के चुनाव में कांग्रेस के राहुल गांधी को भाजपा की स्मृति जुबिन ईरानी ने 55 हजार 120 मतों के अंतर से हरा दिया था। अब जब 2024 के लिए चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। ऐसे में अभी तक सिर्फ भाजपा ने ही अपने उम्मीदवार का एलान करते हुए स्मृति जुबिन ईरानी को फिर उतारा है। कांग्रेस या बसपा ने अभी तक कोई प्रत्याशी नहीं घोषित किया है। सबसे ज्यादा चर्चा कांग्रेस प्रत्याशी को लेकर हो रही है। दरअसल, स्थानीय कांग्रेसियों की मांग है कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ें। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बागडोर संभालते ही राहुल के अमेठी से चुनाव लड़ने की बात कही थी।

फरवरी में न्याय यात्रा लेकर आए राहुल गांधी ने चुनाव लड़ने के मुद्दे पर कुछ नहीं कहा था, लेकिन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खरगे ने जरूर राहुल गांधी के अमेठी से चुनाव लड़ने का संकेत दिया था। ऐसे में अब रॉबर्ट वाड्रा के बयान के निहितार्थ तलाशे जा रहे हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल कहते हैं कि इस बारे में हम कुछ नहीं कह सकते हैं।

## 60 लाख की लूट को अंजाम देने वाले बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े, मुठभेड़ में एक को लगी गोली

**लखनऊ, एजेंसी।** पुलिस ने शुक्रवार की सुबह करनैलगंज के नारायनपुर माझा मोड़ के उसरा घाट मार्ग पर रेलवे क्रांसिंग के पास मुठभेड़ के दौरान चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पकड़े गए बदमाशों के पास से 22 लाख रुपये, 220 ग्राम सोना, कार, मोबाइल फोन, बाइक व तमंचा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस का कहना है कि बदमाशों के पास से कुल 48 लाख की बरामदगी हुई। पकड़े गए बदमाशों ने करनैलगंज के गाड़ी बाजार में सराफा व्यापारी से 60 लाख रुपये के गहने लूट की वारदात को अंजाम दिया था। करनैलगंज के गांधीनगर निवासी विश्वनाथ शाह की गाड़ी बाजार स्थित सराफा की दुकान से 4 मार्च की रात तकरीबन 10 बजे हेलमेट लगाकर आए दो बदमाशों ने तमंचे के बल पर दुकान से 10 किलो चांदी, 600 ग्राम सोना व 1.80 लाख रुपये नगदी लूट ले गए थे।

# अंबेडकरनगर से रहा मायावती का गहरा नाता, सिर्फ जीत की हैट्रिक ही नहीं बनाई, अंतर भी बढ़ाया



**अंबेडकरनगर , एजेंसी।** अंबेडकरनगर जनपद से पूर्व सीएम मायावती का गहरा नाता रहा है। इसकी शुरुआत तब हुई जब उन्होंने पहली बार मुख्यमंत्री बनते ही अयोध्या (तत्कालीन फैजाबाद) जनपद को विभक्त कर 29 सितंबर 1995 को अंबेडकरनगर नाम से नए जिले की घोषणा कर दी। इसके लिए वह स्वयं अकबरपुर आई थीं। शिवबाबा मैदान पर हुई रैली में ही पहले डीएम और एसपी से जनता का परिचय कराया। इसके बाद अपने प्रत्येक कार्यकाल में मुख्यमंत्री के तौर पर जिले को बड़ी-बड़ी विकास परियोजनाएं दीं।

बसपा प्रमुख ने इस जिले को अपनी राजनीतिक कर्मभूमि भी बनाई। उन्होंने वर्ष 1998 के आम चुनाव में यहां से लड़ने की घोषणा कर हलचल मचा दी थी। हालांकि तब भी ज्यादातर लोगों को लगा कि अंत तक मायावती यहां नहीं आएंगी, पर नामांकन शुरू होने पर मायावती ने यहां पहुंचने के साथ ही अकबरपुर सुरक्षित संसदीय सीट से बतौर प्रत्याशी परचा भी भर दिया।

- भाजपा और सपा ने स्थानीय प्रत्याशियों पर दांव लगाकर पूरी मजबूती से टक्कर दी। नतीजा यह रहा कि बड़ा कद होने के बावजूद मायावती सिर्फ 25,179 मत के अंतर से जीत सकीं। उन्हें 2,63,561 मतदाताओं का साथ मिला।
- केंद्र की अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार विश्वासमत में गिर जाने के बाद 1999 में फिर हुए चुनाव में भी मायावती ने इसी सीट को चुना। इस बार उन्होंने पिछले चुनाव से शानदार प्रदर्शन किया। 2,59,762 वोट हासिल कर उन्होंने सपा प्रत्याशी राम पियारे सुमन को 53,386 मत के बड़े अंतर से हराया।
- बसपा प्रमुख ने वर्ष 2004 के चुनाव में भी अंबेडकरनगर का रुख किया। इस बार न सिर्फ उन्होंने जीत की हैट्रिक लगाई वरन जीत का अंतर भी बढ़ाने में सफलता हासिल की। उन्हें 3,25,019 वोट मिले। उन्होंने सपा के शंखलाल मांझी को 58,269 वोट से पीछे छोड़ दिया। हैट्रिक की सफलता के साथ मायावती ने अपने वोटों की संख्या तीन लाख के पार पहुंचा दी। हालांकि वोट में ज्यादा बढ़ोत्तरी सपा प्रत्याशी की भी हुई।

# सेंट्रल जेल से आसिफ खान के वीडियो मामले में जांच पूरी, दो जेलर-डिप्टी जेलर और तीनों वार्डर दोषी

**बरेली , एजेंसी।** बरेली सेंट्रल जेल से शूटर आसिफ खान का वीडियो वायरल होने के मामले में डीआईजी जेल ने जांच पूरी कर रिपोर्ट डीजी को सौंप दी है। सूत्रों के मुताबिक दोनों जेलर, डिप्टी जेलर व तीन वार्डर लापरवाही के दोषी पाए गए हैं। तीनों वार्डर पहले ही निलंबित हो चुके हैं, बाकी पर भी विभागीय कार्रवाई हो सकती है। 12 मार्च को सेंट्रल जेल में बंद मेरठ के शूटर आसिफ खान का इंस्टाग्राम पर लाइव वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में दिख रहे दृश्य जेल के अंदर के थे। उस वक्त जेल प्रशासन ने बयान दिया था कि शाहजहांपुर कोर्ट में पेशी के दौरान वीडियो बनाकर वायरल किया गया था। आसिफ शाहजहांपुर में हुए पीडब्ल्यूडी ठेकेदार राकेश यादव हत्याकांड का आरोपी है और अक्सर तारीख पर शाहजहांपुर जाता रहता है। तब जेल अधीक्षक का प्रभार देख रहे जेलर

विजय राय की ओर से इज्जतनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई थी। डीआईजी जेल कुंतल किशोर ने मामले की जांच शुरू की। उसी वक्त जेल वार्डर रविशंकर द्विवेदी, हंसजीव शर्मा व गोपाल पांडेय को प्राथमिक तौर पर जिम्मेदार मानते हुए निलंबित कर दिया गया था। साथ ही संबंधित बैरक की रखवाली के लिए तकनीकी तौर पर जिम्मेदार डिप्टी जेलर किशन सिंह बल्दिया को लखनऊ मुख्यालय से अटैच कर दिया गया था। दोनों जेलर विजय कुमार राय व नीरज कुमार से स्पष्टीकरण तलब किया गया था।

**डीजी जेल लेंगे कार्रवाई पर निर्णय :** इन सभी की भूमिका की जांच अब पूरी हो गई है। बताते हैं कि डीआईजी जेल की जांच में दोनों जेलर, एक डिप्टी जेलर व तीनों वार्डर को लापरवाही बरतने का दोषी माना गया है। विभागीय कार्रवाई के लिए रिपोर्ट डीजी जेल एसएन साबत को भेज दी गई है। कार्रवाई के तरीके को लेकर उन्हीं के स्तर से निर्णय लिया जाएगा। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद इज्जतनगर पुलिस ने विस्तृत तकनीकी जांच के लिए साइबर सेल के सहारे मेटा से अनुरोध किया है। प्राथमिक जांच में यह पुष्ट हुआ कि लाइव जेल के अंदर से ही किया गया था।

# मानसून की तैयारी: दो महीने में 410 नालों की होगी सफाई, बारिश से पहले नगर निगम ने बनाया प्लान




**आगरा , एजेंसी।** आगरा में मानसून से पहले 15 जून तक शहर के 410 नालों की सफाई का काम पूरा किया जाएगा। बृहस्पतिवार से इसकी शुरूआत कर दी गई। नगर निगम 26 चेन मशीनों के जरिए चारों जोन के नालों से सिल्ट निकालने का काम कराएगा।

बृहस्पतिवार को अपर नगर आयुक्त सुरेंद्र प्रसाद यादव ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ नाला सफाई योजना के संबंध में बैठक की। उन्होंने लगभग दो से ढाई महीने तक चलने वाली नाला सफाई में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए, ताकि छोटे-बड़े 410 नालों को मानसून से पहले ही साफ कर दिया जाए। कार्यकारिणी कक्ष में सेनेटरी इंस्पेक्टरों के साथ हुई बैठक में अपर नगर आयुक्त ने कहा कि कर्मचारियों को पूरे उपकरणों के साथ नाला सफाई में लगाया जाए।

नगर निगम में उपलब्ध 26 चेन मशीनों से चारों जोन के नाले साफ कराए जाएं। मशीन के चालक को प्रतिदिन नाला सफाई का लक्ष्य दिया जाएगा। निश्चित समय सीमा के अंदर मशीन चालक को नाले से सिल्ट बाहर निकालकर सफाई करनी होगी। सेनेटरी इंस्पेक्टर इसकी जांच करके रिपोर्ट देंगे। नालों से निकली सिल्ट के उठान पर भी किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चारों जोन में नाला सफाई के नोडल अधिकारी होंगे, जिनके साथ साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी। इसे हर हाल में 15 जून तक पूरा किया जाएगा।

# गर्मी के तेवर देख ताज पर हेल्प टीम की गई तैयार, पर्यटकों को देगी पानी और इलेक्ट्रॉल पाउडर

**आगरा , एजेंसी।** आगरा में भीषण गर्मी में दहकते पत्थरों के कारण ताजमहल में बेहोश होने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। इस पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने हेल्प टीम तैनात की है। इसके सदस्य पर्यटकों को ठंडा पानी और इलेक्ट्रॉल पाउडर उपलब्ध कराएंगे। जरूरत पर प्राथमिक चिकित्सा के लिए डिस्पेंसरी तक लेकर जाएंगे।





अधीक्षण पुरातत्वविद डॉ. राजकुमार पटेल ने बताया कि 'मे आई हेल्प यू' लिखी जैकेट पहनकर एएसआई के कर्मचारी जगह-जगह तैनात किए गए हैं। किसी पर्यटक की तबीयत खराब होती है तो टीम के सदस्य मदद के लिए तत्काल पहुंचेंगे। प्राथमिक चिकित्सा दिलाएंगे। सदस्यों को कूल बैग में ठंडे पानी की बोतलें और इलेक्ट्रॉल पाउडर दिए गए हैं।

एएसआई कर्मचारियों की टीम सीआईएसएफ जवानों के साथ संपर्क में रहेगी। किसी भी सूचना पर ताज के अंदर पर्यटकों को तुरंत मदद देगी।

बता दें कि एक सप्ताह में 30 से ज्यादा भारतीय और विदेशी पर्यटक बेहोश होकर गिर पड़े। सामान्य से 7 डिग्री सेल्सियस तक ज्यादा रहे तापमान में पर्यटकों की तबीयत खराब हुई। इसके बाद एएसआई अधिकारियों ने विशेष टीम बनाई है।

**ताज में दो पर्यटक बेहोश:** बृहस्पतिवार को ताजमहल का दीदार करने आए मध्य प्रदेश के शाजापुर के दीपक पाटीदार और रोहतक की कृष्णा देवी की तबीयत खराब हो गई। गश खाकर गिर गए, जिन्हें डिस्पेंसरी में प्राथमिक चिकित्सा दी गई। ताजमहल में लाल पत्थर और संगमरमर तापमान बढ़ने से दहक रहे हैं। मुख्य गुंबद से रॉयल गेट और फिर बाहर पैदल ज्यादा चलने के कारण पर्यटक बीमार हो रहे हैं।

## यहां सियासत के लिए कोई जगह नहीं दारुल उलूम को हर चुनाव से पहले इसलिए जारी करना पड़ता है बयान

**मेरठ, एजेंसी।** देवबंद स्थित इस्लामिक इदारा दारुल उलूम यूं तो मजहबी तालीम और विश्व में देवबंदी विचारधारा के लिए जाना जाता है, लेकिन सियासत और सियासी लोगों का भी यहां से पुराना नाता रहा है। ऐसा एक या दो बार नहीं, बल्कि कई बार हुआ जब राजनीतिक दलों के बड़े-बड़े दिग्गजों ने दारुल उलूम पहुंचकर अपनी सियासी जमीन तलाशने की कोशिश की। पर, एक घटनाक्रम ने ऐसा माहौल बना दिया कि दारुल उलूम को हर बार चुनाव से पहले बयान जारी करना पड़ता है कि यहां पर राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है। दरअसल, हुआ कुछ ऐसा था कि साल 2009 में एक पार्टी के बड़े नेता यहां पर पहुंचे थे। उस समय उन्होंने तत्कालीन कुलपति मौलाना मरगूबुर्रहमान का हाथ पकड़कर अपने सिर पर रख लिया था। इसकी फोटो भी खिंचवा ली थी। इसके बाद उस फोटो का इस्तेमाल चुनाव प्रचार में इस तरीके से किया गया जैसे दारुल उलूम ने उन्हें अपना समर्थन दे दिया हो। यह मामला काफी सुर्खियों में रहा था।

**इसलिए पहुंचते हैं सियासी दिग्गज:** दारुल उलूम देवबंद की स्थापना 30 मई 1866 को हुई थी। इसकी स्थापना हाजी सैयद मोहम्मद आबिद हुसैन, फजलुर्रहमान उस्मानी और मौलाना क़ासिम नानौतवी ने की थी। इसके पहले उस्ताद (शिक्षक) महमूद देवबंदी और पहले छात्र महमूद हसन देवबंदी थे। इसमें देश के कोने-कोने से करीब साढ़े चार हजार छात्र इस्लामी तालीम हासिल करते हैं। हर मुसलमान दारुल उलूम के साथ भावनात्मक तौर से भी जुड़ा है। दारुल उलूम कोई फतवा जारी करता है तो उसे हर मुस्लिम मानता है।

# उमेश पाल हत्याकांड: इस बार नहीं मार पाए तो मुंह मत दिखाना

## माफिया अतीक के बेटे अली ने शूटरों से कहा था

**प्रयागराज , एजेंसी।** उमेश पाल और उनके दो गनर की हत्या के मामले में दो दिन पहले आरोपी बनाए गए अतीक अहमद के बेटों उमर व अली के खिलाफ विवेचना में पुलिस को अहम साक्ष्य मिले हैं। पूर्व में जेल भेजे गए अभियुक्तों ने बयान में बताया है कि अतीक से फेसटाइम पर होने वाली हर मीटिंग के बाद एक-एक बात की जानकारी जेल जाकर अली को दी जाती थी। पूर्व में दो बार प्लानिंग फेल होने के चलते एक बार गुलाम समेत अन्य शूटरों को उसने यह कहते हुए उकसाया भी था कि इस बार उमेश पाल को नहीं मार पाए तो दोबारा मुंह मत दिखाना।

सूत्रों के मुताबिक, हत्याकांड से पहले शूटर गुलाम, गुड्डू मुस्लिम व अरमान ने नैनी जेल में जाकर अली से पांच बार मुलाकात की थी। इस दौरान उनके साथ सदाकत भी था। सदाकत ने पूछताछ में पुलिस को जो बयान दिया है, उससे अली की संलिप्तता के पर्याप्त साक्ष्य मिलते हैं। उसने पुलिस को बताया कि शूटर गुलाम, गुड्डू मुस्लिम व अरमान, असद की मौजूदगी में फेसटाइम से अतीक से मीटिंग करते थे। ऐसी ही एक मीटिंग मुस्लिम हॉस्टल के कमरा नंबर 36 में भी हुई थी जिसमें वह शामिल था।

**अली से मिलने के लिए नैनी जेल में गए थे शूटर:** इस मीटिंग के बाद भी गुलाम व अन्य शूटर उसे लेकर नैनी जेल में अली से मिलने पहुंचे थे और उसे एक-एक बात की जानकारी दी थी। इसके अलावा शाइस्ता के चकिया कसारी मसारी स्थित कमरे में होने वाली मीटिंग के बाद भी गुलाम व अन्य नैनी जेल में अली से मिलने गए थे। हत्याकांड से पहले आखिरी बार जेल में हुई मुलाकात में अली ने गुलाम व अन्य को उकसाया भी था। उसने इस बार कोई चूक होने पर दोबारा शक्ल न दिखाने की बात कही थी। इस बात को लेकर गुलाम बहुत आक्रोशित था और जेल से लौटते वक्त उसने यह भी कहा था कि इस बार किसी भी हालत में वह काम पूरा करके रहेगा।

### जेल में बयान के बाद चार्जशीट

सूत्रों का कहना है कि उमर व अली ने जेल से अपने भाई असद व शूटरों को दिशा-निर्देश भी दिए थे। अभियुक्तों के बयान के साथ ही नैनी व लखनऊ जेल के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज, जेल मुलाकाती रजिस्टर में की गई प्रविष्टि आदि ऐसे ही साक्ष्य हैं। फिलहाल इस मामले में अगली कार्रवाई दोनों अभियुक्तों का बयान दर्ज किया जाना है। विवेचक इस मामले में कोर्ट से अनुमति लेकर दोनों का बयान दर्ज करने नैनी व लखनऊ जेल में जाएंगे। माना जा रहा है कि बयान दर्ज किए जाने के बाद उनके खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया जा सकता है।

### विवाहिता की गई जान: ससुराल लेकर गया था पति, चार घंटे बाद मिली मौत की सूचना; रोते-रोते मां हुई बेसुध

**आगरा, एजेंसी।** आगरा के थाना हरीपर्वत क्षेत्र के वजीरपुरा में संदिग्ध हालत में विवाहिता की मौत हो गई। पति उसे मायके से ससुराल लेकर गया था। चार घंटे बाद ही विवाहिता की मौत की सूचना मिली तो मायके वालों के होश उड़ गए। एसएन अस्पताल पहुंची विवाहिता की मां ने जब बेटी की लाश को देखा तो रोते-रोते बेसुध हो गई। पुलिस ने विवाहिता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**यहां का है मामला:** ये मामला थाना हरीपर्वत क्षेत्र के वजीरपुरा का है। बताया गया है कि यासरीन की शादी वजीरपुरा क्षेत्र में हुई है। वो अपने मायके आई हुई थी। पति बृहस्पतिवार रात 8:00 बजे मायके से लेकर गया था। इसके बाद आज सुबह मायके वालों को खबर मिली कि उसकी मौत हो गई है।

**फंदे पर लटकी मिली लाश:** यासरीन की लाश फंदे पर लटकी मिली। परिवार के लोग उसे एसएन अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां यासरीन की मां भी आ गई। बेटी की लाश को जैसे ही देखा तो वो रोते-रोते बेसुध हो गई। परिवार के अन्य लोगों ने उन्हें संभाला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**हत्या का लगाया आरोप:** मायका पक्ष के लोगों ने ससुराल वालों पर हत्या कर शव को फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# उत्तर मध्य रेलवे के जीएम निरीक्षण करने पहुंचे, लोको पायलट ने रखी समस्याएं





**कानपुर, एजेंसी।** सर खाना तो ठीक मिलता है। क्वालिटी भी बेहतर रहती है, लेकिन कभी-कभी तकिये और चादर गंदे आ जाते हैं। कई बार इनके पैकेट खुले मिलते हैं। यह समस्याएं लोको पायलट एससोसिएशन के पदाधिकारियों ने उत्तर मध्य रेलवे के जीएम रवींद्र गोयल के सुविधाओं के संबंध में पूछे गए सवाल पर बताई। महाप्रबंधक शुक्रवार की सुबह सेंट्रल स्टेशन, न्यू लोको पायलट रनिंग रूम, गोविंदपुरी, पनकी धाम का निरीक्षण करने आए हैं।

वह सुबह 9.30 बजे स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस 12561 के विशेष कोच से प्लेटफार्म नंबर एक पर उतरे। उनके साथ प्रयागराज मंडल के डीआरएम हिमांशु बडोनी और मंडल के अन्य अधिकारी रहे। जीएम सबसे पहले न्यू लोकोपायलट रनिंग रूम देखने गए। वहां के कमरों, हॉल और रसोई घर का निरीक्षण किया। उन्होंने लोको पायलट से बातचीत की, जिस पर एक लोको पायलट ने इटेलियन टॉयलेट होने की वजह से समस्याएं बताई। उन्होंने कहा कि सुबह राजधानी और अन्य ट्रेन आती हैं। इटेलियन टॉयलेट की वजह से लाइन लग जाती है।

लोको पायलट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ड्यूटी से संबंधित रोस्टर और ड्यूटी चार्ट को लेकर आ रही दिक्कतों को रखा, जिस पर जीएम ने उनकी समस्याओं के निदान का आश्वासन दिया। यहां से पहले जीएम ने रनिंग रूम के मेस और किचन का जायजा लिया। उन्होंने स्टाफ से खाने की क्वालिटी, दही की मात्रा की जानकारी ली। किचन के अंदर बर्तन और अन्य सामान को चेक किया। यहां के बाद जीएम ने गोविंदपुरी स्टेशन में अमृत भारत योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों को देखा। वहां ठेकेदार और इंजीनियर से सवाल किए। कुछ यात्रियों से भी बातचीत की। यहां के बाद महाप्रबंधक पनकी धाम स्टेशन भी गए। वह दोपहर के बाद सेंट्रल स्टेशन में सिटी साइड चल रहे कार्यों का निरीक्षण करेंगे। अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर सकते हैं। शाम को चौरी चौरा एक्सप्रेस से रवाना होंगे।



संपादकीय

साहित्य, कला, संस्कृति से जुड़ी संस्थाओं के कई प्रक्रियागत मामलों में पहले भी सवाल उठते रहे हैं। जबकि उम्मीद की जाती है कि ऐसी संस्थाओं को विवाद और राजनीतिक दखलअंदाजी से अलग रखना चाहिए। पिछले

# स्वायत्त संस्थाओं में सियासत अनुचित

कुछ समय से यह चलन-सा बन गया है कि ज्यादातर सरकारी संस्थानों के समारोहों के आयोजन में उसके उद्घाटन, समापन या अन्य कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए सत्ता पक्ष से जुड़े राजनीतिकों या मंत्रियों को बुला लिया जाता है। इस बात का खयाल रखना जरूरी नहीं समझा जाता कि इस तरह किसी स्वायत्तशासी संस्था की छवि और गतिविधि प्रभावित होती है। यह बेवजह नहीं है कि सैद्धांतिक रुख रखने वाले कुछ लोग ऐसी संस्थाओं के राजनीतिकरण से सहमति नहीं रख पाते और आखिरी विकल्प के तौर पर इस्तीफा दे देते हैं। गौरतलब है कि मलयालम के जाने-माने लेखक सी राधाकृष्णन ने इस वर्ष के साहित्य अकादेमी के साहित्य महोत्सव का उद्घाटन एक केंद्रीय मंत्री से कराए जाने के विरोध में सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। वे केंद्रीय साहित्य अकादेमी के सदस्य थे। उनका कहना था कि साहित्य महोत्सव का उद्घाटन जिस केंद्रीय मंत्री से कराया गया, उनका साहित्य के क्षेत्र में कोई बड़ा योगदान नहीं है। अकादेमी के सचिव को लिखे अपने त्यागपत्र में उन्होंने यह शिकायत की थी कि साहित्य अकादेमी के लंबे और शानदार इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ, जबकि अकादेमी ने राजनीतिक दबाव के खिलाफ संस्थान की स्वायत्तता को लगातार बरकरार रखा है। साहित्य, कला, संस्कृति से जुड़ी संस्थाओं के कई प्रक्रियागत मामलों में पहले भी सवाल उठते रहे हैं। जबकि उम्मीद की जाती है कि ऐसी संस्थाओं को विवाद और राजनीतिक दखलअंदाजी से अलग रखना चाहिए। उनमें विशेषज्ञता को तरजीह दी जानी चाहिए। मगर अफसोस कि ऐसी संस्थाओं में पिछले कुछ समय से ऐसे विवाद उभरते रहे हैं, जो नाहक ही उनकी तटस्थ और स्वतंत्र छवि पर असर डालते हैं। खेल संघों में शीर्ष पदों पर राजनीतिक नियुक्तियों का हासिल क्या रहा है, यह छिपा नहीं है। अब साहित्य-संस्कृति से जुड़ी संस्थाओं में भी राजनेताओं को बुलाने की वजह से उस पर विवाद खड़े होने लगे हैं। विडंबना है कि ऐसी बातों पर कोई आपत्ति जताता या वाजिब सवाल उठाता है तो उसे संस्थान से बाहर होना पड़ता है। ऐसी छवि के साथ साहित्यिक मूल्यों और विचारों को कैसे बचाया जा सकेगा?

# उ.प्र. में किसका खेल बिगाड़ेंगी मायावती, 17 साल पुराने फॉर्मूले से मिलेगी सफलता?



( अंकित सिंह )

मायावती का पूरा फोकस दलित, मुस्लिम और ब्राह्मणों पर दिखाई दे रहा है। मायावती की पार्टी की ओर से तीन अलग-अलग सूची जारी की गई है। बुधवार को 12 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया था। इससे पहले 16 प्रत्याशियों की पहली और नौ उम्मीदवारों की दूसरी सूची भी पार्टी की ओर से जारी की गई थी।

उत्तर प्रदेश में सियासी बिसात जबरदस्त तरीके से देखने को मिल रही है। कुछ समय पहले तक खामोश रही बहुजन समाज पार्टी अपनी ताकत दिखाने की शुरुआत कर चुकी है। उत्तर प्रदेश के चुनावी रण में मायावती ने अकेले मैदान में उतरने का फैसला लिया है। बड़ा सवाल यही है कि 2022 के विधानसभा चुनाव में महज एक सीट पर सिमटने वाली बसपा लोकसभा चुनाव में क्या कमाल कर पाएगी। लेकिन जिस तरीके से मायावती टिकटों का बंटवारा कर रही हैं, उससे इस बात का संकेत साफ तौर पर हो रहा है कि बसपा खुद को कमजोर नहीं मानती। इतना ही नहीं, कई सीटों पर मायावती समाजवादी पार्टी का खेल बिगाड़ती नजर भी आ रही हैं। साथ ही साथ 2007 में जिस सोशल इंजीनियरिंग के सहारे मायावती ने उत्तर प्रदेश की सत्ता हासिल की थी, ठीक उनकी ओर से वैसा ही कुछ इस बार करने की कोशिश की जा रही है।

मायावती का पूरा फोकस दलित, मुस्लिम और ब्राह्मणों पर दिखाई दे रहा है। मायावती की पार्टी की ओर से तीन अलग-अलग सूची जारी की गई है। बुधवार को 12 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया है। इससे पहले 16 प्रत्याशियों की पहली और नौ उम्मीदवारों की दूसरी सूची भी पार्टी की ओर से जारी की गई थी। बसपा की ओर से सभी सीटों पर नए चेहरे पर दांव लगाया गया है। 2019 में चुनाव जीतने वाले 10 सांसदों में से सिर्फ गिरीश चंद्र जाटव को ही टिकट दिया गया है। उनकी सीट बदल दी गई है। इस बार नगीना की बजाय बुलंदशहर से उन्हें उतर गया है। तीसरी लिस्ट की 12 प्रत्याशियों में तीन ब्राह्मण, तीन दलित, दो मुस्लिम, एक ठाकुर और एक खत्री के अलावा दो ओबीसी हैं। जबकि पहले जो 25 प्रत्याशियों की सूची जारी की गई थी उसमें आठ सवर्ण, 7 मुस्लिम, 7 अनुसूचित जाति और दो ओबीसी को मैदान में उतर गया था। पार्टी की ओर से ठीक इसी तरीके की रणनीति 2007 में दिखाई गई थी। मायावती की ओर से 2024 की चुनावी लड़ाई में ब्राह्मण, दलित, मुस्लिम का फार्मूला बनाया गया है। पार्टी की ओर से इन्हीं तीन जातियों को महत्व भी दिया जा रहा है। दलित और मुस्लिम समुदाय से 10-10 उम्मीदवारों को अब तक टिकट दिया जा चुके हैं जबकि ब्राह्मण समुदाय से 8 प्रत्याशी उतारे गए हैं। इस सूची में पांच ठाकुर प्रत्याशी भी है। दिलचस्प बात यह भी है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बीजेपी, समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने एक भी ठाकुर प्रत्याशी नहीं दिया है। लेकिन बसपा ने तीन पर भरोसा जताया है। बसपा की ओर से मुरादाबाद, संभल, अमरोहा, कन्नौज, लखनऊ, रामपुर, सहारनपुर जैसी सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशी उतारे गए हैं। ऐसे में कहीं ना कहीं इन सीटों पर समाजवादी पार्टी का खेल बिगाड़ सकता है।

# वोट में तब्दील होने वाले मुद्दों की तलाश बड़ी चुनौती

**18 वीं लोकसभा के चुनावों का बिगुल बज चुका हैं वहीं पहले चरण की 102 सीटों के लिए नामांकन का कार्य पूरा होने के साथ ही एनडीए ने 31 मार्च को मेरठ और इंडी गठबंधन ने नई दिल्ली से चुनावी केंपेन का आगाज कर दिया है। लोकसभा के सातों चरणों के मतदान तक राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव रैलियों, रोड़ शो सहित विभिन्न मंचों से एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी रहेगा। सौ टके का सवाल यह है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के चुनावों में चुनाव अभियान के दौरान आखिर मुख्य मुद्दे क्या बनेंगे ? हाल ही पांच विधान सभा चुनावों के दौरान गांरटियों की खूब चर्चाएं रही। एक तरफ गांरटियां थी तो दूसरी और बीजेपी ने मोदी को ही गारंटी बताकर प्रचारित किया। दरअसल देखा जाएं तो पिछले कुछ चुनावों से चाहे वे लोकसभा के हो या विधानसभाओं के चुनाव हो, सीधे जनता से जुड़े मुद्दें तो कहीं नेपथ्य में ही रह जाते हैं। तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि जनता से जुड़े मुद्दों को आमजनता भी अब मुद्दे या चुनावी एजेंडा नहीं मानने लगी है।**

( डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा )

एक बात और चुनाव घोषणा पत्रों में मुफ्त की सुविधाओं की भरमार भी अब लोगों को अधिक लुभाने वाली नहीं लगती। कारण साफ है इससे एक और प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष कर देने वाला अपने को ठगा समझने लगा है, वहीं लाभार्थी इसे राजनीतिक दलों की कमजोरी समझने लगा है।

18 वीं लोकसभा के चुनावों का बिगुल बज चुका हैं वहीं पहले चरण की 102 सीटों के लिए नामांकन का कार्य पूरा होने के साथ ही एनडीए ने 31 मार्च को मेरठ और इंडी गठबंधन ने नई दिल्ली से चुनावी केंपेन का आगाज कर दिया है। लोकसभा के सातों चरणों के मतदान तक राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव रैलियों, रोड़ शो सहित विभिन्न मंचों से एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी रहेगा। सौ टके का सवाल यह है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के चुनावों में चुनाव अभियान के दौरान आखिर मुख्य मुद्दे क्या बनेंगे ? हाल ही पांच विधान सभा चुनावों के दौरान गांरटियों की खूब चर्चाएं रही। एक तरफ गांरटियां थी तो दूसरी और बीजेपी ने मोदी को ही गारंटी बताकर प्रचारित किया। दरअसल देखा जाएं तो पिछले कुछ चुनावों से चाहे वे लोकसभा के हो या विधानसभाओं के चुनाव हो, सीधे जनता से जुड़े मुद्दें तो कहीं नेपथ्य में ही रह जाते हैं। तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि जनता से जुड़े मुद्दों को आमजनता भी अब मुद्दे या चुनावी एजेंडा नहीं मानने लगी है। इसका कारण भी कुछ और ही होता जा रहा है। किसी जमाने में गरीबी हटाओं या भ्रष्टाचार मिटाओं या महंगाई या बेरोजगारी तो सकारात्मक प्रचार अभियान में विकास की बात आदि मुद्दे महत्वपूर्ण होते थे पर अब देखा जाए तो यह मुद्दे वोट में तब्दील नहीं हो पा रहे हैं। पिछले चुनावों के अनुभव हमारे सामने हैं। दर असल अब नकारात्मक प्रचार राजनीतिक दलों पर उलटा पड़ने लगा है। पिछले दो लोकसभा के चुनावों में चौकीदार, सेना के साक्ष्य, चाय वाला आदि ऐसे वक्तव्य रहे जिसका जितना अधिक उपयोग हुआ वह भाजपा और नरेन्द्र मोदी के पक्ष में ही गया। दरअसल अब वोट विश्वसनीयता यानी की भरोसे और वोल्डनेस पर पड़ने लगे हैं। एक बात यह भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि आजादी के 75 साल बाद भी किसी दल का वोट प्रतिषत 50 प्रतिशत का आंकड़ा छू नहीं पाया है। दूसरी और चुनाव आयोग द्वारा लाख प्रयासों के बाद भी 100 में से 33 प्रतिशत मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर मतदान के लिए ले जाने में हम सफल नहीं हो पा रहे हैं। खैर यह अलग विचारणीय मुद्दे हैं।



विपक्ष के प्रयास है कि सत्तारुढ़ द्वारा संबैधानिक संस्थाओं यथा ईडी, आईटी आदि जांच एजेंसियों का हथियार के रुप में उपयोग, चुनावी बॉण्ड, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार आदि को प्रभावी तरीके से चुनावी मुद्दा बनाया जाये पर अभी तक जो दिखाई दे रहा है उसमें साफ है कि यह मतदाताओं को प्रभावित करने वाले मुद्दे बन नहीं पा रहे हैं। इसका एक प्रमुख कारण तो विपक्षी खासतौर से इंडी के दलों का जुड़ना बिखरना जारी है। एक तरफ ममता पं.बगांल में कांग्रेस द्वारा वामपंथी दलों के साथ तालमेल कर चुनाव लड़ने को खुले आम भाजपा को लाभ बताने वाला निर्णय बता रही हैं वहीं बिहार, महाराष्ट, दिल्ली में कांग्रेस का छोटे पार्टनर के रुप में सामने आने, पंजाब में आप से सीटों के बंटवारें को लेकर समझौता ही नहीं होने, बसपा का अलग रुख, अजित जनता दल का बीजेपी के साथ आना, ओडीसा में बीजद सहित विरोधाभास सामने आ रहे हैं। वहीं दिल्ली की रैली से साफ हो जाता है कि विपक्ष का जो पैनापन होना चाहिए था वह लगभग असरदार नहीं दिखा। चुनावी बॉण्ड का मुद्दा जिस तरह से उछला वह अपनी धार नहीं दिखा पाया क्योंकि चुनावी चंदा सभी ने लिया चाहे वो कम हो या ज्यादा। दूसरी बात आमजन का यह सोच माना जा सकता है कि सभी राजनीतिक दल चुनावी चंदा लेते हैं और साफ है कि इसका फायदा सत्तारुढ़ दल को अधिक ही मिलता है। चंदा देने वाला अपने निहितार्थ देखता है और यही कारण है कि वह सत्तारुढ़ दल को अधिक चंदा देता है। इसलिए जिस तरह से यह बड़ा मुद्दा बनने की संभावना देखी जा रही थी वह कहीं पीछे ही रह गई। इसी तरह से केजरीवाल सहित आप नेताओं पर ईडी छापों और जेल का मुद्दा भी अधिक असर दिखाता नहीं लग रहा। इसका कारण भी साफ है कि केजरीवाल जो भ्रष्टाचार के खिलाफ ही सत्ता में आये थे पहलीबात तो उनके नेताओं पर शराब ठेकों में भ्रष्टाचार के आरोप लगे, दूसरी और बार बार सम्मन आने पर भी रेस्पांस नहीं करने और गिरफ्तारी के बाद भी पद पर बने रहने का आमजन में अभी तो नकारात्मक असर ही दिखाई दे रहा है। इस मामलें में लोग लालू की बड़ाई करने लगे हैं कि लालू ने गिरफ्तार होते ही अपना पद त्याग दिया और भले ही राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाया पर पद की गरिमा को तो बनाये रखा। केजरीवाल द्वारा बार बार सम्मन की अवहेलना करने और त्यागपत्र नहीं देने से लोगों में केजरीवाल के पदलोलुपता का संदेश गया अन्यथा निश्चित रुप से केजरीवाल के प्रति सहानुभूति होती और इसका लाभ समस्त विपक्ष को मिलता पर लगता है एक अच्छा अवसर खो दिया गया है। अब सवाल महंगाई को लेकर आता है तो महंगाई किसी जमाने में अपना असर दिखाती थी और प्याज के भाव बढ़ने के कारण सरकार को जाते हुए हमनें देखा है पर लगता है अब यह मुद्दा भी कुंद पड़ता जा रहा है। इसका कारण है बेरोजगारी और मंहगाई को जिस तरह से विपक्ष को चुनावी इशु बनाना चाहिए था उसमें वह सफल नहीं हो पा रही हैं।इस चुनाव में किसानों का मुद्दा तो अभी तक दिखाई ही नहीं दे रहा। एक बात और चुनाव घोषणा पत्रों में मुफ्त की सुविधाओं की भरमार भी अब लोगों को अधिक लुभाने वाली नहीं लगती। कारण साफ है इससे एक और प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष कर देने वाला अपने को ठगा समझने लगा है, वहीं लाभार्थी इसे राजनीतिक दलों की कमजोरी समझने लगा है। चुनावी बॉण्ड भी इसलिए अधिक बड़ा मुद्दा नहीं बन पा रहा कि कमोबेस सभी दलों को चंदा मिला है। किसी ने भी इस तरह से चंदा लेने से ना नहीं किया। दूसरी और जहां तक आमआदमी का प्रश्न है वह जानता है कि चुनावी चंदा देने वाले पैसे वाले प्रभावशील लोग हैं। आमआदमी तो इतना चंदा देने से रहा। यह भी जानते हैं कि चुनावों के लिए चंदा लिया ही जाता है। दूसरी और मजे की बात यह है कि चंदा पैसों वालों से लेने के बावजूद आममतदाताओं को साधनें में सत्तारुढ़ दल सफल रहा है। साफ है कि चंदा देने वालों के वोट गिनती के ही होते हैं। साफ है कि 18 वीं लोकसभा के चुनाव प्रचार अभियान में संवैधानिक संस्थाओं के उपयोग, चुनाव बॉण्ड, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार आदि मुद्दें अधिक चलने वाले नहीं हैं। राम मंदिर, धारा 370 या इसी तरह के अन्य मुद्दों को विपक्ष उठाता भी है तो इसका लाभ भारतीय जनता पार्टी को ही मिलेगा। ऐसे में विपक्ष को चुनावी वैतरणी पार करने के लिए कोई ठोस मुद्दें खोजने होंगे। हवा हवाई या चलताउ भाषणों, आरोप प्रत्यारोप से पार पाना मुश्किल रहेगा। राजनीतिक विश्लेषक कहते हैं कि इस बार के चुनाव दस नेताओं के इर्द गिर्द रहेंगे इनमें नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, राहुल गांधी, खड़गे, शरद पंवार, ममता बनर्जी, नीतिश कुमार, तेजस्वी यादव, स्टालीन, असदुद्दिन ओवैसी आदि दशा और दिशा तय कर पायेंगे। पर मेरा मानना है कि 18 वीं लोकसभा के चुनाव नरेन्द्र मोदी के इर्द गिर्द ही रहने वाला है। विपक्ष का निशाना नरेन्द्र मोदी ही रहेंगे और इसका उजला या स्याह पक्ष यह है कि विपक्ष जितना अधिक नरेन्द्र मोदी के नाम का उच्चारण करेगा उसका उतना ही अधिक लाभ नरेन्द्र मोदी और भाजपा को मिलेगा। पिछले दो लोकसभा के चुनाव परिणाम तो यही बताते हैं। ऐसे में विपक्ष को अलग ही तरह की रणनीति बनानी होगी।

विपक्ष को सकारात्मक रणनीति बनानी होगी अन्यथा नकारात्मकता को तो नरेन्द्र मोदी को अपने पक्ष में करने की महारत हैं। लोक सभा के पिछले दो चुनाव और गत दस सालों के विधानसभाओं के चुनावों के परिणाम सबके सामने हैं ऐसे में विपक्ष के सामने सबसे बड़ी चुनौती भाजपा को घेरने की है और इसके लिए उसे पूर्व अनुभवों को ध्यान में रखते हुए प्रभावी रणनीति बनानी होगी। रैलियों, सभाओं में प्रमुख नेताओं को भाषणों-वक्तव्यों के दौरान सावधानी बरतनी होगी तभी मोदी जी से पार पाया जा सकता है। यह साफ साफ समझ लेना होगा। इसमें कोई अतिशयोक्ति भी नहीं है कि मोदी जी विपक्षी नेताओं द्वारा कही गई बात को तत्काल अपने पक्ष में भुनाने में सिद्धहस्त है, ऐसे में विपक्ष के सामने प्रमुख चुनौती चुनाव अभियान के दौरान अपनों के बीच समन्वय व समझ बनाये रखनी है तो जनमानस को प्रभावित करने की रहेगी तो मोल तोल के बोल पर भी अधिक ध्यान देना होगा।

## पीएचडी की बदलेगी अब सूरत-सीरत

**प्रो. श्याम सुंदर भाटिया**

पीएचडी करने की ख्वाहिश रखने वाले युवाओं के लिए यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन-यूजीसी से बड़ी ख़बर आ रही है। या यूं कहें तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होनी चाहिए, पीएचडी की चाह रखने वाले के लिए यूजीसी ने अब नई संजीवनी से लबरेज नायाब तोहफा दिया है। 2024-25 से पीएचडी में प्रवेश के लिए अब केवल एक राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा- नेट देनी होगी। यह नई शिक्षा नीति-2020 का अहम हिस्सा है। उच्च शिक्षा के शीर्ष संस्थान के इस कदम से देशभर में कई प्रवेश परीक्षाओं की अब जरूरत नहीं रहेगी। नेट परीक्षा प्रावधानों की समीक्षा के लिए नियुक्त एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के बाद यह महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। यूजीसी की हाल ही में हुई 578वीं बैठक के दौरान इस बड़े बदलाव को हरी झंडी दे दी गई। यूजीसी ने इसे जून से ही क्रियान्वित करने का ऐलान किया है। उल्लेखनीय है, एनईपी-2020 को लागू करने की सिफारिशों के संग केन्द्र सरकार ने गैर जरूरी बताते हुए एम.फिल. की विदाई कर दी थी। यूजीसी के इस फैसले के बाद देशभर में अब किसी भी सरकारी या प्राइवेट यूनिवर्सिटी में एमफिल की डिग्री नहीं दी जा रही है। नेट परीक्षा अब तक मुख्य रूप से जूनियर रिसर्च फेलोशिप- जेआरएफ और सहायक प्रोफेसर्स की नियुक्तियों की पात्रता तय करने के लिए होती रही है। अब इसका दायरा बढ़ा दिया गया है। ऑल ओवर इंडिया पीएचडी में प्रवेश के लिए नेट परीक्षा ही पात्रता होगी। पीएचडी में एडमिशन के लिए रिजल्ट उम्मीदवार के प्राप्त अंकों के साथ परसेंटाइल में जारी किया जाएगा। बताते चलें, अभी तक पीएचडी रेग्यूलेशन एक्ट-2022 के तहत जेआरएफ पास स्टुडेंट्स को ही इंटरव्यू बेस पर पीएचडी में एडमिशन मिलता रहा है। यूजीसी की ओर से नए परिवर्तन की गाइडलाइन्स का नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है।नए नियमों के मुताबिक जून, 2024 से यूजीसी नेट योग्य उम्मीदवारों की पात्रता तीन श्रेणियों में होगी। एक- जेआरएफ और सहायक प्रोफेसर की नियुक्ति के संग-संग पीएचडी प्रवेश के लिए पात्र होंगे। दो- जो आवेदक जेआरएफ के बिना पीएचडी प्रवेश के लिए पात्र हैं, लेकिन सहायक प्रोफेसर नियुक्ति चाहते हैं।

# गाजा में कब तक गरजेंगी बंदूकें

**साफ है, हमास पर हमले का दांव प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर उल्टा पड़ रहा है। पहले जब कभी ऐसे युद्ध हुए हैं, एकाध महीने के बाद बंदूकें खामोश हो जाती थीं और इजरायल व फलस्तीन अपनी-अपनी राह बढ़ जाते थे। मगर इस बार इजरायल ने आर-पार की लड़ाई लड़ने का मन बनाया था, जिसकी कई वजहें थीं। प्रधानमंत्री नेतन्याहू इसमें अपने लिए काफी संभावनाएं देख रहे थे। उन पर ऐसे-ऐसे आरोप लगे, जिनसे जनता में उनकी स्वीकार्यता घट गई थी, इसलिए इस युद्ध में डटे रहकर वह अपनी छवि मजबूत करना चाहते थे।**

( अश्विनी महापात्र, प्रोफेसर, जेएनयू )

सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर इजरायल के कथित हमले में सात लोगों की मौत ने हमास-इजरायल जंग को एक नया मोड़ दे दिया है, वहीं दूसरी तरफ, प्रधानमंत्री नेतन्याहू के ऊपर संघर्ष-विराम का चौतरफा दबाव बढ़ने लगा है। पिछले रविवार को काफी बड़ी संख्या में इजरायली प्रदर्शनकारी हमास से युद्ध के खिलाफ नेतन्याहू सरकार को घेरते हुए सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारी हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजरायलियों को अब तक न छुड़ा पाने की सरकार की नाकामी से नाराज थे। वे संघर्ष-विराम और जल्द आम चुनाव कराने की मांग भी कर रहे थे।

साफ है, हमास पर हमले का दांव प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर उल्टा पड़ रहा है। पहले जब कभी ऐसे युद्ध हुए हैं, एकाध महीने के बाद बंदूकें खामोश हो जाती थीं और इजरायल व फलस्तीन अपनी-अपनी राह बढ़ जाते थे। मगर इस बार इजरायल ने आर-पार की लड़ाई लड़ने का मन बनाया था, जिसकी कई वजहें थीं। प्रधानमंत्री नेतन्याहू इसमें अपने लिए काफी संभावनाएं देख रहे थे। उन पर ऐसे-ऐसे आरोप लगे, जिनसे जनता में उनकी स्वीकार्यता घट गई थी, इसलिए इस युद्ध में डटे रहकर वह अपनी छवि मजबूत करना चाहते थे। मगर अब जिस तरह से उनके खिलाफ विरोध-प्रदर्शन तेज हो गया है, उनकी कोशिश जल्द से जल्द हमास के समूल विनाश की होगी, ताकि एक तरफ लोग उनका लोहा मान सकें और दूसरी तरफ फलस्तीन की तरफ से इजरायल को कोई खतरा भी न रहे।

फलस्तीन में विपक्ष कमजोर पड़ गया है और पिछले साल की 7 अक्तूबर की घटना के बाद से वहां हमास का जनाधार बढ़ गया है। ऐसे में, नेतन्याहू की चिंता यह भी होगी कि गाजा से बाहर निकलने के बाद इजरायल के लिए मुश्किलें कहीं बढ़ न जाएं। आशंका है, ईरान जैसे देशों की मदद से हमास अधिक ताकतवर बन जाए। नेतन्याहू के लिए घरेलू दबाव ही काफी नहीं था कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका के बदले रुख से भी इजरायल सकते में है। विगत 25 मार्च को पहली बार सुरक्षा परिषद ने गाजा में तत्काल संघर्ष-विराम की मांग की। जब इस संबंध में सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव पेश किया गया, तो इजरायल को भरोसा था कि अमेरिका उसका साथ देगा और इस प्रस्ताव को वीटो करेगा,




मगर वाशिंगटन ने इससे अलग रहना ही मुनासिब समझा और दबाव अब इजरायल पर आ गया है। इससे हमास को जरूर खुशी मिली होगी कि कम से कम अमेरिका की नीति तो बदली !


व्हाइट हाउस के लिए ऐसा करना अनिवार्य हो गया था। उसका कहना है कि इजरायल की जवाबी कार्रवाई में अब तक हजारों आम नागरिकों की मौत हो चुकी है, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। तकरीबन 20 लाख फलस्तीनी राफा में पलायन करने को मजबूर हुए हैं, जहां मानवीय संकट चरम पर है। पिछले दिनों उत्तरी गाजा में विमानों से गिराए गए खाने के पैकेट पाने की कोशिश में 15 से अधिक लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। ऐसे में, इजरायल के साथ शुरुआत में भले ही पूरी दुनिया की सहानुभूति थी, लेकिन गाजा संघर्ष के लंबा खिंचने के बाद उसके प्रति विश्व बिरादरी का विश्वास डिग गया है।

अमेरिका की घरेलू राजनीति भी अब इसकी इजाजत नहीं देती कि वह इजरायली सैन्य कार्रवाई का पूर्ववत समर्थन करता रहे। पहले की अमेरिकी सरकारों की नजर में इजरायल नरसंहार से पीड़ित ऐसा देश था, जिसके हितों की रक्षा आवश्यक थी, लेकिन अमेरिका की नई पीढ़ी यही मानती है कि जब डेमोक्रेट नेता लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति संजीदा हैं, तो उनकी सरकार फलस्तीनियों के अधिकारों पर चुप क्यों है? इसीलिए, संयुक्त राष्ट्र के संघर्ष-विराम प्रस्ताव को प्रकारांतर से सहमति देकर डेमोक्रेट नीति-निर्माताओं ने जन-आलोचना से बचने की राह निकाली। हालांकि, अमेरिकी यह भी मानते हैं कि संघर्ष-विराम की सूरत में इजरायल को हरसंभव मदद मिलनी चाहिए।

अभी तक इजरायल ने भले ही अपने पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन मौजूदा घटनाक्रम का मतलब यह नहीं है कि दुनिया के देश इजरायल से दूरी बनाना चाहते हैं। भारत सहित तमाम मुल्कों का यही मानना है कि जब कभी इजरायल पर हमला होगा, दुनिया उसके साथ एकजुटता दिखाएगी, लेकिन फलस्तीन विवाद का भी समाधान होना चाहिए। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने तो हाल में ही दोहराया है कि फलस्तीन पर हम स्पष्ट हैं और उसे राष्ट्र का दर्जा मिलना चाहिए। हालांकि, यह किस रूप में होगा, यह एक अलग सवाल है। इस सूरतेहाल में मुमकिन है कि गाजा में हम जल्द ही जंग थमते देखें। इजरायल अभी अमेरिका से नाराज है, लेकिन अमेरिकी हुकूमत इजरायली हितों की ही हिमायती है। वह इस क्षेत्र में लंबे समय तक सुरक्षा चाहती है, जिसके लिए बातचीत को ही वह उचित माध्यम मानती है। हो सकता है कि रमजान के महीने को देखते हुए कुछ शर्तों के साथ यहां सघर्ष-विराम लागू हो जाए। गाजा तक पहुंचने का रास्ता खोला जा सकता है, ताकि जरूरतमंदों तक मानवीय मदद पहुंच सके। हमास व इजरायल एक-दूसरे के बंधकों को भी छोड़ सकते हैं, जिसके लिए जरूरी बातचीत परदे के पीछे चल रही है।

यहां अरब देशों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। कुछ अरब देश एक समय इजरायल से संबंध बेहतर बनाना चाहते थे, लेकिन मौजूदा तनातनी को देखते हुए इसे टाल दिया गया है। अरब देशों में इजरायल की छवि खराब हुई है। फिलहाल कोई इस्लामी मुल्क सार्वजनिक तौर पर उसके साथ अपने रिश्ते को आगे बढ़ाने का जोखिम नहीं उठाना चाहेगा। वे फलस्तीन पर रुख स्पष्ट करने का दबाव इजरायल पर बना सकते हैं। वे नहीं चाहेंगे कि इजरायल गाजा से सरकार चलाए।

यही कारण है कि भारत के लिए चुनौती बड़ी है। हमारी रुचि खासतौर से भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) में है, जिसका एक हिस्सेदार इजरायल भी है। यह प्रस्तावित गलियारा तभी साकार हो सकता है, जब पश्चिम एशिया में शांति हो। इस गलियारे से हमारी सामरिक मौजूदगी मध्य-पूर्व में बढ़ेगी, जो अमेरिका भी चाहता है और यूरोप भी। इस गलियारे से हमें आर्थिक लाभ मिलेगा और पश्चिम एशिया पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। इसी कारण नई दिल्ली जल्द से जल्द इजरायल-हमास में संघर्ष-विराम चाहती है। हमारी सरकार का यही मानना है कि यहां किसी भी तरह से तत्काल शांति स्थापित हो। इसी में पूरे विश्व समुदाय के हित छिपे हैं। ( ये लेखक के अपने विचार हैं )



# महाभाग्य राजयोग कैसे बनता है किसे मिलेगी तरक्की और धनलाभ

**महाभाग्य योग से जातक मान, सम्मान, पद, प्रतिष्ठा और प्रसिद्धि पाता है। यह योग लग्न, चंद्रमा और सूर्य की विषम स्थिति होने पर बनता है।**

### कैसे बनता है महाभाग्य योग

किसी महिला की कुंडली में चंद्र और सूर्य की सम राशि यानी वृषभ, कर्क, कन्या, वृश्चिक, मकर और मीन राशि में होना चाहिए तब कुंडली में यह योग बनेगा। यदि किसी पुरुष जातक का जन्म लग्न, चंद्र और सूर्य की विषम राशि यानी कि मेष, मिथुन, सिंह, तुला, धनु और कुंभ राशि में होना चाहिए तब महाभाग्य राजयोग बनता है। यदि जन्म दिन में हो तो सूर्य का प्रभाव बढ़ जाता है। पुरुष की कुंडली में दिन का जन्म हो तो लग्न में मेष राशि में सूर्य और सप्तम तुला राशि में चंद्र हो तो महाभाग्य योग निर्मित होता है। स्त्री की कुंडली में कर्क लग्न में चंद्र और पंचम में सूर्य हो तो महाभाग्य योग बनता है। इसकी और भी कई स्थिति होती है।

**वृषभ राशि** – महाभाग्य राजयोग से आपके दिन पलट जाएंगे। नौकरी और करियर में कोई बड़ी उपलब्धि हासिल करेंगे। व्यापार में मुनाफा बढ़ जाएगा। अविवाहित हैं तो विवाह हो जाएगा। अचानक से धन प्राप्ति होगी या कोई बड़ा पद मिलेगा।

**मिथुन राशि** – आपके लिए यह महाभाग्य राजयोग आपके पराक्रम को बढ़ा देगा। अचानक से आपको धन की प्राप्ति हो सकती है। दांपत्य जीवन में सुख बढ़ जाएगा। व्यापारी हैं तो अटका रुपया हासिल करने में सफल होंगे। नौकरीपेशा हैं तो वेतनवृद्धि होगी।

**कर्क राशि** – महाभाग्य राजयोग आपको लंबी यात्रा का सुख देगा। व्यापारी हैं तो विदेश से भी ला होने की संभावना बढ़ जाएगी। भूमी, भवन या वाहन खरीद सकते हैं। करियर में सफलता हासिल होगी। नौकरीपेशा हैं तो पदोन्नति हो सकती है।

**धनु राशि** – आपके लिए यह राजयोग आर्थिक लाभ और महासुख लेकर आया है। व्यापारी है तो कोई बड़ी डील फायनल होगी। नौकरीपेशा हैं तो वेतनवृद्धि होगी। बेरोजगार हैं तो नौकरी मिलेगी। करियर में अचानक से सफलता हासिल होगी।



# मंदिर जाने के चमत्कारिक फायदे

**मंदिर जाने के वैज्ञानिक कारण हो सकते हैं। क्या होगा मंदिर जाने से देवालय, शिवालय, रामद्वारा, गुरुद्वारा, जिनालय सभी का अर्थ अलग अलग होता है। मंदिर को अंग्रेजी में टेम्पल नहीं कहते हैं। मंदिर का अर्थ होता है मन से दूर कोई स्थान। मंदिर का शाब्दिक अर्थ घर भी होता है। आओ जानते हैं मंदिर जाने के चमत्कारिक फायदे।**

**आकस्मिक घटना-दुर्घटना** – यदि आप प्रतिदिन मंदिर जा रहे हैं तो आप अपने जीवन में आने वाली उन घटनाओं से बच सकते हैं जो कि आकस्मिक आती है जैसे दुर्घटना, हत्या, आत्महत्या जैसी नकारात्मकता आपकी जिंदगी से दूर रहेगी।

**भूत-पिशाच** – मंदिर जाने वाले व्यक्ति के मन में भरपूर सकारात्मकता और आध्यात्मिक बल होता है जिसके चलते उसके आस-पास नकारात्मक ऊर्जा उसके पास फटकती भी नहीं है। आप इस उर्जा को भूत, पिशाच या प्रेत भी कह सकते हैं। मंदिर जाने वाला भयमुक्त जीवन जिता है।

**ग्रह बाधा** – यदि आप प्रतिदिन मंदिर जाते हैं तो आप पर किसी भी प्रकार के ग्रह और नक्षत्रों का कोई बुरा प्रभाव नहीं पड़ता है। ग्रहबाधा से आप मुक्त रहते हैं। मंगल दोष, शनि या अन्य किसी ग्रह की बाधा है, साढ़े साती, अढ़ाय्या या राहु की महादशा चल रहा है तो घबराने की जरूरत नहीं।

**रोग या बीमारी** – मंदिर में जाकर आप मंदिर के नियमों का पालन करते हैं। व्रत, उपवास और पाठ में विश्वास करते हैं, सोच-समझकर आहार-विहार करते हैं तो आपको किसी भी प्रकार का रोग या बीमारी नहीं होगी।

**दुख या शोक** – मंदिर जाकर मन में विश्वास और आत्मबल का संचार होता है जिसके कारण मन में किसी भी प्रकार का दुख या शोक नहीं रहता है। व्यक्ति सभी परिस्थिति में समभाव से रहता है। समभाव अर्थात न तो भावना में बहता है और न ही कठोर होता है। हर परिस्थिति उसके लिए सामान्य होती है।

**कोर्ट-कचहरी-जेल** – मंदिर जाने से व्यक्ति में सही और गलत को समझने की क्षमता होती है। वह किसी भी प्रकार की फालतू लड़ाई झगड़े में नहीं पड़ता है। जैसे रास्ते में पड़े पत्थर या गड्ढे को देख लेने के बाद हम अपनी गाड़ी को उससे बचाकर निकाल ले जाते हैं उसी तरह व्यक्ति अपनी जिंदगी को समझदारी से गड्ढों से बचा ले जाता है।

**तंत्र, मारण-सम्मोहन-उच्चाटन** – मंदिर जाने वाले व्यक्ति का कोई शत्रु किसी बुरी विद्या के माध्यम से कुछ भी बिगाड़ नहीं सकता है। बहुत से व्यक्ति अपने कार्य या व्यवहार से लोगों को रुष्ट कर देते हैं, इससे उनके शत्रु बढ़ जाते हैं। कमजोर शत्रु हमेशा सामने की लड़ाई नहीं लड़ते हुए पीठ के पीछे ऐसे कार्य करते हैं जिनको अंधविश्वास की श्रेणी में रखा जाता है। मंदिर जाने वाले लोगों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है।

**कर्ज से मुक्ति** – मंदिर जाने वाले व्यक्ति के जीवन में कभी ऐसे संकट नहीं आते हैं कि वह कर्ज में डूब जाए। थोड़ा बहुत कर्ज होता है तो कोई फर्क नहीं। कर्ज भी सोच समझकर लें। यदि ज्यादा है तो उसके चुकता होने के निश्चित ही मंदिर से ही रास्ते निकलते हैं। मन मंदिर में विश्वास है तो इस बाधा व्यक्ति मुक्त हो जाता है।

**नौकरी और रोजगार** – आप बेरोजगार है या आपका व्यापार नहीं चल रहा है तो निश्चित ही आपको प्रतिदिन मंदिर जाना चाहिए। आपको जल्द ही सफलता मिलेगी। हालांकि जो प्रतिदिन मंदिर जाकर प्रार्थना और पूजा पाठ करता है उसके साथ यह समस्या नहीं रहती है। होती भी है तो वह दिमाग पर बोझ नहीं लेकर कर्म करता जाता है और सफल हो ही जाता है।

**तनाव या चिंता** – बहुत से लोगों को अनावश्यक भय और चिंता सताती रहती है जिसके कारण वे तनाव में रहने लगते हैं। तनाव में रहने की आदत भी हो जाती है जिसके चलते व्यक्ति कई तरह के रोग से भी घिर सकता है। लेकिन मंदिर जाने वाले के दिल और दिमाग में ये सब नहीं रहता है।

**गृहकलह** – प्रतिदिन मंदिर जाने वाले में मन और मस्तिष्क में कलह या क्रोध नहीं होता है। घर के दूसरे सदस्य यदि उससे झगड़ा करते हैं तो या घर में गृहकलह हो रही है तो वह उसे समझदारी से हेंडल कर माहौल को खुशनुमा बना देता है।

**पैदल भ्रमण** – प्रात:काल पैदल ही मंदिर जाने से व्यापार भी होता है और हमें प्राणवायु भी अच्छे से प्राप्त होती है। प्रतिदिन सूर्य की धूप के स्पर्श से सेहत में सुधार होता है।

**घंटी की ध्वनि** – मंदिर में घंटी की टंकार करीब 7 सेकंड तक गूंजती है जो मन मस्तिष्क से विषाद हटाकर शांति प्रदान करती है। ऐसा भी कहते हैं कि छोटी घंटी से हमारा पित्त दोष सन्तुलित होता है। साथ ही ध्वनि से भी बैक्टीरिया नष्ट हो जाते हैं।

**फूलों की सुगंध** – मंदिर में कई तरह के सुगंधित फूल अर्पित किए जाते हैं जिनकी सुगंध से मन प्रफुल्लित होकर अवसाद से मुक्ति हो जाता है। फूलों के विभिन्न रंग से अंतरमन को शांति मिलती है।

**अगरबत्ती** – मंदिर में कपूर और अगरबत्ती की सुगंध से एक ओर जहां मन और मस्तिष्क से नकारात्मक विचार हटा जाते हैं वहीं हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। यह हमें जैविक संक्रमण से भी बचाती है। मंदिर का सुगंधित में रहने से बैक्टीरिया नष्ट हो जाते हैं और किसी भी प्रकार का वायरल इंफेक्शन नहीं होता है क्योंकि मंदिर में कर्पूर और धुआं होता रहता है।

**आरती** – जब हम मंदिर में आरती या कीर्तन के दौरान ताली बजाते हैं तो यह एक्यूप्रेशर का काम करती है। इससे हमारे रक्त संचार सुचारू रूप से संचालित होता है और शरीर की मांस पेशियां भी मजबूत होती है।

**जप** – आरती या चालीसा को जपने पढ़ने से हमारा वाणी दोष भी दूर होता है। ओम् के उच्चारण से हमारा चित एकाग्र होता है।

**शंख** – आरती के बाद शंख बजाया जाता जो श्रद्धालुओं के लिए बहुत सुखदायी और स्वास्थ्य वर्धक है। शंख बजाने वाले के फेंफड़े मजबूत होते हैं।

**जयघोष** – आरती के बाद देव देवताओं, भारत माता आदि के जयघोष से आत्म विश्वास के साथ ही देशभक्ति जागृत होती है। इसी के साथ हर मंदिर में गो रक्षा और गौ हत्या बंद होने करने का संकल्प भी लिया जाता है।

**ज्योति** – आरती लेने से हमारी हथेली की कोशिकाओं को दिव्य उष्मा मिलती है और हमारे भीतर पल रहे सभी विषाणु और जीवाणु समाप्त हो जाते हैं। आखों पर हथेलियां रखने से गर्माहट आंखों के पीछे की सुक्ष्म रक्त वाहिकाओं को खोल देती है और उन में ज्यादा रक्त प्रवाहित होने लगता है जिससे हमारी आंखों कि ज्योति बढ़ती है।

**दंडवत** – आरती के बाद नमस्कार और दंडवत प्रणाम करने से हमारे मन में विनम्रता और श्रद्धा का भाव जागृत होता है। अहंकार का नाश होता है।

**चरणामृत** – दर्शन, पूजा और आरती के बाद हमें तुलसी मिला चरणामृत, पंचामृत और प्रसाद मिलता है। यह चरणामृत और पंचामृत हमारी सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। आयुर्वेद के मुताबिक यह चरणामृत हमारे शरीर के तीनों दोषों को संतुलित रखता है। चरणामृत के साथ दी गई तुलसी हम बिना चबाए निगल लेते हैं जिससे हमारे सभी रोग ठीक हो जाते हैं।

**परिक्रमा** – मंदिर में भगवान की परिक्रमा से जहां सेहत के लाभ मिलते हैं वहीं यह धरती के गुरुत्वकार्षण की शक्ति से जुड़कर हमारे शरीर का तनाव निकल जाता है। इसी के साथ ही में गुंबद और उसके कलश से प्रवाहित हो रही ऊर्जा हमारे शरीर को प्रभावित कर सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती है।

**नग्न पैर** – मंदिर भूमि को सकारात्मक उर्जा का क्षेत्र माना जाता है। यह ऊर्जा भक्तों में पैर के जरिए ही प्रवेश कर सकती है। इसलिए हम मंदिर के अंदर नंगे पांव जाते हैं।

**मनोकामना का दोहराना** – मंदिर में जाकर जब हम अपनी मनोकामना को बार बार दोहराते हैं तो हमें मंदिर की सकारात्मक ऊर्जा का साथ मिलता है और इससे प्रकृति सक्रिय होकर हमारी मनोकामना पूर्ण करने लग जाती है।

**वृक्ष** – हर मंदिर में पीपल, बरगद, नीम, केला और तुलसी आदि के वृक्ष रहते हैं। इन वर्षों में हम जल अर्पण करते हैं या उन्हें हम नमस्कार करते हैं। इन वृक्षों में भरपूर ऑक्सिजन के साथ ही दिव्यता होती है, जो हमारे मन और मस्तिष?क को स्वस्थ करते हैं। इससे हमारे मन में शांति आती है।

**दान** – मंदिर में दिए गए दान के अनेक लाभ होते हैं। दान से हममें कृपणता नहीं रहती है और हम चीजों के प्रति आसक्ति नहीं पालते हैं। इसी के साथ ही हमारे सामाजिक दायित्वों का भी निर्वाह होता है।

**सामाजिक प्रतिष्ठा** – मंदिर जाने से हमारी सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ने के साथ ही जान पहचान भी बढती है।

**तिथि त्योहार की जानकारी** – मंदिर जाने से हमें पंचांग और तिज त्योहारों की जानकारी भी मिलती है।

**ज्ञान बढ़ता है** – मंदिर जाने से धर्मिक ज्ञान भी बढ़ता है क्योंकि वहां पर गीता, वेद, उपनिषद आदि के बारे में जानकारी भी मिलती रहती है।

**हाथ जोड़ना** – मंदिर में व्यक्ति हाथ जोड़कर खड़ा रहता है। हाथ जोड़ने से जहां हमारे फेंफड़ों और हृदय को लाभ मिलता है वहीं इससे प्रतिरोधक क्षमता का विकास भी होता है। कहते हैं कि हथेलियों और अंगुलियों के उन बिंदुओं पर दबाव पड़ा है जो शरीर के कई अन्य अंगों से जुड़े हैं। इससे उन अंगों में ऊर्जा का संचार होता है।


**तिलक** – प्रतिदिन मंदिर जाकर व्यक्ति अपने मस्तक पर या दोदों भौहों के बीच चंदन या केसर का तिलक लगाता है। इस तिलक लगाने जहां शांति का अनुभव होता है वहीं इससे एकाग्रता बढ़ती है। दरअसल जहां तिलक लगाया जाता है उसके ठीक पीछे आत्मा का निवास होता है। आज्ञाचक्र और सहस्त्रार चक्र के बीच के बिंदू पर आत्मा निवास करती है जोकि नीले रंग की है। आत्ता अर्थात हम खुद। चंदन लगाने के आध्यात्मिक लाभ भी हैं।

**प्रार्थना** – प्रार्थना में शक्ति होती है। प्रार्थना करने वाला व्यक्ति मंदिर के ईथर माध्यम से जुड़कर अपनी बात ईश्वर या देव शक्ति तक पहुंचा सकता है। देवता सुनने और देखने वाले हैं। प्रतिदिन की जा रही प्रार्थना का देवताओं पर असर होने लगता है। मानसिक या वाचिक प्रार्थना की ध्वनि आकाश में चली जाती है। प्रार्थना के साथ यदि आपका मन सच्चा और निर्दोष है तो जल्द ही सुनवाई होगी और यदि आप धर्म के मार्ग पर नहीं हैं तो प्रकृति ही आपकी प्रार्थना सुनेगी देवता नहीं। प्रार्थना का दूसरा पहलू यह कि प्रार्थना करने से मन में विश्वास और सकारात्मक भाव जाग्रत होते हैं, जो जीवन के विकास और सफलता के अत्यंत जरूरी हैं।

**पूजा** – पूजा एक रासायनिक क्रिया है। इससे मंदिर के भीतर वातावरण की पीएच वैल्यू (तरल पदार्थ नापने की इकाई) कम हो जाती है जिससे व्यक्ति की पीएच वैल्यू पर असर पड़ता है। यह आयनिक क्रिया है, जो शारीरिक रसायन को बदल देती है। यह क्रिया बीमारियों को ठीक करने में सहायक होती है। दवाइयों से भी यही क्रिया कराई जाती है, जो मंदिर जाने से होती है।

**आचमन** – मंदिर में प्रवेश से पूर्व शरीर और इंद्रियों को जल से शुद्ध करने के बाद आचमन करना जरूरी है। इस शुद्ध करने की प्रक्रिया को ही आचमन कहते हैं। आचमन करने से पहले अंगुलियां मिलाकर एकाग्रचित्त यानी एकसाथ करके पवित्र जल से बिना शब्द किए 3 बार आचमन करने से महान फल मिलता है। आचमन हमेशा 3 बार करना चाहिए। आचमन से मन और शरीर शुद्ध होता है।


**मंदिर का शिखर** – मंदिर में शिखर होते हैं। शिखर की भीतरी सतह से टकराकर ऊर्जा तरंगें व ध्वनि तरंगें व्यक्ति के ऊपर पड़ती हैं। ये परावर्तित किरण तरंगें मानव शरीर आवृत्ति बनाए रखने में सहायक होती हैं। व्यक्ति का शरीर इस तरह से धीरे-धीरे मंदिर के भीतरी वातावरण से सामंजस्य स्थापित कर लेता है। इस तरह मनुष्य असीम सुख का अनुभव करता है। पुराने मंदिर सभी धरती के धनात्मक (पॉजीटिव) ऊर्जा के केंद्र हैं।



# क्या होती है छठी इंद्री

**छठी इंद्री को अंग्रेजी में सिक्स्थ सेंस कहते हैं। यह क्या होती है, कहां होती है और कैसे इसे जाग्रत किया जा सकता है यह जानना भी जरूरी है। इसे जाग्रत करने के लिए वेद, उपनिषद, योग आदि हिन्दू ग्रंथों में अनेक उपाय बताए गए हैं। नास्त्रेदमस इसी तरह के उपायों से भविष्यवक्ता बने थे।**

- मस्तिष्क के भीतर कपाल के नीचे एक छिद्र है, उसे ब्रह्मरंध्र कहते हैं, वहीं से सुषुन्मा नाड़ी सहस्रकार के जुड़कर रीढ़ से होती हुई मूलाधार तक गई है। इसी नाड़ी के बायीं ओर इड़ा और दायीं ओर पिंगला नाड़ी स्थित है। दोनों के बीच सुप्तावस्था में छठी इंद्री स्थित है।
- यह छठी इंद्री ही हमें हर वक्त आने वाले खतरे या भविष्य में होने वाली घटनाओं का आभास करती रहती है लेकिन कुछ लोग इसे स्पष्ट समझ लेते हैं और कुछ नहीं। यदि आप इसे समझें तो आपके साथ घटने वाली घटनाओं के प्रति ये इंद्री आपको सजग कर देगी।
- छठी इंद्री जाग्रत होने से व्यक्ति में भूत और भविष्य में झांकने की क्षमता आ जाती है। ऐसा व्यक्ति मीलों दूर बैठे व्यक्ति की बातें सुन सकता और उसे देख भी सकता है। दूसरों के मन की बात जान ही नहीं सकता बल्की उनका मन बदल भी सकता है और दूसरों की बीमारी दूर की जा सकती है।
- वैज्ञानिकों के अनुसार छठी इंद्री कल्पना नहीं, वास्तविकता है, जो हमें किसी घटित होने वाली घटना का पूर्वाभास कराती है। यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया के रॉन रेसिक के अनुसार छठी इंद्रिय के कारण ही हमें भविष्य में होने वाली घटनाओं का पूर्वाभास होता है।
- छठी इंद्री को जाग्रत करने का बहुत ही सरल तरीका है। तीन माह के लिए खुद को परिवार और दुनिया से काटकर आपको योग की शरण में जाना होगा। यम, नियम, प्राणायम और योगासन करते हुए लगातार ध्यान करना होगा।
- प्राणायाम सबसे उत्तम उपाय इसलिए माना जाता है क्योंकि हमारी दोनों भौहों के बीच छठी इंद्री होती है। सुषुम्ना नाड़ी के जाग्रत होने से ही छठी इंद्री जाग्रत हो जाती है। प्राणायम के माध्यम से छठी इंद्री को जाग्रत किया जा सकता है।
- मेस्मेरिज्म या हिप्नोटिज्म जैसी अनेक विद्याएं इस छठी इंद्री को जाग्रत करने का सरल और शॉर्टकट रास्ता है लेकिन इसके खतरे भी हैं। हिप्नोटिज्म को सम्मोहन कहते हैं। सम्मोहन विद्या को ही प्राचीन समय से 'प्राण विद्या' या 'त्रिकालविद्या' के नाम से पुकारा जाता रहा है।
- मन के कई स्तर होते हैं। उनमें से एक है सुक्ष्म शरीर से जुड़ा हुआ आदिम आत्म चेतन मन। यह मन हमें आने वाले रोग या खतरें का संकेत देकर उससे बचने के तरीके भी बताता है। इस मन को प्राणायाम या सम्मोहन से साधा जा सकता है।
- त्राटक क्रिया से भी इस छठी इंद्री को जाग्रत कर सकते हैं। आप बिना पलक गिराए किसी एक बिंदु, क्रिस्टल बॉल, मोमबत्ती या घी के दीपक की ज्योति पर देखते रहिए। इसके बाद आंखें बंद कर ध्यान करें। कुछ समय तक इसका अभ्यास करें। इससे धीरे-धीरे छठी इंद्री जाग्रत होने लगेगी।
- ऐसा कई बार देखा गया है कि कई लोगों ने अंतिम समय में अपनी बस, ट्रेन अथवा हवाई यात्रा को कैंसिल कर दिया और वे चमत्कारिक रूप से किसी दुर्घटना का शिकार होने से बच गए। बस यही छठी इंद्री का कमाल है। आप इसे पहचानें क्योंकि यह सभी संवेदनशील लोगों के भीतर होती है।
- यदि आपको यह आभास होता है कि पीछे कोई चल रहा है या दरवाजे पर कोई खड़ा है। कुछ होनी-अनहोनी होने वाली है या कोई खुशी का समाचार मिलने वाला है तो आप अपनी इस क्षमता पर लगातार गौर करें और ध्यान देंगे तो यह विकसित होने लगेगी। जैसे-जैसे अभ्यास गहराएगा आपकी छठी इंद्री जाग्रत होने लगेगी और आप भविष्यवक्ता बन जाएंगे।



# सपने में दिख गए हैं भगवान हनुमान तो खुल जाएंगे भाग्य

**सपने में स्वप्न में हनुमानजी को देखना बहुत ही शुभ माना जाता है, लेकिन यह भी देखना होगा कि सपने में बजरंगबली आपको किस रूप और अवस्था में दिखाई देते हैं क्योंकि हर सपने के अलग अलग अर्थ होता है। हालांकि आमतौर पर हनुमानजी को सपने में देखने के अर्थ है कि उन पर आपकी कृपा बरसती है और वे कुछ संकेत देने चाहते हैं।**

### सपने में हनुमान जी को देखना

सपने में हनुमानजी का सामान्य रूप देखने के अर्थ है कि उनकी आप पर कृपा प्रारंभ हो गई है। सपने में यदि आप हनुमानजी का मंदिर देंखे या मूर्ति दिखाई दे तो समझ जाएं कि हनुमानजी की आप पर कृपा प्रारंभ हो चुकी है। इस सपने का अर्थ है कि जल्द ही आपको बड़ी सफलता मिलने वाली है। यदि कोई कानूनी मामले हैं तो उसमें भी विजय मिलने की संभावना है। यह आपके सौभाग्य का प्रतीक भी माना जाएगा।

### सपने में बालाजी को देखना

बालाजी हनुमाजी का बाल रूप है। यदि आपको उनका बाल रूप दिखाई दे तो इसका अर्थ है कि बहुत जल्द ही कार्यक्षेत्र में आपको कोई नया पद या जिम्मेदारी मिलने वाली है जिसमें आपको सफलता मिलेगी।

### सपने में बंदर को देखना

यदि आपको दो बार किसी बंदर के सपने आए तो आप समझ जाएं कि हनुमानजी की आप पर कृपा है।

### सपने में हनुमान जी को गुस्से में देखना

यदि सपने में हनुमान जी का रौद्र रूप दिखाई दे तो इसका अर्थ है कि आपसे कोई बड़ी गलती हुई है। आपको क्षमा मांगकर अपनी गलती सुधारना चाहिए।

### सपने में पंचमुखी हनुमान देखना

सपने में पंचमुखी हनुमान जी दिखाई देने के अर्थ है कि आपकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होने वाली है। आप अपने शत्रुओं को हराएंगे।

### सपने में हनुमानजी की पूजा करना

यदि सपने आप हनुमानजी जी की पूजा या भजन कर रहे हैं और उनके समक्ष प्रसाद भी ग्रहण कर रहे हैं तो आपके सभी कार्य पूर्ण होने वाले हैं और आपको मान सम्मान की प्राप्ति होगी।

### सपने में हनुमानजी का प्रसाद खाना

किसी किर्तन में बैठकर हनुमानजी का प्रसाद खा रहे हैं तो आप पर हनुमानजी की विशेष कृपा है।

### सपने में श्रीराम जी के साथ हनुमान जी को देखना

यदि आपको सपने में हनुमाजी या श्री राम जी किसी भी प्रकार से दर्शन दे तो समझ लें कि उनकी कृपा है आप पर।

### सपने में भूतों से नहीं डरना

सपने में सपने में आप किसी भूत को देंखे और उससे आपको डर नहीं लगे तो समझें कि हनुमानजी की कृपा आप पर है।

### सपने में हनुमान जी को उड़ते हुए देखना

इस सपने का अर्थ ये होता है कि आने वाले दिनों में आपको सफलता के साथ ही आनंद की प्राप्ति होने वाली है। कार्यक्षेत्र में आपका पद बढ़ने वाला है और इसी के साथ मान सम्मान भी बढ़ जाएगा। व्यापारी हैं तो बड़ा फायदे मिलने वाला है।

### सपने में हनुमान जी को चोला चढ़ाना

सके अर्थ है कि नौकरी और व्यवसाय में तरक्की होगी। आप अपने कार्यक्षेत्र में ऊंचाई को छूएंगे। आपका मान सम्मान बढ़ेगा।

### सपने में हनुमान जी से बात करना

यदि आप किसी परेशानी से घिरे हुए हैं तो यह सपना इस बात का संकेत है कि आपको अपने किसी मित्र या परिजन से बात करनी चाहिए और समस्या का हल निकालने के लिए उनका साथ लेना चाहिए। आपकी दुविधा दूर होगी।

### सपने में हनुमान जी का नाम लेना

इसका अर्थ है कि आप को कोई मदद मिलने वाली है और जल्द ही हनुमानजी आप पर कृपा करेंगे।

# मतदाता जागरूकता अभियान:मानव श्रृंखला बना कर दिया मतदान करने का संदेश

**पूसू प्रतिनिधि, जगन्नाथपुर।** जगन्नाथपुर प्रखंड के जगन्नाथपुर मुख्यालय में शुक्रवार को जेएसएलपीएस के सौजन्य से जगन्नाथपुर के सखी मंडल की महिलाओं ने रैली व मानव श्रृंखला बना कर किया वोटरों को जागरूक। जिसमें मुख्य रुप से जगन्नाथपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार मिश्रा व जेएसएलपीएस के प्रखंड बीपीएम देवव्रत सिन्हा शामिल थे। मौके पर संबंधित क्लस्टर कर्मी के सहयोग से ग्राम संगठन के सदस्यों द्वारा हाथ में तख्तियां लेकर गली मुहल्लों में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली पंचायत भवन से निकलकर डिग्री कॉलेज में मानव श्रृंखला बनाकर सखी मंडल की महिलाओं ने ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया। झारखंड राज्य आजीविका मिशन राज्य कार्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार तथा जिला प्रशासन के आदेशानुसार शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु





मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से पुरुष महिला तथा युवाओं को मतदान करने के मतलब समझाएं जा रहे हैं। सखी मंडल की महिलाओं द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सभी तरीके और माध्यम का इस्तेमाल किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीणों को वोट की महत्ता बताई जा रही है। साथ ही ग्रामीणों को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर 13 मई को जाकर वोट करने की भी अपील की जा रही है।

इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जेएसएलपीएस की महिला समूह दीदीओ को संबोधित करते हुए कहा कि अब सभी कोई अपने अपने ब्रुथो में जाकर मतदाताओं को 13 मई को शत प्रतिशत वोट करने को लेकर जागरूक करें। वही बीपीएम देवव्रत सिन्हा ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मतदान प्रक्रिया में भाग लेकर मतदाता लोकतंत्र को मजबूत बनाएं ओर बिना लालच के निर्भीक होकर मतदान करें।

## संक्षिप्त खबरें

### बहरागोड़ा कालेज में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान




**पूसू प्रतिनिधि, बहरोगोड़ा।** बहरागोड़ा कालेज में शुक्रवार को ईएलसी के नोडल पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार चंचल ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान मतदाता हस्ताक्षर का आयोजन किया गया साथ ही बीएड संकाय के विद्यार्थियों ने चित्रांकन तथा हस्तलिखित स्लोगन के माध्यम से चुनाव के इस महापर्व में शामिल होने के लिए लोगो से आह्वान किया। इस मौके पर ईएलसी के नोडल पदाधिकारी ने कहा कि नए मतदाताओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्भीक होकर मतदान करना चाहिए। कालेज के विद्यार्थी देश का भविष्य होते हैं इसलिए उन्हें मतदान के लिए जागरूक होना अति आवश्यक है। मौके पर तिलेश्वर रविदास, राजेश समीर कश्यप, सुरेन्द्र कुमार मौर्य, डुमरेंद्र राजन, दिवाकर शर्मा, समेत कालेज के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

### मनरेगा के लोकपाल अरूण आभा ने बैठक कर दस्तावेजों की जांच की



**पूसू प्रतिनिधि, डुमरिया।** डुमरिया प्रखंड सभागार में शुक्रवार को मनरेगा के लोकपाल अरूण आभा ने बैठक कर मनरेगा योजनाओं के दस्तावेजों का खंगाला। साथ ही कई दिशा निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान दस्तावेजों की अनुसंधान बीडीओ निलेश कुमार मुर्मू एवं सीओ चंचला कुमारी समेत दसों पंचायत के मुखिया,पंचायत सचिव, मनरेगा सेवक, जेई, एई समेत कई अधिकारियों के समक्ष किया गया। इस दौरान मनरेगा लोकपाल ने कहा कि पंचायत में मनरेगा से संचालित विकास योजनाओं का गहन रूप से समीक्षा की गई है तथा इसमें खामियों को दुर करनें की दिशा निर्देश भी दिए गये है। हर योजनाओं के दस्तावेजों में पर जिम्मेदार अधिकारी का हस्ताक्षर जरुर होना चाहिए एवं मजदूरों की एम आर पर सभी का हस्ताक्षर करना भी जरुरी है। मौके पर पंचायत के मुखिया सुरेश हेम्ब्रम, सुरेन्द्रनाथ हेम्ब्रम,मालती मुर्मू,चन्दनी मुर्मू, मेघराई टुडू,खुदीराम हांसदा,समेत अन्य कई लोग मौजुद थे।

### एनएच 18 पर बालू लदे दो हाइवा बहरागोड़ा सीओ ने किया जब्त



**पूसू प्रतिनिधि, बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के एन एच 18 पर इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार की देर रात को बहरागोड़ा सीओ भोला शंकर महतो एवं थाना प्रभारी विकास शर्मा ने छापामारी अभियान चलाकर बैगर कागजात के 2 बालू लदे हाईवा को जब्त किया। दोनों हाइवा पश्चिम बंगाल एवं उड़ीसा से बिना चालान के ही बालू लेकर जमशेदपुर जा रहे थे। पुलिस दोनों के विरुद्ध विभागीय स कानूनी कार्रवाई करने में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार अवैध बालू लदे हाईवा का आए दिन पश्चिम बंगाल तथा उड़ीसा से बैगर कागजात के माफियाओं द्वारा हाईवे पर निगरानी करके जमशेदपुर भेजा जाता था। उसके एवज में मोटी रकम लिया जाता है। इस खेल में चार चक्का वीआईपी गाड़ियों का इस्तेमाल किया जाता है। जिससे की प्रशासन के नजर से बचा जा सके। वहीं जब कभी भी औचक छापामारी की जाती है तब ये प्रशासन की नजर से आसानी में दूर भाग जाते हैं और पुनः कई दिन बाद अपना कारोबार फिर से शुरू कर देते हैं। उधर प्रशासन हाइवा को तो जब्त कर लेती है। लेकिन अवैध कारोबार से जुड़े लोगों कानूनी कार्रवाई से बेखौफ रहते हैं।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय गैंगाड़ा के शिक्षक के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह आयोजित

**पूसू प्रतिनिधि, पटमदा।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय गैंगाड़ा के सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) पूर्ण चंद्र महतो के सेवानिवृत्त होने पर शुक्रवार को विद्यालय परिसर में बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षक को अंगवस्त्र तथा विभिन्न उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधान शिक्षक स्वपन कुमार पात्र ने बताया कि छात्र - छात्राओं के बीच कर्मठ, मृदुभाषी तथा शिक्षा प्रेमी के रूप में श्री महतो लोकप्रिय रहे। विद्यालय में महतो बाबू की कमी हमेशा खलेगी।



अपने 18 वर्षों की सेवा में उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा अनुशासन प्रदान करने में सदैव तत्पर रहने के साथ शिक्षकों के लिए एक मिशाल कायम की। विद्यालय के सहायक शिक्षक अजीत कुमार ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एक कर्तव्यनिष्ठ एवं स्वच्छ छवि का शिक्षक बताया। सहायक अध्यापक परितोष महतो ने कहा कि सेवानिवृत एक सरकारी प्रक्रिया है, जो सभी सरकारी कर्मियों के साथ लागू होती है। इनके साथ जितने दिन भी मैने कार्य किया उसमे मुझे इनसे बहुत कुछ सीखने को मिला। वहीं सौम्य मुखर्जी ने कहा कि महतो दा अभिभावक तुल्य है। सेवानिवृत्त शिक्षक पूर्ण बाबू ने शिक्षक, छात्र छात्राएं एवं अभिभावकों के प्रति प्यार एवं स्नेह जताकर आभार व्यक्त किया। उक्त कार्यक्रम में रूपेश कुमार, विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षक प्रबोध कुमार महतो, गोपेश्वर रजक, सौरव मिश्रा, दुर्गा चरण माझी, उषा सहिस, इंद्रा महतो, गौतम गोप, अमित बैनर्जी सह विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संजय प्रामाणिक एवं सदस्यगण के अतिरिक्त शिक्षा प्रेमी शंकर महतो तथा स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शहीद रघुनाथ महतो के शहादत दिवस पर कुड़मी संस्कृति विकास समिति द्वारा दी गई श्रद्धांजलि



**पूसू प्रतिनिधि, धालभूमगढ़।** चुआड़ विद्रोह के महानायक क्रांतिवीर शहीद रघुनाथ महतो जी के 246 वां शहादत दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजन किया गया। उनके जन्म 21 मार्च 1738 को हुआ था और वे 05 अप्रैल 1778 को शहीद हुए। कुड़मी संस्कृति विकास समिति ने इस महान विभूति को याद करते हुए आज शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय, नुतनडीह, प्रखंड धालभूमगढ़ में एक रक्तदान शिविर आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में आयोजन समिति अध्यक्ष स्वपन कुमार महतो ने शहीद रघुनाथ महतो के नारे को सभी को ध्यान दिलाया। 'आपना गांव अपना राज। दूर भगाएं विदेशी राज'। नारा को बुलंद करते हुए अंग्रेजी हुकूमत से लोहा लेते हुए आन्दोलन में शहीद हो गए थे। श्री महतो ने शहीद से प्रेरणा लेकर उनके नक्शे कदम पर चलने का आग्रह किया। शिविर का उद्घाटन समिति अध्यक्ष स्वपन कुमार महतो, समाजसेवी गणेश महतो, भुषण चन्द्र महतो, डॉ आदित्य महतो, ब्लड बैंक से डा. पटेल आदि ने किया। सभी ने बारी-बारी से शहीद को श्रद्धांजलि दी। शिविर में रक्तदाताओं के प्रति गणेश महतो ने आभार व्यक्त किया और सभी को अंग वस्त्र प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अर्जुन ठाकुर, अंजन महतो, खिरोद महतो, रविन्द्र नाथ महतो, भक्त प्रह्लाद महतो, अमित महतो, उत्तम महतो, कपिल देव महतो, ध्रुव महतो, बलराम महतो आदि का योगदान सराहनीय रहा।

## खोड़ीडूंगरी में पेड़ से लटका मिला रिटायर्ड सीआईएसएफ जवान का शव, जांच में जुटी पुलिस

**पूसू प्रतिनिधि, चाकुलिया।** चाकुलिया थाना क्षेत्र के खोड़ीडूंगरी पहाड़ी के पास शुक्रवार को रिटायर्ड सीआईएसएफ जवान गोवर्धन सोरेन का शव इमली के पेड़ में रस्सी के फंदे से झूलता हुआ पाया गया। गोवर्धन सोरेन पारूलडांगा गांव निवासी था जो सीआइएसएफ से रिटायर्ड हुआ था। शौच करने गए ग्रामीणों ने शव को इमली पेड़ पर फंदे से झूलते हुए देख कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पुलिस पहुंच कर शव को फंदे से उतर कर शव का पंचनामा बनाया और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन करने में जुटी है।



घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पारूलडांगा गांव निवासी गोवर्धन सोरेन पश्चिम बंगाल के नुनिया गांव में अपनी पत्नी के साथ रहता था और पारूलडांगा में भी उनकी जमीन है। अपनी जमीन को देखने के लिए 4 अप्रैल को गोवर्धन सोरेन प.बंगाल से पारूलडांगा गांव आया था। जिसे कुलडीहा गांव में भी घुमते हुए देखा गया था। लेकिन शुक्रवार को उनका शव इमली के पेड़ पर झुलते हुए देखा गया। आशंका जताई जा रही है कि गोवर्धन सोरेन फांसी लगाकर आत्महत्या की है। लेकिन प्रश्न यह भी उठता है कि आखिर गोवर्धन फांसी क्यों लगा सकता है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सब कुछ साफ़ हो जायेगा।

## पिकअप वैन के चालक ने मोटरसाइकिल चालक को ठोका, एक की मौत

**पूसू प्रतिनिधि, जगन्नाथपुर।** जगन्नाथपुर नोवामुंडी मुख्य मार्ग पर अमूल दूध पिकअप वैन एवं बाइक की भिड़ंत में बाइक चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के तोड़ांगहातु निवासी शंभू चरण दास अपनी पत्नी को बाइक से लेकर लोकेसाई अपनी बहन के घर पहुंचाकर वापस अपने घर तोड़ांगहातु लौट रहा था। लौटने के क्रम में थोड़ी दूर जाने के बाद बड़ानन्दा पहुचने के क्रम में विपरीत दिशा से आ रही अमूल दूध का पिकअप वेन गाड़ी के चलाक को झपकी आने से वेन अनियंत्रित हो गई और वेन मोटरसाइकिल से टकरा गई। भिड़ंत जोरदार होने के कारण मोटरसाइकिल चालक शंभू चरण दास की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उसके बाद जगन्नाथपुर थाना के एएसआई अजय कुमार सिंह के द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर पिकअप वेन एवं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु चाईबासा भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




## सावधान इंडिया में नजर आएंगे शहर के रंगकर्मी दिनकर शर्मा



**पूसू प्रतिनिधि, चक्रधरपुर।** स्टार भारत चैनल पे प्रसारित होने वाले धारावाहिक, सावधान इंडिया में एक बार फिर से पंडित की भूमिका में नजर आएंगे चक्रधरपुर के रंगकर्मी दिनकर शर्मा। इतने बड़े बड़े प्रोडक्शन के साथ काम करना, और ऐसे ऐसे बहुचर्चित धारावाहिकों में काम करना सावधान इंडिया हो या स्वराज। दिनकर इसके पूर्व भी काफी धारावाहिक मे काम कर चुके है। चक्रधरपुर का कलाकार जब इस तरह का काम करते है तो पूरा शहर गर्व करता है। इसका प्रसारण 6 अप्रैल को रात 10 बजे होगा।

## घाटशिला अनुमंडल क्षेत्र के सभी मस्जिदों में अदा की गई अलविदा जुमा की नमाज

**पूसू प्रतिनिधि, घाटशिला।** 25 वें रमजान के आखिरी जुमा यानी अलविदा जुमा की नमाज शुक्रवार को घाटशिला अनुमंडल के सभी मस्जिदों में अदा की गई. इसमें बहुत से मस्जिद में अरबी में एक नज़्म भी पढ़ी गई,'अलविदा अलविदा या शहर ए रमजान' जिसमें हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया साथ ही रमजान के जाने का गम भी उसे सताने लगा। इस संबंध में उर्दू के उस्ताद डाक्टर कमर अली ने बताया कि इधर कुछ दिनों से बहुत ही शदीद गर्मी पड़ रही है ऐसे में रोजदारों का प्यास से बुरा हाल है. लेकिन सारे मुसलमान यह सोच कर काफी खुश हैं कि जितने ज्यादा उन्हें तकलीफ होगी अल्लाह ताला उन्हें उतना ही ज्यादा सवाब देंगे.साथ ही डॉ कमर अली ने यह भी कहा कि भूख और प्यास की शिद्दत जब आदमी के अंदर होती है तब उन गरीबों को समझने का मौका मिलता है जो रोजाना तीनों वक्त भरपेट भोजन नहीं कर पाते या कभी अच्छा भोजन नहीं कर पाते. रोजेदार जिंदगी में भी खुशहाल होता है और आखिरत में भी कामयाब होता है. रोजा से अपने देश और समाज की अच्छी तरह से सेवा करने की प्रेरणा मिलती है. रमजान त्याग और बलिदान का प्रतीक है. रमजान में हम सब कुछ अपना न्योछावर कर देना चाहते हैं .उल्लेखनीय है कि इस बार 75 रुपया प्रति व्यक्ति फितरा निकलना था साथ ही रमजान में ही सबसे ज्यादा जकात निकाला जाता है। जकात 2.5 प्रतिशत सालाना होता है। जकात रखे हुए माल पर होता है जो आदमी के आय का एक्स्ट्रा स्रोत है. इसी के कारण गरीबों के घरों में बच्चे बड़े बूढ़े सभी नए कपड़े पहन पाते हैं। इसी जकात की वजह से मुरझाए चेहरे खिल उठते हैं और ईद की तैयारी में सभी लोग लग जाते हैं. उल्लेखनीय है कि अलविदा की अरबी की जो नजम है 'अलविदा अलविदा या शहर ए रमजान' यह नमाज का जरूरी हिस्सा नहीं है इसे सिर्फ रमजान के आखरी जुमा में पढ़ा जाता है. उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 में जापान के वैज्ञानिक योशीनोरी ओसुमी को चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार इसीलिए दिया गया था कि उसने साल में 20 या 25 दिन या 1 महीना उपवास (रोजा) का फायदा बताया था जो सेहत के लिए बहुत अच्छा होता है. रोजा कैंसर से आदमी को बचाता है।



# जगन्नाथपुर : आंगनबाड़ी केंद्र में पानी की समस्या को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

### बीडीओ ने किया शिव मंदिर टोला का निरीक्षण, माना सच में यहां पर है पानी की काफी किल्लत

**पूसू प्रतिनिधि, जगन्नाथपुर।** जगन्नाथपुर के शिव मंदिर टोला की महिलाओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को शिव मंदिर टोला में हो रहे पानी की समस्या को लेकर एक ज्ञापन दिया था। ज्ञापन को देखते ही अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुवा के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार मिश्रा शिव मंदिर टोला में जाकर महिलाओं से मिलकर पानी की समस्या को दिखा। जिसमें सभी महिलाओं ने कहा कि शिव मंदिर टोला आंगनबाड़ी केंद्र व आसपास की घरों में पानी का घोर अभाव है यह पानी की समस्या आज से नहीं कई सालों से पानी को लेकर जूझ रहे हैं। इस समस्या को लेकर कई बार प्रखंड कार्यालय आवेदन दिया गया लेकिन शिव मंदिर टोला आंगनबाड़ी केंद्र के आसपास के घरों के सामने चापाकल नहीं गाड़ कर जहां पानी की समस्या नहीं है वहां पर चापाकल लगाया जाता है।





बता दे की लोग दूसरा टोला से पानी लेकर अपने घर का खाना से लेकर कपड़ा धोने का पानी ढोकर लाना पड़ता है। यहां तक की कुछ घरों की महिलाएं पानी खरीद कर लेती है। यह शिव मंदिर टोला में एक आंगनबाड़ी केंद्र है जहां 30 बच्चे नामांकित है यहां पर भी बच्चों के लिए खाना से लेकर पीने का पानी ढोला कर लाना पड़ता है सभी ने बीडीओ से कहा कि पानी की समस्या से सभी परेशान है।

आस पास में चापाकल है वह भी खराब पड़ा हुआ है साथी पानी का स्रोत रहे रहने से चापाकल से पानी नहीं निकलता है। वही बीडीओ अमित कुमार और सभी महिलाओं ने शिव मंदिर टोला के अनेक चापाकलो निरीक्षण किया। जिसमें देखा कि चापाकल में पानी का स्रोत नहीं रहने के कारण चापाकल खराब पड़ा हुआ है। एकमात्र वन कॉलोनी में सांसद गीता कोड़ा के द्वारा डीप बोरिंग कर सिंटेक्स लगाया गया है सही समय पर पानी नहीं छोड़ने के कारण आए दिन पानी को लेकर महिलाओं के बीच झगड़ा का उपन्न होता रहता है। इस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार मिश्रा ने सभी महिलाओं से कहा कि जल्द से जल्द इस टोला में पानी का समस्या का निदान किया जाएगा।

# मानगो गैंगवार में परमजीत एवं अमरनाथ गिरोह के छह अपराधकर्मी धराए, हथियार बरामद

➡ तीन हथियार, सात जिंदा कारतूस एवं 12 खोखा पुलिस ने किया बरामद



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** जमशेदपुर के उलीडीह थाना अंतर्गत संजय पथ में परमजीत गिरोह के अपराधी गुड्डू पांडेय के घर पर बीती रात अमरनाथ गिरोह के अपराधियों द्वारा की गई फायरिंग में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों गिरोह के छह अपराधकर्मियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधकर्मियों के पास से कुल तीन हथियार और सात जिंदा गोली बरामद किया है वहीं मौके से कुल 12 खोखा भी बरामद किया है। इस घटना में दोनों पक्षों के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने दोनों पक्ष के कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में एक पक्ष से गुड्डू पांडेय, रौशन कुमार और राकेश की गिरफ्तारी हुई है वहीं दूसरे पक्ष से सिंटू गुट के धनंजय सिंह और दीपू गोराई की गिरफ्तारी हुई है। शुक्रवार को मामले की जानकारी देते हुए सिटी एसपी मुकेश लुनायत ने बताया कि गुरुवार शाम को सिंटू सिंह, डेविड और दीपू गोराई समेत अन्य गुड्डू पांडेय के घर पहुंचे और गेट पर ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए घर से अंदर पहुंचे। यहां दोनों पक्षों के बीच फायरिंग हुई जिसमें एक गोली गुड्डू पांडेय के दाएं जांघ को छूकर निकली जबकि दूसरे पक्ष के धनंजय के हाथ में गोली लगी।

एसपी ने बताया कि दोनों पक्ष पूर्व में अमरनाथ गिरोह के लिए काम करते थे.सभी जमीन का कारोबार करते थे। एक माह पूर्व दोनों के बीच जमीन को लेकर विवाद भी हुआ था।

इसी को लेकर सिंटू ने अपने साथियों के साथ मिलकर गुरुवार रात बालीगुमा के पास घटना का प्लान बनाया और फिर गुड्डू पांडेय के घर पर फायरिंग कर दी। इस मामले में सभी को जेल भेज दिया गया है। वहीं अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## चोरी के अलग-अलग मामलों में चार गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** बिष्टुपुर पुलिस ने चोरी के दो अलग-अलग मामलों में कुल चार अपराधकर्मियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मानगो दाईगुटू निवासी कृष्णा राणा उर्फ शेखर, छायानगर निवासी संजय बाग उर्फ छोटू, जुगसलाई निवासी रोहित राम उर्फ लाला और धीरज साहु उर्फ शिवम शामिल है।




आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी के कुल पांच मोबाइल, तीन बाइक और तीन साइकिल बरामद किया है। मामले की जानकारी देते हुए सिटी एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने बताया कि गुरुवार दोपहर बिष्टुपुल सिग्नल के पास स्थित एक बिल्डिंग के गार्ड से मोबाइल की चोरी कर ली गई थी। इस संबंध में पुलिस ने कृष्णा राणा और संजय बाग को गिरफ्तार किया वहीं दूसरे मामले में पुलिस ने बाइक चोरी की शिकायत पर पहले रोहित राम को गिरफ्तार किया जिससे पूछताछ करने पर उसके साथी का नाम सामने आया। दोनों की निशानदेही पर चोरी की बाइक और साइकिल को बरामद किया गया है। दोनों को जेल भेज दिया गया है।

## विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर के सभी मुहल्लों में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

➡ जमशेदपुर अक्षेस क्षेत्र की बस्ती क्षेत्रों में सफाई की व्यवस्था पंगु हो गयी है



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर अक्षेस और टाटा स्टील यूआईएसएल के अधिकारियों से कहा है कि बढ़ती हुई गर्मी को देखते हुए वे जमशेदपुर के सभी मुहल्लों में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था पूरी करें और इसके लिए एक संयुक्त टीम गठित करें। उन्होंने जमशेदपुर अक्षेस के उप नगर आयुक्त से वैसे बस्ती क्षेत्रों की सूची बनाने के लिए कहा है जहाँ गर्मी के दिनों में पानी की किल्लत हो जाती है और टैंकर से पानी पहुँचाना पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा है कि भुइयांडीह, ग्वाला बस्ती, बाबुडीह, लाल भट्टा आदि इलाकों में पेयजल उपलब्ध करने को जो सिस्टम तैयार हो रहा है तथा जोजोबेड़ा के इलाकों में तेज गति से जलापूर्ति का पाइपलाइन बिछाने का काम चल रहा उन इलाकों में भी पीने के पानी की समस्या नहीं होनी चाहिए। दोनों पेयजल परियोजनाओं से जिन क्षेत्रों में पीने का पानी जाना है उन क्षेत्रों के लिए अलग से टैंकरों की व्यवस्था की जाए। जमशेदपुर अक्षेस के उप नगर आयुक्त ने आश्वस्त किया है कि वे कम से कम आधा दर्जन अतिरिक्त पानी टैंकरों की व्यवस्था करेंगे और पानी की किल्लत वाली बस्तियों की सूची शीघ्र तैयार कर लेंगे।

श्री राय ने टाटा स्टील से अनुरोध किया है कि पेयजल परियोजनाओं की दोनों योजनाओं को शीघ्रातिशीघ्र पूरा करें ताकि लोगों को पेयजल की सहुलियत गर्मी में मिल सके। विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर अक्षेस को चेतावनी दिया है कि बस्ती क्षेत्रों में सफाई की व्यवस्था पंगु हो गयी है और कोई भी सफाई ठेकेदार समुचित मजदूर लगाकर क्षेत्र में सफाई नहीं करवा रहा है। खासकर प्रेम नगर और लक्ष्मीनगर में जिन ठेकेदारों को जमशेदपुर अक्षेस ने कार्य दिया है वे लपारवाही बरत रहे हैं। जोजोबेड़ा इलाके में लोगों को स्वयं सफाई करनी पड़ रही है। उन्होंने जमशेदपुर अक्षेस के उप नगर आयुक्त से कहा है कि वे सभी सफाई ठेकेदारों से उनके मजदूरों की सूची मांगें और और हमें उपलब्ध करायें ताकि क्षेत्र में उनकी निगरानी रखी जा सके। सफाई व्यवस्था में इस तरह की कोताही बर्दास्त से बाहर है। रोज किसी न किसी इलाके से सफाई नहीं होने की शिकायत मिल रही है। श्री राय ने जमशेदपुर अक्षेस के उप नगर आयुक्त से कहा है कि वे एक दो दिनों के भीतर सफाई की व्यवस्था दुरूस्त करायें और सफाई ठेकेदारों का शिड्युल तैयार कर उन्हें उपलब्ध कराएं।

## बीडीओ ने क्लस्टरों का किया स्थलीय निरीक्षण



**पूसू प्रतिनिधि, चक्रधरपुर।** आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 56 चक्रधरपुर (अजजा) विधानसभा क्षेत्र-सह-अनुमंडल पदाधिकारी पोड़ाहाट चक्रधरपुर एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह प्रखंड विकास पदाधिकारी बंदगांव के द्वारा बंदगांव प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय बुनियादी विद्यालय कराईकेला, उत्क्रमित उच्च विद्यालय दामुडीह, उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय कराईकेला पर बने क्लस्टरों पर स्थलीय निरीक्षण किया गया। उक्त क्लस्टरों पर इंटरमीडिएट स्ट्रांग रुम हेतु कमरे का चिन्हित एवं मूलभूत सुविधाएं (एएमएफ) का मूल्यांकन कर कमियां को पूर्ण रूप सुनिश्चित करने हेतु विद्यालय प्रभारी, सेक्टर आफिसर, क्लस्टर आफिसर को आवश्यक रूप से दिशा-निर्देश दिए गए।

## चाईबासा महावीर मंडल का हुआ चुनाव, पवन शर्मा निर्विरोध अध्यक्ष



**चाईबासा।** शहर के रविंद्र भवन में शुक्रवार को वर्ष 1989 से स्थापित महावीर मंडल चाईबासा का आज नए सत्र 2024 -25 के लिए चुनाव संपन्न कराया गया। महावीर मंडल के चुनाव में इस बार पवन कुमार शर्मा निर्विरोध चुने गए वहीं महावीर मंडल चाईबासा का चुनाव के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी संरक्षक कैलाश खंडेवाल, चुनाव पदाधिकारी रितेश चिरानिया और रवि प्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में हुआ, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध पवन शर्मा को चुना गया। महामंत्री पद के लिए चुनाव हुआ जिसमें कुल मतदान 53 हुई जिसमें सुमित प्रजापति को 42 और बिट्टू यादव 11 मत मिले।

अध्यक्ष निर्विरोध- पवन शर्मा, महामंत्री -सुमित प्रजापति, उपाध्यक्ष निर्विरोध-विक्की चरण रजक, नीरज गुप्ता, दीपक गुप्ता, विशाल साव, मंत्री पद के लिए निर्विरोध -अमर सिंह, निखिल यादव, अनुप करण, राज शेखर, कोषाध्यक्ष- रवि रजक, प्रेस प्रवक्ता -रोशन कुमार जायसवाल, कार्यकारिणी सदस्य-पिंटू यादव, रोशन कुमार पोद्दार, आदित्य दधीचि, पीयूष अग्रवाल, सौभाग्य दोदराजका, नितेश कुमार, अनूप कुमार प्रजापति, आकाश वर्मा, उदय विश्वकर्मा, चुनाव कार्यक्रम में शहर के सभी अखाड़े के अध्यक्ष सचिव एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## गोविंदपुर में 7 अप्रैल को होगा दुगोला चैता का महा मुकाबला

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** विवेक नगर विकास समिति द्वारा वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में आगामी 7 अप्रैल को आयोजित होने वाले दुगोला चैता को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।



इस संबंध में जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संजोयक उदय यादव ने कहा की वर्षों के बाद गोविंदपुर वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में आगामी 7 अप्रैल को दुगोला चैता गायन का महा मुकाबला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें भोजपुरी लोकगीत के प्रसिद्ध गायक बक्सर के कमलबास कुंवर तथा आरा के गोपाल यादव के बीच महामुकाबला होगा। आज के वर्तमान परिपेक्ष में हमारी संस्कृति लुप्त हो रही है, चैत्र मास में श्री राम जी के जन्म के अवसर पर इस गीत को गाया गया था, जिसके पश्चात ये हमारी संस्कृति का हिस्सा हो गया। इस लोकगीत को बचाने का बीड़ा विवेक नगर विकास समिति ने उठाया है। इसको लेकर सारी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। इस अवसर शहर के सांसद, विधायक सहित शहर के सभी गणमान्य अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। प्रेस वार्ता में उदय यादव, परितोष सिंह, अशोक सिंह, राम नवमी सिंह, संतोष सिंह, विमल झा, मंटू शुक्ला, रमन सिंह, ऐश नंदन सिंह, अभिनाश सिंह, मुकेश ठाकुर, मनोज सिंह, कुंदन गुप्ता, सुधीर सिंह,मनीष सिंह, प्रशांत चौधरी, काली सिंह, विजय कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## फिटनेस टीम जय होने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** जिला उपायुक्त अनन्या मित्तल के निर्देशानुसार पूर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्वी सिंहभूम की फिटनेस टीम जय हो, जिसमें फौजी और फ्रेंड्स दोनों ही शामिल हैं। आज डिमना लेक में मॉर्निंग वॉकर्स को 100 प्रतिशत मतदान के लिए प्रोत्साहित किया साथ ही अपने लैपटॉप और मोबाइल पर डाउनलोड वोटर हेल्पलाइन एप्प के माध्यम से उपस्थित शहर वासियों के वोटर कार्ड को वेरीफाइड किया गया। जिस वोटर कार्ड में कोई त्रुटि थी उसे सुधार करने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया गया और जिनका नाम मतदाता सूची से कट गया है। उनका फॉर्म 6 भर कर नया रजिस्ट्रेशन कराया गया साथ ही प्राप्त रीफरेंस नंबर को प्रशासन के साथ मिलकर नए लोगों का नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाने का काम किया जा रहा है।

## पचास वर्ष का जश्न मना रहा मोबिल 1 मोटर ऑयल

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** एक्सॉन मोबिल को वैश्विक बाजार में मोबिल 1 मोटर ऑयल की शुरूआत करने के 50वीं वर्षगांठ मनाने पर गर्व है। 2024 में एक्सॉन मोबिल की साझेदारी, मोटरस्पोर्ट्स और आभासी वास्तविकता में पहल की एक श्रृंखला के साथ मोबिल 1 ब्रांड के अपने 50 साल के इतिहास का जश्न मनाएगा, जिनमें से प्रत्येक ब्रांड की विरासत और आने वाले समय की चीजों को उजागर करेगा।




पहले पूर्ण सिंथेटिक ऑटोमोटिव मोटर ऑयल के रूप में शुरुआत करने और फिर मोबिल 1 ब्रांडेड तेलों की श्रृंखला में विस्तार करने के बाद मोबिल 1 ब्राड गैस-संचालित और हाल ही में, हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक कारों के इंजन की सुरक्षा में सबसे आगे रहा है और पिछले पांच दशक से बेजोड़ गुणवत्ता और प्रदर्शन प्रदान कर रहा है। आज मोबिल 1 नवाचार, सहयोग और ग्राहकों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ दुनिया का अग्रणी सिंथेटिक मोटर ऑयल ब्रांड है। इस प्रतिष्ठित ब्रांड के साथ, एक्सॉन मोबिल इंजन सुरक्षा और प्रदर्शन के भविष्य को आकार देना जारी रखने के लिए उत्साहित है। इस महत्वपूर्ण पड़ाव वाले वर्ष में मोबिल 1 के उत्सव को प्रेरित करने वाले केंद्रीय घटकों में से एक ब्रांड की यात्रा को दर्शाने वाली एक लघु फिल्म है। एक्सॉन मोबिल ने दर्शकों को मोबिल 1 ब्रांड के विकास, प्रभावशाली सहयोग और तकनीकी उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी वीडियो के माध्यम से देने के लिए पूर्व फॉर्मूला 1 रेसर और मैकलेरन ड्राइवर डेविड कोल्टहार्ड के साथ साझेदारी की है। 2024 मोटरस्पोर्ट्स के पूरे सीजन के दौरान मोबिल 1 ब्रांड विशेष रूप से डिजाइन की गई पोशाकों की श्रृंखला और मोबिल 1 ब्राड के व्यापक रेसिंग इतिहास के अन्य मुख्य आकर्षण के साथ अपनी विरासत का उत्सव मनाएगा। मोबिल 1 ग्लोबल ब्रांड मैनेजर लॉरा बर्स्टर्ड ने कहा कि एक्सॉन मोबिल एक क्रांतिकारी सिंथेटिक मोटर ऑयल के रूप में मोबिल 1 ब्रांड की विरासत पर बहुत गर्व महसूस करता है। 50 साल पहले अपनी स्थापना से ही मोबिल 1 मोटर ऑयल ने लगातार गुणवत्ता और प्रदर्शन के मानक स्थापित किए हैं और अगले 50 वर्षों तक इसमें सुधार और उत्कृष्टता जारी रहेगी। ऑटोमोटिव क्षेत्र या रेसिंग का ज्ञान रखने वाला कोई भी व्यक्ति जानता है कि यह ब्रांड कितना प्रतिष्ठित रहा है और रहेगा।

# हाता से तिरिंग व पोटका से रसुनचोपा तक जर्जर सड़क की मरम्मत की उठी मांग

## सिंहभूम चैंबर के प्रयास से रसुनचोपा सड़क की प्रक्रिया आगे बढ़ी

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से पोटका क्षेत्र के रसुनचोपा में चार किलोमीटर जर्जर हो चुकी सड़क की मरम्मतीकरण के लिए दिनांक 10 नवंबर 2023 को उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम को एक पत्र लिखा गया था। पत्र पर त्वरित कारवाई करते हुए उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त को अग्रसारित कर दिया, जिसे उप विकास आयुक्त ने (पत्रांक 642 दिनांक 15 नवंबर, 2023) आरसीडी विभाग को अग्रसारित कर दिया। संयोगवश अपने संस्थान के सदस्य, जो आरसीडी (पथ निर्माण विभाग) के बड़े संवेदक हैं। उन्होंने सूचित किया है कि विभाग द्वारा उपरोक्त सड़क का प्राक्कलन तैयार करवा लिया गया है। इसकी प्रथम वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। चुंकि आचार संहिता लगी है, अतएव निविदा की संचिका अग्रसारित नहीं की जा सकती है। निर्वाचन के पश्चात निविदा संचिका अनुमोदनार्थ मंत्री बसंत सोरेन को भेजी जाएगी। चुंकि यह विभाग उनके पास है, अतएव सदस्य सह संवेदक ने कहा है कि चुनाव के दौरान एक औपचारिक स्मार पत्र बसंत सोरेन को प्रेषित कर दें। सिंहभूम चैंबर ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि जनहित में लिए गए इस निर्णय पर विभाग ने कारवाई की।



## हाता से तिरिंग तक की जर्जर सड़क की जल्द मरम्मत हो- सुरेश

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** कैट के राष्ट्रीय सचिव सुरेश सोन्थालिया ने झारखण्ड के मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन को पत्र लिख कर हाता से तिरिंग तक सड़क की जर्जर स्थिति की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। सोन्थालिया ने कहा हाता से तिरिंग तक सड़क की बेहद खराब स्थिति है। सड़क का उपयोग कई व्यापारियों, उद्यमियों और आमजन के द्वारा अपनी व्यावसायिक गतिविधियों के लिए क्योंझर, डुबुरी, मेरामंडली और उड़ीसा के अन्य स्थानों के लिए किया जा रहा है। ये व्यवसायी झारखंड के खजाने में अच्छा खासा राजस्व भी जोड़ते हैं। लेकिन इस हिस्से की यात्रा एक जोखिम भरी यात्रा है। इस मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो जाता है, वहीं यात्रा के दौरान व्यक्ति काफ़ी थक जाता है। कैट आपसे हस्तक्षेप का अनुरोध करता है कि मामले का संज्ञान लें और सड़क की तुरंत मरम्मत करवाएं। आग्रह होगा बारिश से पहले यह एक छोटा सा हिस्सा और मरम्मत पूरा करा दे।

## संक्षिप्त खबरें

### अनियंत्रित बस ने सड़क किनारे खड़े स्कूटी सवार को रौंदा, मौत




**पूसू प्रतिनिधि, पोटका।** पोटका थाना क्षेत्र के टाटा-हाता मुख्य मार्ग पर पावरु पहाड़ के समीप अनियंत्रित ओम कंचन बस ने सड़क किनारे खड़े स्कूटी सवार को रौंद दिया जिससे मानगो (डिमना) निवासी कृष्ण कुमार लाल (65 वर्ष) की मौत हो गई। घटना शुक्रवार सुबह लगभग नौ बजे की है। उलीडीह थाना क्षेत्र के बालेश्वर सिंह पथ डिमना रोड मानगो निवासी कृष्ण कुमार लाल जिनका बर्मामाइंस में एक्स-रे का लेब है। एक्स-रे रिपोर्ट पहुंचाने हेंसल स्थित प्रिया नर्सिंग होम अपने स्कूटी (जे एच 05 सी ओ / 7350 ) की ओर जा रहा था, इसी दौरान प्रत्यदर्शियों के अनुसार पावरु पहाड़ के समीप वह स्कूटी लेकर किसी कारणवश सड़क किनारे खड़ा हुआ इसी दौरान हाता की ओर से आ रही ओम कंचन बस (ओ आर 11 जे / 0681) किसी वाहन को ओवरटेक करने के क्रम में कृष्ण को बुरी तरह रौंद दिया। बस स्कूटी को घसीटते हुए लगभग 50 मीटर तक ले गई। घटना में कृष्ण गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज हेतु जमशेदपुर भेजा गया जहां उसकी मौत हो गई।

### पोटका में स्वीप कार्यक्रम के तहत दीया जलाकर दिया मतदान का संदेश

**पूसू प्रतिनिधि, पोटका।** पोटका स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को प्रखंड संसाधन केंद्र कर्मी, आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका सेविका, सहायिका, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा भारत के मानचित्र पर 701 दीया जलाकर दिया मतदान का संदेश दिया। इस अवसर पर सभी को मतदाता शपथ दिलाते हुए मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर एईआरओ सह बीडीओ अभय द्विवेदी तथा सीओ निकिता बाला ने सभी मतदाताओं से अपील है कि आगामी 25 मई को अपने बूथ पर जाकर पहले मतदान करें फिर अन्य काम करें। इस अवसर पर सुपरबाईजर अनुराधा शर्मा, दीपिका जोजोबार, अर्चना लिंडा, दानगी सोरेन, के अलाबे काफी संख्या में आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित थे।

### शांति समिति की बैठक में रामनवमी एवं ईद शांतिपूर्ण मनाने का लिया निर्णय

**पूसू प्रतिनिधि, पोटका।** रामनवमी एवं ईद के शांतिपूर्ण माहौल में आयोजन को लेकर पोटका थाना परिसर में शांति समिति की बैठक शुक्रवार को थाना प्रभारी समीर तिर्की की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पार्षद सूरज मंडल, मुखिया पानो सरदार, सुकलाल सरदार, अभिषेक सरदार, बीना मुंडा, अमृत माझी समेत विभिन्न अखाड़ा समिति एवं शांति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते थाना प्रभारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी समिति आचार संहिता का पालन अवश्य करे विसर्जन तय रूट पर ही निकाले, विसर्जन जुलूस में पहचान पत्र के साथ स्वयंसेवक की तैनाती करे, जुलूस की वीडियोग्राफी कराए, भड़काऊ गाने ना बजाए, सोसल मीडिया एवं असमाजिक तत्वों द्वारा फैलाये गए अफवाहों से बचे। उन्होंने कहा सभी आपसी भाईचारे के साथ पर्व त्योहार मनाए प्रशासन आपके सहयोग को हमेशा खड़ी है। उत्तम सिंह, सुबल चंद्र भगत, मनोज राम, महेंद्र सिंह, अंकन पालित, चितरंजन गोप, दीपक मंडल, राम महाली, सौरभ चटर्जी, इम्तियाज हुसैन ,रिक चट्टजी, कृष्ण मुंडा, सोमू मंडल, दुलाल मंडल, बासुदेव मंडल, तुषार राय, निरुपम भगत, मृगांक मंडल, राधाकृष्ण मंडल, विधान मंडल आदि उपस्थित थे।

### तुलसी भवन में फैशनरूट का तीन दिवसीय प्रदर्शनी का हुआ शुभारम्भ

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** फैशनरूट जमशेदपुर द्वारा तुलसी भवन में 5 से 7 अप्रैल 2024 तक चलने वाला तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुक्रवार को शुभारम्भ किया गया, जिसका उद्घाटन बुमेन्स क्लब जमशेदपुर की अध्यक्षा रीना बेदागरी एवं सिविल कोर्ट की अधिवक्ता कंचन मिश्रा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर अन्य महिलाओं में फैशनरूट की संचालिका सीमा कजारिया एवम ममता अग्रवाल के अलावा जयश्री सिन्हा, सुनीता सेठ, अलका गर्ग, गुरमीत कौर आदि उपस्थित रहे। मेला संचालिका ने बताया कि हमलोग पिछले 7 वर्षों से इस तरह का प्रदर्शनी लगाने का काम कर रहे हैं, जिसमें 40 से 45 संख्या में स्टॉल लगाया जा रहा है जो एक ही छत के नीचे सैकड़ों तरह के सामान उचित मूल्य पर उपलब्ध रहेंगे साथ ही सभी सामाने घरेलू महिला द्वारा निर्मित प्रोडक्ट्स होगें। उक्त प्रदर्शनी सुबह साढ़े दस बजे से रात साढ़े आठ बजे तक ग्राहकों के लिए खुला रहेगा।

### लंगर हाल की छत की ढलाई का कार्य शुरू

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** बागबेड़ा गुरुद्वारा कैंपस में लंगर हाल की छत एवं सेवादार के रहने के लिए कमरा की ढलाई का कार्य शुरू हुआ इस मौके पर सर्वप्रथम गुरुद्वारा के बाबा जी गुरु महाराज के समक्ष अरदास कर छत ढलाई का कार्य शुरू किया गया। इस मौके पर सेंट्रल गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान भगवान सिंह चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह, वरीय उपाध्यक्ष चंचल सिंह, महासचिव गुरु चरण सिंह बिल्ला, कोषाध्यक्ष गुरनाम सिंह, प्रधान लखविंदर सिंह, प्रधान रविंद्र सिंह, प्रधान रणजीत सिंह मथारू, प्रधान अमरजीत सिंह गांधी, प्रधान हरजिंदर सिंह चरणजीत सिंह, सलाहकार सुखविंदर सिंह राजू, सुखदेव सिंह बिट्टू, सतबीर सिंह सोमू अर्जुन सिंह वालिया सेंट्रल नौजवान सभा के प्रधान अमरीक सिंह सेंट्रल स्त्री सभा की प्रधान रविंदर कौर गौरी शंकर रोड स्त्री सभा की प्रधान इंद्रजीत कौर को साल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा बागबेड़ा गुरुद्वारा के प्रधान सरदार महेंद्र सिंह, महासचिव बलकार सिंह, स्त्री सभा की प्रधान जोगिंदर कौर को किए जा रहे कार्यों के लिए शॉल भेंट कर सम्मानित किया। कार्य को पूरा करने में जगजीत सिंह, चरणजीत सिंह, अमरजीत सिंह, काके वहन सिंह, मनजीत कौर, जसविंदर कौर, सुखविंदर कौर, गुरजीत सिंह आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

### जिला बार संघ की पूर्व चुनाव कमिटी ने नई कमिटी को सौंपा प्रभार

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** साकची स्थित पुराने कोर्ट परिसर में लॉयर्स डिफेंस की एक बैठक हुई। इस बैठक का संचालन अधिवक्ता सुनील कुमार मोहंती ने किया, जबकि अध्यक्षता वरीय अधिवक्ता कुमार राजेश रंजन ने किया। सभी अधिवक्ताओं को जानकारी दी गई कि जमशेदपुर जिला बार संघ की चुनाव प्रक्रिया पुनः शुरू हो रही है। 4 अप्रैल 2024 को चुनाव कमेटी की पूर्व सदस्यों ने नई कमेटी को अपना प्रभार सौंप दिया है। सभी ने मिलकर दिवंगत अधिवक्ताओं को अधिवक्ता कल्याण कोष से कल्याण राशि मिलने की बात पर भी अपनी सहमति बताई। बैठक में आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर एक दिवसीय गोष्ठी का कार्यक्रम रखा गया है। इस गोष्ठी का मुख्य विषय नए अधिवक्ताओं को जिम्मेदारियां को समझाने एवं कोर्ट परिसर में मिलजुल कर रहने की बात है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला व्यवहार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश एवं वरीय न्यायिक पदाधिकारी गण एवं राज्य बार काउंसिल और जिला बार संघ जमशेदपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहेंगे।



## देवोलीना भट्टाचार्जी फिल्मों में डेब्यू पर बोलीं

# ऐसा नहीं कि मैं अब टीवी या वेब पर काम नहीं करूंगी

टीवी एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी फिल्मों में अपनी शुरुआत को लेकर बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि फिल्में करने का मतलब ये नहीं है कि वह अब छोटे पर्दे या वेब पर काम करने से पीछे हट जाएंगी। टेलिविजन शो साथ निभाना साथियामें गोपी बहू का किरदार निभाकर लोकप्रियता हासिल करने वाली एक्ट्रेस बंगाल 1947- एन अनटोल्ड लव स्टोरीमें लीड रोल में नजर आएंगी। बड़े पर्दे पर अपने डेब्यू पर बातें करते हुए देवोलीना ने कहा, मैं अपनी पहली फिल्म को लेकर एक्साइटेड हूं। मैं चाहती हूं कि मेरे फैंस हर बार की तरह मुझे प्यार और सपोर्ट करें।

टीवी और डिजिटल प्लैटफॉर्म के प्रोजेक्ट्स में काम करने के बाद, मैं बड़े स्क्रीन के प्रोजेक्ट का ऑफर पाकर बेहद खुश हूं। एक एक्टर के रूप में मैं अपने आप को बांधकर नहीं रखती। एक्ट्रेस को पिछली बार दिल दियां गल्लांमें देखा गया था। उन्होंने कहा कि वह छोटे पर्दे या डिजिटल प्लेटफॉर्म से पीछे नहीं हटेंगी और काम करती रहेंगी।

एक्ट्रेस ने कहा, मैं एक एक्टर हूं और मेरा काम एक्टिंग करना है। बॉलीवुड स्क्रीन को सबसे अच्छा प्लेटफॉर्म माना जाता है और हर एक्टर उस प्लेटफॉर्म पर राज करना चाहता है। उन्होंने कहा, मैं हमेशा अच्छी कहानियों के इंतजार में रहती हूं। मैं अपने काम को इंजॉय करती हूं, चाहे स्टेज पर लाइव थिएटर करना हो या टीवी शो वेब या फिल्में। लेकिन, फिल्में करने का मतलब यह नहीं है कि मैं अब टीवी या वेब पर काम नहीं करूंगी।

देवोलीना ने सलमान खान द्वारा के होस्ट वाले रियलिटी टीवी शो बिग बॉसके 13वें, 14वें और 15वें सीजन में भी हिस्सा नजर आई थीं।

# जल्द एक साथ नजर आएंगे सनी, हिमेश और प्रभुदेवा, दर्शक हुए बेसब्र



सनी लियोनी, हिमेश रेशमिया और प्रभुदेवा जल्द ही एक साथ एक फिल्म में नजर आने वाले हैं। तीनों ही फिल्मी दुनिया के बड़े नाम हैं। इन्हें एक फिल्म में देखना दर्शकों के लिए काफी दिलचस्प अनुभव होने वाला है। हालांकि, अभी इस फिल्म का नाम तय नहीं हुआ है। लेकिन, सनी लियोनी इसके शूट के लिए रवाना हो चुकी हैं।

### पहली बार बार जमेगी सनी और हिमेश की जोड़ी

अभी फिलहाल इतनी जानकारी ही सामने आई है कि शुरुआती शूटिंग मस्कट में होगी। इस फिल्म को लेकर खास बात यह है कि हिमेश रेशमिया और सनी लियोनी पहली बार बड़े पर्दे पर साथ नजर आएंगे। इसे लेकर दर्शक भी उत्साहित नजर आ रहे हैं। वहीं, यह दूसरा मौका होगा, जब सनी लियोनी और प्रभुदेवा एक साथ काम करने जा रहे हैं। इससे पहले दोनों ने पेट्टा रैप गाने में एक साथ काम किया था। प्रशंसक चाहेंगे कि उन्हें फिल्म में प्रभुदेवा की कोरियोग्राफी और सनी का डांस देखने को मिले। अगर ऐसा हुआ तो संभवतः हिट गानों की लिस्ट में एक और गाना जुड़ जाएगा।

### सनी और हिमेश की आने वाली फिल्में

सनी लियोनी की बात करें तो वह फिलहाल मशहूर डेटिंग शो स्प्लिट्सविलाको होस्ट कर रही हैं। यह इस शो का 15वां संस्करण है। सनी की आने वाली फिल्मों में गैंग्स ऑफ गाजियाबाद, कैनेडीऔर कोटेशन गैंगशामिल हैं। वहीं, हिमेश रेशमिया की झोली में बैडएस रवि कुमार है। उन्होंने पिछले दिनों बतौर संगीतकार किसी का भाई किसी की जान और सेल्फी में काम किया था। वे अक्सर अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिटनेस वीडियो डालते रहते हैं।

### दबंग 4बनाएंगे प्रभुदेवा

प्रभुदेवा भी अपने काम की वजह से काफी व्यस्त हैं। वह दबंग 4 का निर्देशन करेंगे। इस फिल्म को अगले साल दिसंबर महीने में रिलीज किया जा सकता है। इसके अलावा उनकी वांटेड 2बनाने की भी चर्चा हैं। इसके पहले भाग में सलमान खान नजर आए थे। इसी फिल्म से उन्होंने दमदार वापसी की थी। इसके अलावा प्रभुदेवा भारतीय सुपरहीरो फिल्म मिनमैनमें भी काम कर रहे हैं।

# पाक एक्ट्रेस माहिरा खान ने शेयर किया शादी का किस्सा

पाकिस्तानी एक्ट्रेस माहिरा खान ने अपनी शादी से जुड़ा एक मजेदार किस्सा सुनाया। उन्होंने कहा- मेरी शादी में डीजे, वेटर समेत सभी रो रहे थे। वेडिंग वेन्यू पर एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं था, जिसकी आंखें नम न हो। हर कोई रो रहा था। उन्होंने कहा- मैं वेटर और बाकी सभी को देखकर बहुत शॉक्ड थी, मुझे लगा ये सब क्या हो रहा है। माहिरा खान ने एक अक्टूबर 2023 को अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड सलीम करीम से शादी कर ली। ये माहिरा की दूसरी शादी है। उन्होंने पाकिस्तान के भुरबन शहर में स्थित पर्ल कॉन्टिनेंटल होटल में निकाह किया। इस शादी में माहिरा का 14 साल का बेटा भी उनके साथ मौजूद था। माहिरा की पहली शादी साल 2007 में हुई थी। 2015 में तलाक हो गया। माहिरा के बेटे अजलान का जन्म साल 2009 में हुआ था।



### प्रेग्नेंसी की खबरों को झुठलाया

शादी के बाद माहिरा खान की प्रेग्नेंसी की खबरें सामने आई थीं। लेकिन माहिरा ने इन खबरों को झुठलाते हुए कहा- ओह, मैं प्रेग्नेंट नहीं हूं। ये कोई अनोखी बात नहीं है लेकिन फिलहाल ये सिर्फ एक अफवाह है। मुझे नहीं पता कि ये बातें कहां से आई। उन्होंने कहा- शायद ऐसा इसलिए है, क्योंकि मेरा वजन बढ़ गया है। फिल्म छोड़ देने की अफवाह पर भी माहिरा ने विराम लगाया। उन्होंने कहा- मैंने कोई फिल्म नहीं छोड़ी है। माहिरा, शाहरुख खान के साथ 2017 की फिल्म रईस में नजर आई थीं।

# नीतू चंद्रा बोलीं- मुझे कुछ भी थाली में सजाकर नहीं मिला, बताया बॉलीवुड से क्यों हैं दूर



बॉलीवुड में ट्रैफिक सिग्नल और ओए लकी लकी ओए जैसी फिल्में करने वाली एक्ट्रेस नीतू चंद्रा ने कुछ साल पहले फिल्म नेवर बैक डाउनः रिवोल्ट से हॉलीवुड में डेब्यू किया था। अब वह अपने वेस्टएंड म्यूजिकल प्ले उमराव जान अदा से अमेरिका में भारतीय संस्कृति का झंडा गाड़ने जा रही हैं। नॉर्थ अमेरिका के नौ शहरों में यह नाटक परफॉर्म करने जा रही नीतू से हमने उनके सफर पर की खास बातचीत

**-आपने बड़े पर्दे पर काफी काम किया है। अब दस साल से आप नाटक उमराव जान अदा में मंच पर अपना हुनर दिखा रही हैं। यह रंगमंच का अनुभव कितना मायने रखता है?**

पहले तो मैं ये बताना चाहूंगी कि जो उमराव नाटक मैं 2012-13 से कर रही थी, वो इस उमराव जान अदा- द वेस्टएंड म्यूजिकल से बिल्कुल अलग है। दोनों बेशक उमराव जान पर हैं, मगर पहले वाला रेखा भारद्वाज के साथ था, जिसे हम पृथ्वी थिएटर में करते थे। वो कास्ट, स्टोरी, म्यूजिक सब अलग था। असलीम सुलेमान का म्यूजिक है। यह एक म्यूजिकल है, जिसमें दिल चीज क्या है.., इन आंखों की मस्ती.. जैसे जो रेखा जी के गाने रीक्रिएट किए गए हैं। बहुत शानदार कथक परफॉर्मेंसेस हैं।

मैं सात-आठ महीने से कथक का रियाज कर रही हूं। मैंने बचपन में लखनऊ घराने से कथक किया था, अब 10 महीने से फिर रोजाना 200 घुंघरू बांधकर रियाज कर रही हूं। इसके शो हम पूरे नॉर्थ अमेरिका में करने जा रहे हैं। इसमें न्यू जर्सी, ऑरलैंडो, अटलांटा, ह्यूस्टन, वाशिंगटन डीसी जैसे नौ जगहों पर शो होंगे तो यह बिल्कुल अलग है और मैं इसे लेकर बहुत उत्साहित हूं। थिएटर मेरे लिए बहुत मायने रखता है। वहां कोई ऐक्शन कट नहीं है, आपको हर वक्त चौकन्ना रहना होता है। लोगों की प्रतिक्रिया और प्यार भी तुरंत मिल जाती है, तो आप ज्यादा सजीव महसूस करते हैं।

**-आप साउथ की फिल्मों से लेकर हॉलीवुड फिल्म तक में नजर आ रही हैं मगर हिंदी फिल्मों से क्यों दूर हैं?**

नहीं नहीं, ऐसा बिल्कुल नहीं है। अगस्त में मेरी एक फिल्म रिलीज हो रही है, रणदीप हुड्डा और परेश रावल जी के साथ। दरअसल, कोविड में जो दो-तीन फिल्में मैंने की, उन्हें रिलीज होते-होते वक्त लग गया। फिर मैं हॉलीवुड चली गई। पिछले साल मेरी हॉलीवुड फिल्म नेवर बैक डाउनः रिवोल्ट ह्ळ्ळ पर रिलीज हुई है।

मेरे काम में आपको क्वॉन्टिटी भले कम दिखे, लेकिन क्वॉलिटी बहुत है। अब मैं ये नहीं चाहती कि दिख तो हर जगह दिख रही हूं, लेकिन काम ढंग का नहीं है। मैं सिर्फ दिखने के लिए नहीं दिखना चाहती। मैं चाहती हूं कि मेरी ऑडियंस, मेरे फैंस मुझे एक गर्व से देखें कि नीतू करेगी तो अच्छा ही करेगी, कोई सॉलिड चीज करेगी और सॉलिड चीज मेरे लिए थाल में सजाकर तो आती नहीं है। मैं कोई फिल्मी बैकग्राउंड से तो हूं नहीं। तिनका-तिनका जोड़कर मैंने ये दुनिया बनाई है और अब कोई रुकावट नहीं है। अगले महीने अनुराग कश्यप के साथ तमिल फिल्म आ रही है- वन टू वन। दो और हॉलीवुड फिल्में हैं। अब दुनिया बहुत छोटी हो चुकी है, जहां आपको फिल्म करना है, टिकट कटाकर जाइए, फिल्म कर लीजिए। दो हिंदी फिल्मों की स्क्रिप्ट भी पढ़ रही हूं, हिंदी तो अपनी भाषा है तो वह तो सबसे पहले करूंगी।

**-नीतू आप बिहार से बॉलीवुड में आईं। करीब बीस सालों से यहां डटी हुई हैं। आपके लिए इस इंडस्ट्री में अपने शर्तों पर काम करना कितना चुनौतीपूर्ण रहा?**

यह बहुत मुश्किल रहा। तभी मुझे यहां तक पहुंचने में इतने साल लग गए। मेरे पास मैनेजमेंट की कोई टीम नहीं थी। कहते हैं न, एक स्टार बनाने के लिए आर्मी लगती है, मेरे पास कोई आर्मी नहीं थी। जब मैं अच्छा कर रही थी, तब मेरे चारों ओर बहुत सारे लोग थे। फिर एक ऐसा दौर आया जब मैं कुछ नहीं कर रही थी, तब कोई साथ नहीं था तो बहुत मुश्किल होती है। जब इंसान नहीं रहता है तो लोग उसकी ज्यादा चिंता करते हैं।

अब लोग मुझे कहते हैं कि तुम ये क्यों नहीं करती, वो क्यों नहीं करती, लेकिन मैं तो यहीं थी,आपने क्यों नहीं पूछा? तब किसी ने नहीं कहा कि नीतू तो 18 साल तक ताइक्वांडो में फोर्थ डैन ब्लैक बेल्ट रही है, उसे तो सबसे बड़ी ऐक्शन स्टार होना चाहिए, सबसे बड़ी ऐक्शन फिल्में करनी चाहिए या मैं ट्रेंड कथक डांसर थी तो मुझे संजय लीला भंसाली या आशुतोष गोवारिकर की फिल्मों में काम मिल गया। मैं भी इन कमाल के डायरेक्टर्स के साथ काम करना चाहूंगी और जब भी मौका मिला, जी जान लगा दूंगी।

-साभार एजेंसी

# सानंद वर्मा के साथ हुआ था सेक्शुअल हैरेसमेंट

### • भाबीजी घर पर हैं' फेम एक्टर बोले- 13 साल की उम्र में अमीर आदमी ने किया था शोषण

भाबीजी घर पर हैं' फेम एक्टर सानंद वर्मा ने बताया कि 13 साल की उम्र में उनके साथ सेक्शुअल हैरेसमेंट हुआ था। सानंद ने बताया कि वो लम्हा याद करके सानंद आज भी डर जाते हैं। बचपन में उनके साथ एक व्यक्ति ने गलत हरकत की थी। दरअसल, सानंद को क्रिकेट खेलने का शौक था। वो हर दिन क्रिकेट खेलने जाया करते थे। वहां एक अमीर आदमी आता था, जिसने उनके साथ सेक्शुअल हैरेसमेंट करने की कोशिश की थी। इस घटना के बाद उन्होंने क्रिकेट खेलना छोड़ दिया था।

उनका मानना है कि किसी बच्चे के साथ जब भी यौन उत्पीड़न जैसी हरकत की जाती है, तो वो घटना लाइफ टाइम के लिए उसके दिमाग में रह जाती है। ऐसी घटना कोई भी जल्दी भूल नहीं पाता है। सानंद ने आगे कहा कि इस घटना ने उन्हें एक व्यक्ति के तौर पर मजबूत बनाया।

### एक्टर बनने के लिए छोड़ी जॉब



सानंद ने एक पुराने इंटरव्यू में कहा था कि काफी स्ट्रगल करने के बाद मुझे एक कंपनी में काम मिला लेकिन मैंने वो जॉब एक दिन छोड़ दी। वहां काफी अच्छी सैलरी और लग्जरी लाइफस्टाइल थी लेकिन मैंने इसे ये सोचकर छोड़ दिया कि नहीं मुझे तो एक्टर बनना है। इसके बाद मैं दोबारा वहीं घूमकर आ गया।

मैंने एक बड़ा घर खरीदा था और मेरी पूरी जमापूंजी जैसे ग्रेजुयटी और प्रोविडेंट फंड सब होम लोन में चला गया। मुझे कार बेचनी पड़ी क्योंकि ईएमआई भरने के लिए मेरे पास पैसे नहीं थे। सानंद ने बताया कि वो ऑडिशन के लिए 25 किलोमीटर तक मुंबई लोकल से जाया करते थे। लेकिन वो लग्जरी लाइफस्टाइल के आदि थे इसलिए उन्हें पसंद नहीं आया। लंबे समय तक स्ट्रगल के बाद उन्हें भाबीजी घर पर हैं में रोल मिला और उनकी किस्मत बदल गई।

### फिल्मों में भी किया काम

सानंद ने मर्दानी, रेड, पटाखा और छिछोरे जैसी फिल्मों में काम किया है। इसके अलावा वो अपहरण और सेक्रेड गेम्स जैसी वेबसीरीज में भी नजर आ चुके हैं। वहीं टीवी में सानंद वर्मा ने लापतागंज, गुपचुप, भाबी जी घर पर हैं से लेकर FIR जैसे शोज में काम किया है।




## सारा' रिश्ते, प्यार और मानसिक परेशानी से उबरने की समझ देगा: सोम्या हुसैन

सोन्या हुसैन अपने नए शो साराब को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। यह शो 6 अप्रैल से जिदंगी डीटीएस पर शाम 7.30 बजे प्रसारित होने वाला है, जिस एक्ट्रेस ने अपने काम करने का अपना अनुभव साझा किए। साराब' दक्षिण एशियाई समुदायों में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर सामाजिक सोच और रूढ़ियों के बारे में बात करता है। आपको क्या लगता है किस तरह 'साराब' इस मुद्दे को लेकर बातचीत की शुरुआत कर सकता है और जागरूकता फैला सकता है? 'साराब' में मानसिक स्वास्थ्य की पेचीदगियों को दिखाया गया है। हमारे समाज में होरैन जैसे लोगों को किस तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, वो इसमें दिखाया जा रहा है। शिज़ोफ्रेनिया से पीड़ित होरैन के सफर को दिखाकर, इस शो में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कलंक के बारे में खुलकर बात की गई और दर्शकों को उसका मुकाबला करने के लिए प्रेरित किया गया है। इसका लक्ष्य संवेदना और समझ विकसित करना है, जिससे आखिरकार मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को लेकर संवेदनशील और समझदारी भरा तरीका अपनाने की ही प्रेरणा मिलेगी।

## मानुषी छिल्लर श्रद्धा कपूर और कृति सेनन के साथ नो एंट्री में एंट्री में होंगी शामिल?



मानुषी छिल्लर अपनी उपलब्धि में एक और इजाफा करने के लिए तैयार हैं। ऑपरेशन वेलेंटाइन, बड़े मियां छोटे मियां और पीरियड-ड्रामा सम्राट पृथ्वीराज जैसी एक्शन फिल्मों के बाद, मानुषी कथित तौर पर एक कॉमेडी फिल्म में एक्टिंग करने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मानुषी छिल्लर, श्रद्धा कपूर और कृति सेनन के साथ, नो एंट्री में एंट्री की प्रतिष्ठित स्टार कास्ट में शामिल होंगी, जो 2005 की फिल्म नो एंट्री का सीक्वल है। सूत्रों से पता चला है कि मानुषी अर्जुन कपूर, वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी, जो सीक्वल में मुख्य भूमिका अदा करेंगे। इस साल की शुरुआत में घोषित इस प्रोजेक्ट में मानुषी की कृति और श्रद्धा के साथ न सिर्फ उनकी पहली ऑन-स्क्रीन उपस्थिति होगी बल्कि यह पहली बार है, जब एक्ट्रेस अर्जुन, वरुण और दिलजीत के साथ जोड़ी बनाती हुई दिखाई देंगी।



## हैदराबाद में राशि खन्ना ने खरीदा तीसरा घर, किया गृहप्रवेश

एक्ट्रेस राशि खन्ना ने हैदराबाद में अपना तीसरा घर खरीदा है। उन्हें हाल ही में रिलीज हुई फिल्म योद्धा के लिए काफी पॉजिटिव फीडबैक मिल रहा है। एक्ट्रेस अपने परिवार और दोस्तों के साथ गृहप्रवेश समारोह के लिए हैदराबाद गई। तस्वीरों में एक्ट्रेस को इंडियन आउटफिट में गृहप्रवेश करते हुए देखा जा सकता है। उनके साथ उनकी मां और उनके कुछ करीबी रिश्तेदार भी हैं। उन्होंने पहले हैदराबाद में दो घर खरीदे थे, एक 2015 में और दूसरा 2017 में।



### शशांक सिंह ने सुनाई जादुई पारी के पीछे की कहानी

# मैं बॉलर का नाम नहीं देखता...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुजरात टाइटन्स के खिलाफ गुरुवार को खेले गए मैच में 29 गेंदों पर 61 रनों की नॉटआउट पारी खेली। पंजाब किंग्स के इस बैटर ने गुजरात टाइटन्स के जबड़े से जीत छीनी और फिर मैन ऑफ द मैच भी चुने गए। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 का 17वां मैच गुजरात टाइटन्स वर्सेस पंजाब किंग्स था, जहां आखिरी ओवर में पंजाब किंग्स ने तीन विकेट से जीत दर्ज की। एक समय ऐसा लग रहा था कि पंजाब किंग्स यह मैच हार जाएगा, लेकिन इसके बाद शशांक और आशुतोष शर्मा ने मिलकर मैच का पूरा सीन ही बदल दिया। दोनों अनकैप्ड खिलाड़ियों ने जिस तरह से गुजरात टाइटन्स के अनुभवी गेंदबाजी की क्लास लगाई, वो देखकर हर कोई बस दंग ही रह गया।

शशांक ने मैच के बाद कहा कि वह गेंदबाज का नाम नहीं देखते हैं, बस गेंद देखते हैं और उसके हिसाब से अपने शॉट्स खेलते हैं। मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने के बाद शशांक ने कहा, अभी भी कोशिश कर रहा हूं कि यह अहसास पूरी तरह अंदर समा जाए। मैं इस तरह की चीजों को इमैजिन तो करता हूं लेकिन इस तरह की पारी सच में खेलना बहुत शानदार अनुभव है। मैं क्रिकेटिंग शॉट्स खेलता हूं। मैं नंबर-7 पर बैटिंग करता हूं, लेकिन इस मैच में मैंने नंबर-5 पर बैटिंग की। बाउंस काफी अच्छा था, दोनों टीमों ने 200 तक रन बनाए, तो विकेट तो अच्छा था।

गुजरात टाइटन्स के गेंदबाज लीजेंड्स हैं, लेकिन मैं गेंदबाज का नाम नहीं देखता हूं। मैं गेंद पर रिऐक्ट करता हूं और उसके हिसाब से अपने शॉट्स खेलता हूं। इससे पहले पिछले के पिछले साल सनराइजर्स हैदराबाद से ज्यादा मैच नहीं मिल पाए थे, लेकिन यहां कोचिंग स्टाफ और मैनेजमेंट ने मुझे बैक किया और मैं बहुत कॉन्फिडेंट था।

## विल जैक्स को मौका देगी आरसीबी?



**जयपुर,एजेंसी।** खराब फॉर्म से जूझ रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और शानदार प्रदर्शन कर रही राजस्थान रॉयल्स दोनों को आईपीएल 2024 के मुकाबले में अपने शीर्षक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। आरसीबी फिलहाल दस टीमों में आठवें स्थान पर है जो उसके खराब प्रदर्शन की बानगी देता है। वहीं रॉयल्स दूसरे स्थान पर है लेकिन उसके शीर्षक्रम ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। आरसीबी के पास शीर्षक्रम में कप्तान फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरून ग्रीन और रजत पाटीदार जैसे शानदार आक्रामक बल्लेबाज हैं लेकिन कोई भी एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका।

### विक जैक्स को मौका देगी आरसीबी

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दो अर्धशतक समेत 203 रन बनाकर ऑरेंज कैप हासिल कर चुके हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला। पाटीदार ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 29 रन बनाये लेकिन उनसे इससे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। कैमरून ग्रीन की जगह प्लेइंग इलेवन में विस्फोटक बल्लेबाज विल जैक्स को शामिल किया जा सकता है। मयंक डागर की जगह लेग स्पिनर कर्ण शर्मा को मौका मिल सकता है।

### चेस

## फिरोजा के खिलाफ अभियान शुरू करेंगे प्रगनानंदा, वैशाली के सामने कड़ी चुनौती



**टोरंटो, एजेंसी।** टूर्नामेंट के कार्यक्रम को देखते हुए प्रगनानंदा का पलड़ा भारी रह सकता है क्योंकि दूसरा हाफ महत्वपूर्ण रहने की उम्मीद है। भारतीय खिलाड़ी को पहले हाफ में नाकामूरा और कारुआना के अलावा हमवतन गुजराती से काले मोहरों से खेलना है। भारत के स्टार खिलाड़ी आर प्रगनानंदा कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ करेंगे। वहीं, ऑल इंडियन मुकाबले में डी गुकेश और विदित गुजराती आमने-सामने होंगे। गुकेश को शुरुआती हाफ में सफेद मोहरों से खेलते हुए फायदा उठाना होगा। विदित के लिए मोहरों का रंग अधिक मायने नहीं रखता और वह अच्छी स्थिति का फायदा उठाने के लिए जाने जाते हैं। दो सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ियों फाबियानो कारुआना और हिकारू नाकामूरा के बीच ऑल अमेरिकी मुकाबला होगा। दिन के एक अन्य मुकाबले में निजात अबासोव की भिड़ंत रूस के इयान नेपोमनियाची से होगी।

प्रगनानंदा ने कहा, यह रोमांचक होने वाला है। टाइम कंट्रोल का मतलब है कि हमें घड़ी पर भी नजर रखनी होगी क्योंकि शुरुआती 40 चाल तक समय में कोई इजाफा नहीं होगा।

### प्रगनानंदा का पलड़ा भारी

टूर्नामेंट के कार्यक्रम को देखते हुए प्रगनानंदा का पलड़ा भारी रह सकता है क्योंकि दूसरा हाफ महत्वपूर्ण रहने की उम्मीद है। भारतीय खिलाड़ी को पहले हाफ में नाकामूरा और कारुआना के अलावा हमवतन गुजराती से काले मोहरों से खेलना है। युवा भारतीय खिलाड़ी को उलट मुकाबलों में सफेद मोहरों से खेलने को मिलेगा।

### वैशाली के सामने हंपी की चुनौती

महिला वर्ग के पहले दौर में भी दो भारतीय खिलाड़ी आर वैशाली और कोनेरू हंपी आमने-सामने होंगी। 21 साल की वैशाली प्रगनानंदा की बड़ी बहन हैं। टूर्नामेंट के 'टाइम कंट्रोल' के अनुसार, दो घंटे में 40 चाल होंगी और बाकी मुकाबले के लिए 30 मिनट का समय होगा जिसमें 41वीं चाल से प्रत्येक चाल के बाद 30 सेकंड जोड़े जाएंगे। रूस की दो खिलाड़ी एलेक्सांद्रा गोरयाचकिना और कैटरीना लेगनो भी पहले दौर में एक-दूसरे से भिड़ेंगी।

## पेरिस ओलंपिक से पहले ऑस्ट्रेलिया की चुनौती के लिए तैयार भारतीय हॉकी टीम

**पर्थ, एजेंसी।** शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय पुरूष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी तैयारियों को पुख्ता करने के लिए शनिवार से यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में उम्दा प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी। इस श्रृंखला से भारत को पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी ताकत और कमजोरियों को आंकने का मौका मिलेगा। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, 'पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये यह श्रृंखला बहुत महत्वपूर्ण है। हमें अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप देना है और उन पहलुओं का पता करना है जिनमें सुधार की जरूरत है।उन्होंने कहा, 'हमारा फोकस अपनी रणनीति पर प्रभावी अमल करके ऑस्ट्रेलिया की चुनौती का माकूल जवाब देने पर होगा। भारत ने आखिरी बाद



2014 में विदेश में टेस्ट श्रृंखला जीती थी। फरवरी में एफआईएच प्रो लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। भारत ने प्रो लीग में भुवनेश्वर में चार में से तीन मैच जीते और राउरकेला में अपराजेय रही। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसे दोनों मैचों में पराजय मिली। दोनों टीमें ओलंपिक में एक ही ग्रुप में है लिहाजा टेस्ट श्रृंखला के जरिए दोनों को एक दूसरे को आंकने का मौका मिलेगा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, 'हम इस चुनौती के लिए तैयार हैं। हमें पता है कि आस्ट्रेलिया कठिन प्रतिद्वंद्वी है लेकिन हमें अपनी क्षमता और तैयारियों पर भरोसा है। हमारा लक्ष्य सिर्फ इस श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन करना नहीं बल्कि एक ईकाई के रूप में खुद को निखारना भी है।

## मुंबई इंडियंस से जुड़ेंगे सूर्यकुमार यादव

**मुंबई, एजेंसी।** सूर्यकुमार यादव शुक्रवार शाम तक मुंबई इंडियंस टीम से जुड़ जाएंगे। वह एड़ी की चोट से उबर रहे थे और फ़िलहाल एनसीए बेंगलुरु में थे। उन्होंने इस साल आईपीएल में अभी तक एक भी मैच नहीं खेला है। हालांकि अभी तक यह



नहीं पता चल पाया है कि वह दिल्ली कैपिटल्स के ख़िलाफ़ रविवार को होने वाले मैच के लिए पूरी तरह फ़िट हैं या नहीं। सूर्यकुमार अंतिम बार दिसंबर 2023 में क्रिकेट के मैदान में उतरे थे। दक्षिण अफ़्रीका के ख़िलाफ़ इस मैच के दौरान उन्हें एड़ी की चोट लगी थी। इसके अलावा हाल ही में उनकी स्पोर्ट्स हार्निया की भी सर्जरी हुई थी। फ़िलहाल शुरुआती तीनों मैच हारकर मुंबई अंक तालिका में सबसे नीचे है।

## बैडमिंटन : अनमोल सहित पांच भारतीय कजाखस्तान चैलेंजर के क्वार्टर फाइनल में, देविका-अनुपमा का शानदार प्रदर्शन



**अस्ताना, एजेंसी।** एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जिताने में मदद करने वाली गत राष्ट्रीय चैंपियन अनमोल ने दूसरे दौर में संयुक्त अरब अमीरात नूरानी रातू अजाहरा 21-11, 21-7 से हराया। सिहाग ने अजरबैजान के केशा फामिता को 21-12, 21-12 से हराया।

17 साल की बैडमिंटन खिलाड़ी अनमोल खरब सहित पांच भारतीय शटलरों ने कजाखस्तान इंटरनेशनल चैलेंजर के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है

। अनमोल के अलावा देविका सिहाग, पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन अनुपमा उपाध्याय, सातवीं वरीय तान्या हेमंत और इशारानी बरुआ भी महिला एकल के अंतिम-8 में प्रवेश कर लिया। एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जिताने में मदद करने वाली गत राष्ट्रीय चैंपियन अनमोल ने दूसरे दौर में संयुक्त अरब अमीरात नूरानी रातू अजाहरा 21-11, 21-7 से हराया।

सिहाग ने अजरबैजान के केशा फामिता को 21-12, 21-12 से हराया। अब उनकी टक्कर हमवतन अनुपमा से होगी जिन्होंने चेक गणराज्य की पांचवीं वरीय टेरेजा को पराजित किया। सातवीं वरीय तान्या ने इस्राइल के सेनिया पोलिकारपोवा को 21-11, 21-18 से मात दी। इशरानी ने न्यूजीलैंड के टिफनी हो 21-10, 20-14 से पराजित किया।



## जहां तक रोहित शर्मा को जानता हूं, वो मुंबई इंडियंस को लीड करेंगे लेकिन...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्या मुंबई इंडियंस के कप्तान के तौर पर वापसी करेंगे या फिर मुंबई इंडियंस का साथ ही छोड़ देंगे? इन सवालों के जवाब तो समय आने पर ही मिलेंगे। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से पहले मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाकर हार्दिक पांड्या को कप्तान बना दिया और इसके बाद से जो बवाल शुरू हुआ है, वो खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। मुंबई इंडियंस आईपीएल 2024 में इकलौती ऐसी टीम है, जिसने अभी तक एक भी मैच नहीं जीता है। लगातार तीन हार के बाद हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस पॉइंट्स टेबल में आखिरी पायदान पर है।

कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि आईपीएल 2025 में रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस का साथ छोड़ जाएंगे, वहीं पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने कहा कि लगातार तीन हार के बाद हो सकता है कि मुंबई इंडियंस एक बार फिर से रोहित शर्मा को ही कप्तानी सौंप दे। इन सबके बीच पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत का सोचना तो सबसे ज्यादा अलग है।



## गुजरात को लगा बड़ा झटका, अगले 2 सप्ताह तक टीम का हिस्सा नहीं होंगे मिलर!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पंजाब किंग्स के खिलाफ गुजरात टाइटंस को हार का सामना करना पड़ा. शिखर धवन की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को 3 विकेट से हराया. वहीं, अब गुजरात टाइटंस के लिए बुरी खबर सामने आ रही है. दरअसल, गुजरात टाइटंस के दिग्गज मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज डेविड मिलर तकरीबन 2 सप्ताह तक मैदान से दूर रहेंगे.

इस वक्त डेविड मिलर चोट से जूझ रहे हैं. डेविड मिलर का बाहर होना शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है. इससे पहले पंजाब किंग्स के खिलाफ डेविड मिलर गुजरात टाइटंस की प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं थे, लेकिन ऐसा माना जा रहा था कि वह अगल मैच तक फिट हो जाएंगे, लेकिन अब गुजरात टाइटंस मैनेजमेंट और फैंस के लिए बुरी खबर सामने आ रही है. पंजाब किंग्स के खिलाफ डेविड मिलर गुजरात टाइटंस ने केन विलियमसन को प्लेइंग इलेवन का हिस्सा बनाया. केन विलियमसन ने 22 गेंदों पर 26 रनों का योगदान दिया. केन विलियमसन ने मिड इनिंग ब्रेक में बताया कि डेविड मिलर चोट से जूझ रहे हैं, वह तकरीबन 2 सप्ताह तक मैदान पर नजर नहीं आएंगे.

**पंजाब किंग्स के खिलाफ हारी गुजरात टाइटंस...**

पंजाब किंग्स के खिलाफ गुजरात टाइटंस को 3 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था. पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात टाइटंस ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 199 रनों का स्कोर बनाया. गुजरात टाइटंस के लिए कप्तान शुभमन गिल ने सबसे ज्यादा 48 गेंदों पर 89 रन बनाए. वहीं, इसके जवाब में पंजाब किंग्स ने 19.5 ओवर में 7 विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया. पंजाब किंग्स के लिए शशांक सिंह ने सबसे ज्यादा 29 गेंदों पर 61 रन बनाए. जबकि आशुतोष शर्मा ने 17 गेंदों पर 31 रनों का योगदान दिया.

## संक्षिप्त समाचार

### कपिल शो पे चढ़ा क्रिकेट का बुखार, आए रोहित शर्मा और श्रेयस अइयर बनकर मेहमान

**मुंबई, एजेंसी।** द ग्रेट इंडियन कपिल शो, जिसका प्रीमियर 30 मार्च को हुआ, पहले ही पूरी दुनिया में धूम मचा चुका है! इस शो को बहुत अच्छी शुरुआत मिली है, और यह 14 देशों में ट्रेंड हो रहा है। इस शनिवार को कपिल शर्मा और उनकी पूरी टीम क्रिकेटर रोहित शर्मा और श्रेयस अइयर का स्वागत करेंगेढ्ढ इन दोनों के साथ सेट पर खूब सारी चर्चा और हंसी मजाक देखने को मिलेगा दोनों खिलाड़ियों की घनिष्ठ दोस्ती साफ़ दिखाई दे रही थी, जब वो पूरे एपिसोड में एक दूसरे की खूब 'टांग-खिंचाई' कर रहे थे। उन्होंने क्रिकेट मैदान के अंदर और बाहर के अनेक किस्से सुनाए। रोहित की गुगली से लेकर श्रेयस के सिक्सर तक, इन दोनों की बिंदास बातचीत और पहले कभी ना देखी गई मस्ती देखना ना भूलें। इस बातचीत ने नया मोड़ तब ले लिया, जब सुनील ग्रोवर ने इंजीनियर चुंबक मित्तल के रूप में आकर 'माहौल' को मनोरंजित कर दिया। उन्होंने सीधे-सीधे रोहित से इंडियन क्रिकेट टीम में जगह मांग ली (क्या!), हाँ, इतना जरूर माना की वो ओपनिंग बल्लेबाजी नहीं करना चाहते ढ्ढ इस पर रोहित ने कहा, ओपनिंग तो भूल ही जाओ यार! सुनील फिर भी टीम में शामिल होने पर अड़े रहे और कहा कि वो निचले क्रम में 11वें नंबर पर भी बैटिंग करने को तैयार हैं, क्योंकि उनकी कौन सी बैटिंग आती है, और अगर बैटिंग आ भी गई तो मैं बोल दूंगा कि तुम्हारे दस कुछ नहीं कर पाए तो मैं क्या कर लूंगा। इस पर रोहित ने कहा, ये बात मोहम्मद शमी, बुमराह, ये सब हमको बोलते हैं। हम देखते हैं ना कि 10थ या 11थ नंबर जब बैटिंग करते हैं, हम बोलते हैं यार 10 रन बना ले भाई, उनकी भी यही थिंकिंग रहती है - तुम तो बना नहीं पाए, पर हमसे एक्सपेक्ट कर रहे हो!

### असम में पुलिस को बड़ी सफलता, 210 करोड़ की हेरोइन जब्त

**कछार (असम)।** असम में इन दिनों ड्रग्स मुक्त राज्य की दिशा में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में एसटीएफ असम और कछार पुलिस ने संयुक्त अभियान में सिलचर में 21 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 210 करोड़ रुपये है। साथ ही एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया है। वहीं इस मामले की जांच जारी है। इसे लेकर असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने अपने एक्स हैंडल पर जानकारी देते हुए असम पुलिस को बधाई दी है। साथ ही उन्होंने यह जक्रि भी किया कि यह ड्रग्स के खिलाफ चल रहे अभियान को लेकर राज्य में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। इस संयुक्त ऑपरेशन का प्रतिनधित्व असम एसटीएफ के आईजीपी पार्थ सारथी महंता और कछार पुलिस के एसपी नुमल महत्ता ने किया। गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को एसटीएफ की टीम ने सईदपुर के पास वाहन रू01-7204 की जांच की इस दौरान उन्हें प्योर फॉर्म में 21 किलो ग्राम हेरोइन जब्त की। यह इलाका कछार जिले के सिलचर पुलिस थाने के अंतर्गत आता है। आईजीपी, एसटीएफ ने बताया कि दस दिन पहले उन्हें इनपुट मलिा था कि पड़ोसी राज्य से ड्रग्स का बड़ा कन्साइनमेंट राज्य में आने वाला है, जहां से इसे दो बड़े शहरों में सप्लाई किया जाएगा।

### चुनाव अधिकारियों ने बीच रास्ते में रोकी पूर्व मुख्यमंत्री की कार

**ऊटी, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से सभी पार्टियां लोगों को लुभाने की कोशिश में है। इस बीच चुनाव में पैसे का गलत इस्तेमाल न हो इसके लिए चुनाव आयोग अपनी कड़ी नजर बनाए हुए हैं। तमिलनाडु में भी यही आलम है, यहां चुनाव के चलते सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हो रखे हैं। इसके चलते तमिलनाडु के पूर्व सीएम और एआईएडीएमके नेता एडप्पादी के पलानीस्वामी की गाड़ी तक को चुनाव आयोग के उड़न दस्ते ने रोक दिया। चुनाव अधिकारियों ने गाड़ी की जांच के लिए कई देर तक इसे रोके रखा। चुनाव अधिकारी हर राज्य में दिखा रहे सख्ती लोकसभा चुनाव के चलते चुनाव आयोग का उड़न दस्ता जगह-जगह जांच अभियान चला रहा है। चुनावों में गलत चीजों के इस्तेमाल को रोकने के लिए यह अभियान चला रहा है।

# कर्ज है तो किडनी बेच लो ना; 100 से ज्यादा गरीब बांग्लादेशी बने शिकार, बड़े कांड का खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
बांग्लादेश के गरीब जरूरतमंदों को गुरुग्राम लाकर अवैध तरीके से जयपुर में उनकी किडनी ट्रांसप्लांट कराने वाले एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ गुरुवार को गुरुग्राम में हुआ। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस ने गुरुवार को एक होटल में छापा मारकर किडनी ट्रांसप्लांट करवा चुके मरीज, डोनर और ट्रांसप्लांट करवाने के लिए आए 9 मरीजों को पकड़ा। रैकेट 100 से अधिक लोगों की किडनी निकालकर बेच चुका था। गिरोह का सरगना रांची का रहने वाला मोहम्मद मुर्तजा अंसारी है, जिसे पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है।

किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट का सरगना बीते कई सालों से यह गोरखधंधा चला रहा है। गिरोह की सक्रियता सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल, दिल्ली-एनसीआर और बांग्लादेश में है। पुलिस के अनुसार, सरगना मोहम्मद मुर्तजा अंसारी फेसबुक पेज और अपने नेटवर्क के जरिये कर्ज में डूबे बांग्लादेश के गरीब लोगों को रुपये का लालच देकर किडनी देने के लिए संपर्क करता था। पुलिस गिरोह के सदस्यों का पता लगाने के लिए सरगना की तलाश कर रही है।

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता और पुलिस के अधिकारियों के अनुसार, सरगना मोहम्मद मुर्तजा अंसारी ने जगह-जगह अपने एजेंट बनाए हैं। वह किडनी लेने और देने वालों के पास इन एजेंटों को भेजता था। छापेमारी के दौरान होटल के एक कमरे में बांग्लादेश का 24 वर्षीय शमीम मेहंदी असन मिला। उसने हिन्दुस्तान को बताया कि दुकान बेच देने के बावजूद उसका कर्ज नहीं उतरा। उसके बाद फेसबुक पर रुपये के बदले किडनी डोनेट के बारे में पता



चला। उसने ब्लड ग्रुप लिखने के साथ ही किडनी डोनेट करने की इच्छा जाहिर की। कुछ दिन बाद एक एजेंट ने उससे संपर्क किया। बांग्लादेश में मिलने के बाद उसने पूरी प्रक्रिया बताई। फिर मोहम्मद मुर्तजा अंसारी ने संपर्क किया और चार लाख रुपये उसने देने का वादा किया। गिरोह ही मेडिकल वीजा पर बांग्लादेश से हवाई जहाज से दिल्ली लाया और गुरुग्राम के होटल में उसे रुकवाया गया। फिर उसे जयपुर के फोर्टिस अस्पताल में लेकर गए और वहां पर कुछ टेस्ट करवाए।

सभी रिपोर्ट ठीक आने पर बीते सप्ताह उनकी किडनी निकालकर बांग्लादेश के 66 वर्षीय इस्लाम नुरुल को ट्रांसप्लांट कर दी गई। गिरोह स्वास्थ्य में सुधार के बाद गुरुग्राम के सेक्टर-39 स्थित बबील पैलेस होटल में मंगलवार को दोनों को वापस ले आया। शमीम ने बताया कि उसे एक किडनी देने के लिए बांग्लादेशी मुद्रा में चार लाख रुपये मिले। दो लाख रुपये पहले और दो लाख रुपये ट्रांसप्लांट होने के बाद मिले। उसने रोते हुए कहा कि सिर्फ कर्ज उतारने के लिए उसने किडनी दी। 17 फरवरी को भारत आए कुछ ऐसी ही बातें बांग्लादेश के रूबियल करीम ने बताई। उन्होंने बताया कि अपने 27 वर्षीय बेटे का किडनी ट्रांसप्लांट करवाने के लिए उन्होंने किसी के माध्यम से मोहम्मद मुर्तजा अंसारी से संपर्क किया। दस लाख रुपये में डोनर मिलने के बाद 17 फरवरी को भारत आए। गुरुग्राम में उन्हें रुकवाया गया, फिर जयपुर के फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया। वहां रिपोर्ट ठीक न आने पर उनको गुरुग्राम के होटल में ठहराया गया है।

पुलिस के अनुसार, मोहम्मद मुर्तजा अंसारी की जयपुर के फोर्टिस अस्पताल में गहरी पैठ थी। किडनी डोनर की जरूरत होने पर मरीज को दो से तीन दिन में उपलब्ध करवा देता था। इसके लिए वह दस लाख रुपये लेता, जबकि किडनी डोनेट करने वालों को चार लाख देता था। इसके लिए फर्जी दस्तावेज तैयार कराता था

सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव ने बताया कि ब्लड रिलेशन या फिर किसी दूसरे से किडनी ट्रांसप्लांट करवाने के लिए जिला स्तर पर बनी कमेटी से अनुमति लेना अनिवार्य होता है। कमेटी से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लेने के बाद ही प्रकिया होती है, लेकिन बिना अनुमति लिए अवैध तरीके से ट्रांसप्लांट किया जा रहा था।

गिरोह 30 साल से कम उम्र वाले डोनर को ज्यादा तवज्जो देता था। इसकी वजह यह है कि उनका स्वास्थ्य अन्य लोगों की तुलना में ज्यादा ठीक होता है। छापेमारी के दौरान होटल में जो डोनर मिले, उनकी उम्र 24-25 साल की है, जबकि जिन्हें किडनी की जरूरत थी, उनकी उम्र 32 से लेकर 66 के बीच में है। मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम को राजस्थान की एसीबी से गुरुग्राम के सेक्टर-39 के बबील पैलेस होटल में बांग्लादेशी लोगों के रुके होने की सूचना मिली थी। गुरुवार सुबह सात बजे संयुक्त टीम होटल में छापेमारी के लिए पहुंची। राजस्थान एसीबी मामले में तीन लोगों की गिरफ्तारी कर चुकी है।

पुलिस ने होटल में मिले सभी नौ बांग्लादेशियों के मोबाइल फोन, ट्रांसप्लांट के दस्तावेज और पासपोर्ट जब्त कर ली है। पूछताछ में इन्होंने बताया कि किडनी लेने-देने से जुड़े फेसबुक पर दस से ज्यादा पेज हैं। उन पेजों पर मैसेज करने पर एजेंट संपर्क करता है।

## दिल्ली की तीन लोकेशन, तीन पॉलिथीन बैग में मिले शव के टुकड़े, पुलिस ने कैसे सुलझाई रशियन शख्स की मर्डर मिस्ट्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाहरी दिल्ली में तीन अलग-अलग स्थानों पर पुलिस को पॉलिथीन बैग्स मिले जिसके अंदर शरीर के टुकड़े थे, इस मर्डर मिस्ट्री को सुलझा लिया गया है। तीनों स्थानों से मिले शरीर के अंगों का डीएनए टेस्ट कराया गया। जिससे पता चला कि यह एक ही शख्स के हैं। हालांकि मृतक की पहचान के लिए टेस्ट रिपोर्ट काफी नहीं थी। इसी बीच 28 जनवरी को पुलिस ने 41 साल के गौरव किशोर को गिरफ्तार किया जिसकी मदद से पुलिस मर्डर मिस्ट्री को सुलझा पाई। माना जा रहा है कि सभी बॉडी पार्ट्स एक रशियन आदमी के हो सकते हैं, जो लापता है।

पिछले साल 21 और 22 दिसंबर को दिल्ली पुलिस को राजधानी में तीन लोकेशन से तीन पॉलिथीन बैग जिले। इनमें बिना हाथों वाली बांह, लिंब्स, पुरुष का निचला धड़, और में गर्दन से जुड़ी छाती थी। जनवरी 2024 में डीएनए टेस्ट से पता चला कि ये सभी अंग एक ही व्यक्ति के थे। एक पुलिस अधिकारी ने हिंदुस्तान टाइम्स को बताया, आरोपी ने दावा किया कि पिछले साल 20 दिसंबर को उसने एक रशियन आदमी की हत्या कर दी थी, जिसके साथ वह 2014-2023 तक तिहाड़ जेल में बंद था। उसने कहा कि पीड़ित स्पेशल सेल द्वारा दर्ज नशीले पदार्थों के केस के चलते जेल में था और अवैध तौर पर भारत में रह रहा था। किशोर ने कहा कि एक बार जेल से बाहर आने के बाद, रशियन व्यक्ति जबरन बाहरी दिल्ली के कुंवर सिंह नगर में उसके किराए के घर में उसके साथ रहा।

अधिकारी ने कहा कि किशोर ने कथित तौर पर पुलिस को बताया कि उसने रशियन शख्स की हत्या कर दी क्योंकि वह उसे बहुत परेशान कर रहा था और यह असहनीय था। पुलिस उपायुक्त (बाहरी) जिमी चिरम ने एचटी को बताया कि आरोपी ने 2008 में एक इसी तरह हत्या की थी जिसके लिए उसे दोषी ठहराया गया है।

# कहीं झुलसाती धूप, कहीं झमाझम बारिश... 6 राज्यों में लू के थपेड़े कर देंगे जीना मुश्किल

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
मौसम के तेवर में हर बदलते दिन के साथ बदलाव देखने को मिल रहा है। कभी झुलसाती गर्मी और उमस लोगों को महसूस होती है तो अगले ही पल बादल भी धूप के साथ लुकाछिपी खेलता हुआ दिख जाता है।

अप्रैल महीने की शुरुआत होते ही बढ़ती गर्मी और हीटवेव को लेकर चेतावनी जारी की जा रही है। बार-बार आने वाली गर्मी को लेकर लोगों को बताया जा रहा है कि कैसे वह खुद को बढ़ती गर्मी से बचा सकते हैं।

वहीं शुक्रवार को एक बार फिर दिल्ली-एनसीआर का मौसम सुहावना दिखा। बादलों के साथ तेज हवाओं के कारण सुबह के वक्त खिली हुई धूप नजर नहीं आई। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के असर से शुक्रवार को दिल्ली में तेज हवा के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है। दिल्ली के अलावा अगले 24 घंटों के दौरान, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय और नागालैंड में हल्की से मध्यम बारिश और मणिपुर मिजोरम और




त्रिपुरा में अलग-अलग जगहों पर बारिश संभव है। मौसम विभाग का अनुमान है कि शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दिन भर बादल छाए रह सकते हैं। कुछ इलाकों में तेज झोंकेदार हवा के साथ हल्की वर्षा या बूंदाबांदी होने की संभावना है। अगले तीन दिनों तक हवा की गति 25 से 35 किमी प्रति घंटे तक ही रहने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 36 और 19 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। यूपी में दिन की शुरुआत ही चिलचिलाती धूप से हो रही है। दिन के चढ़ते ही यहां का पारा भी बढ़ने लगता है। प्रदेश के हर शहर में दोपहर बाद पारा 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच रहा है। नतीजा, तीक्ष्ण चिलचिलाती धूप ने सड़कों पर भीड़ कुछ देर के लिए कम कर दे रही है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को आंशिक बादल छाए रहने का आसार जताया है।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटों के दौरान कई राज्यों में बारिश हो सकती है। सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय और नागालैंड में हल्की से मध्यम बारिश और मणिपुर मिजोरम और त्रिपुरा में अलग-अलग जगहों पर बारिश संभव है। पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हो सकती है। केरल में भी हल्की बारिश की संभवाना है। वहीं, उत्तर-पश्चिमी और पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।आइएमडी आईएमडी ने अलर्ट जारी करते हुए कहा कि उत्तरी आंतरिक कर्नाटक, ओडिशा, गंगीय पश्चिम बंगाल, झारखंड, रायलसीमा और तटीय आंध्र प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में लू की स्थिति संभव है।

## कर्नाटक हाईकोर्ट में भरेंगे जजों के खाली पड़े पद, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने की पांच नामों की सिफारिश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने केंद्र से कर्नाटक हाईकोर्ट के पांच अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की है। कॉलेजियम में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस बीआर गवई भी शामिल हैं।

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के तीन अप्रैल के प्रस्ताव के अनुसार, हाईकोर्ट कॉलेजियम ने 20 जनवरी को सर्वसम्मति से सिफारिश की थी कि पांच अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया जाए और अतिरिक्त न्यायाधीश बसवराज का कार्यकाल एक वर्ष की अतिरिक्त अवधि के लिए बढ़ाया जाए।

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने अपनी वेबसाइट पर अपलोड किए गए प्रस्ताव में उल्लेख किया, ''कर्नाटक राज्य के मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने उपरोक्त सिफारिश पर अपनी सहमति व्यक्त की है।''

इसने कहा, ''मामले के सभी पहलुओं पर विचार करने और उपरोक्त प्रस्ताव पर समग्र विचार करने के बाद, कॉलेजियम का विचार है कि जस्टिस चेप्पुडिरा मोनप्पा पूनाचा, जस्टिस अनिल भीमसेन कट्टी, जस्टिस चंद्रशेखर मृत्युंजय जोशी, जस्टिस उमेश मंजूनाथभट अडिगा और जस्टिस तलकाड गिरिगौड़ा शिवशंकर गौड़ा स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए उपयुक्त एवं योग्य हैं।''

प्रस्ताव में कहा गया कि जहां तक जस्टिस बसवराज का संबंध है, तो सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम, हाईकोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश से पूरी तरह सहमत है और उसका मानना है कि वह एक वर्ष के नए कार्यकाल के लिए अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त होने के योग्य हैं। इसने कहा कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के प्रस्ताव पर दो सदस्यों ने हस्ताक्षर किए हैं क्योंकि जस्टिस गवई यात्रा पर हैं।

## खुली अलमारी में लाश, बिखरा सामान; लिवइन पार्टनर फरार, दिल्ली के डाबड़ी में लड़की का मर्डर

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के डाबड़ी इलाके में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। लिव इन में रह रहे एक शख्स ने प्रेमिका की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद अलमारी में शव छिपाकर फरार हो गया। युवती की पहचान 26 वर्षीय रुखसार राजपूत के रूप में हुई है। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि बुधवार रात करीब 10.40 बजे डाबड़ी थाना पुलिस को गली नंबर-10, राजपुरी में एक युवती की हत्या की सूचना मिली थी। इसके बाद टीम घटनास्थल पर पहुंची। खुली अलमारी के अंदर शव रखा मिला।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। क्राइम और एफएसएल की टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए। मेरठ निवासी मुस्तकीम ने बताया कि उनकी बेटी गुजरात के सूरत में काम करती थी। उसके साथ वहां विपल टेलर नाम का एक शख्स भी काम करता था। दोनों के बीच दोस्ती हो गई और करीब डेढ़ माह पहले गुजरात से दिल्ली आकर लिव इन में रहने लगे। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी रुखसार ने इस बारे में उन्हें फोन पर बताया था।

पिता ने बताया कि बुधवार सुबह उनकी बेटी ने उन्हें फोन किया था। वह रो रही थी और विपल के साथ रहने के फैसले पर अफसोस जता रही थी। उन्होंने बताया कि बेटी ने उन्हें विपल द्वारा मारपीट करने की बात बताई थी। बुधवार शाम से ही रुखसार का फोन बंद हो गया था। इसके बाद उन्हें शक होने लगा और वह अपने भाई के साथ दिल्ली आ गए। यहां उन्होंने फ्लैट का गेट तोड़कर अंदर देखा तो उनकी बेटी का शव अलमारी में रखा था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक जांच से लग रहा है कि विपल और रुखसार के बीच झगड़ा हुआ था, क्योंकि फ्लैट में सारा सामान बिखरा पड़ा था। रुखसार के शरीर पर 15-16 चोट के निशान मिले हैं। चेहरे पर लगातार वार किए गए हैं। आरोपी ने गला दबाकर वारदात को अंजाम दिया।

# यमुना एक्सप्रेसवे से जल्द जुड़ेगा नोएडा एयरपोर्ट, दिल्ली-एनसीआर के पैसेंजर्स को होगा फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
यमुना एक्सप्रेसवे को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल से जोड़ने वाली 750 मीटर लंबी सड़क लगभग पूरी होने वाली है। यमुना एक्सप्रेसवे पर जीरो प्वाइंटर से 40 किलोमीटर लंबे सर्विस रोड का कार्य इसी माह के अंत तक पूरा हो जाएगा। इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी। एयरपोर्ट से सितंबर में उड़ान प्रस्तावित हैं।

यमुना विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि सर्विस रोड का निर्माण कार्य लंबे समय से चल रहा है। यह सर्विस रोड 40 किलोमीटर लंबी और 60 मीटर चौड़ी है। इसे भविष्य में 100 मीटर तक चौड़ा किए जाने की भी संभावना है। पिछले एक माह में नौ किलोमीटर तक सर्विस मार्ग का निर्माण किया गया। सर्विस मार्ग पर 32 स्थान ऐसे




चिह्नित किए गए थे, जहां टुकड़ों में सड़क का काम अधूरा था। टीम ने 18 स्थानों से अवैध निर्माण हटवाकर वहां सड़क बनवाई। 12 शेष प्वाइंट पर निर्माण कार्य तेजी से होने का दावा है। इस सर्विस रोड के बनने से यमुना एक्सप्रेसवे पर भी यातायात का दबाव कम हो जाएगा। एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल तक मालवाहक वाहनों से ढुलाई के लिए उत्तर पूर्वी दिशा में सड़क बननी है। यमुना एक्सप्रेसवे से कार्गो टर्मिनल तक बनने वाली इस सड़क की कुल लंबाई 10 किलोमीटर होगी। इसके लिए चार गांवों रोही, पारोही, रन्हेरा और दस्तमपुर की कुल 7.4880 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित की जा रही है। यमुना एक्सप्रेसवे पर जीरो प्वाइंट से 32 किलोमीटर पर इंटरचेंज और 750 मीटर लंबी सड़क का निर्माण हो रहा है। इसकी जिम्मेदारी एनएचएआई के पास है। सड़क का निर्माण पूरा होने वाला है। एक्सप्रेसवे पर 32 किलोमीटर पर इंटरचेंज बन जाने से दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और आगरा की तरफ से आने वाले यात्री बिना किसी रुकावट के सीधे एयरपोर्ट पहुंच जाएंगे। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए हरियाणा के बल्लभगढ़ से नोएडा एयरपोर्ट तक बन रही सड़क इंटरचेंज के जरिए यमुना एक्सप्रेसवे से कनेक्ट होगी।

### केरल के कन्नूर में ब्लास्ट, दो लोग घायल

**कन्नूर (केरल)।** केरल के कन्नूर में पनुर इलाके में शुक्रवार को हुए धमाके में दो युवक घायल हो गए। यह घटना रात 1 बजे के करीब हुई। पनुर थाने के एक अधकिारी ने बताया कि धमाके में दो आदमी घायल हुए है। इस मामले में जांच की जा रही है कि यह कैसे हुआ। वहीं, इस बारे में और जानकारी देने से पुलिस ने मना कर दिया। पुलिस अधकिारी ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दोनों का इलाज जारी है।

### चुनाव आयोग का आतिशी को नोटिस

**नई दिल्ली।** भाजपा की शिकायत पर चुनाव आयोग ने दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी को नोटिस भेजा है। उन्हें सोमवार तक जवाब देने को कहा गया है। आतिशी ने आरोप लगाया था कि उनके एक नजदीकी के माध्यम से भाजपा में शामिल नहीं होने पर गिरफ्तार करने की चेतावनी दी गई थी। भाजपा नेता ओम पाठक ने इसकी शिकायत चुनाव आयोग से की थी।

आरएनआई रजिस्ट्रेशन : जेएचएचआईएन/2007/24306, समाचार पत्र के स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक सुमन कुमार द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,काठीटांड़,नियर टेंडर बगीचा,रातू,रांची(झारखंड)-835222 से मुद्रित एवं एच. आई.- 67,हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची (झारखंड)- 834002 से प्रकाशित,संपादकः सुमन कुमार। संपर्क नं. 9470578773,संपर्क नं. (का.) 0651-7960613,फैक्स नं. 0651- 7960613, ईमेलः purvanchalsurya@yahoo.co.in / purvanchalsurya0@gmail.com लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय से संबंधित सभी मामले रांची से ही निबटाये जाएंगे। ( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)